**
# वॉयस ऑफ लखनऊ
सच, सिर्फ सच
मंगलवार, 22 अक्टूबर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 287, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## निवेशकों की निकासी से 73 अंक गिरा सेंसेक्स

शेयर बाजार मानक सूचकांक सेंसेक्स शुरुआती तेजी को बरकरार नहीं रख पाये और 73 .48 अंक की गिरावट के साथ 81,151 .27 अंक पर बंद हुआ। } 14

## व्यर्थ नहीं जायेगा पुलिसकर्मियों का बलिदान : अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश ने जम्मू कश्मीर, पूर्वोत्तर व नक्सली इलाकों में अपेक्षाकृत शांति स्थापित कर ली है लेकिन आतंकवाद, घुसपैठ और धार्मिक तनाव पैदा करने की साजिश के खिलाफ जंग जारी रहेगी। } 16

### संक्षेप

## सरकारी कर्मियों को दिवाली से पहले मिलेगी सैलरी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी के सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ा तोहफा दिया है। अक्टूबर महीने की सेलरी दिवाली से पहले ही मिल जाएगी। इस बाबत मुख्य सचिव दीपक कुमार ने सोमवार को आदेश जारी कर दिया। आदेश के अनुसार 30 अक्टूबर तक हर कर्मचारी के खाते में इस महीने की सेलरी आ जाएगी। ऐसे में कर्मचारियों को दिवाली की खुशियां अपनों के साथ बांटने में मदद मिलेगी। मुख्य सचिव की तरफ से जारी आदेश के अनुसार 31 अक्टूबर 2024 को दीपावली, 2 नवम्बर को गोवर्धन पूजा और 3 नवम्बर को भाई दूज व चित्र गुप्त जयन्ती के त्योहार का सार्वजतिक अवकाश है।

## चांदी में 5,000 रुपये की जोरदार उछाल



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 750 रुपये की तेजी के साथ 80,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। वहीं चांदी की कीमत 5,000 रुपये के जबर्दस्त उछाल के साथ सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। चांदी की कीमतों में लगातार चौथे दिन बढ़त जारी रही और यह 5,000 रुपये के उछाल के साथ 99,500 रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। शुक्रवार को चांदी की कीमत 94,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थीं। जिंस बाजार के विशेषज्ञों के अनुसार, चांदी बाजार में जारी तेजी का मुख्य कारण औद्योगिक मांग और सोने में आई तेजी है।

(विस्तृत खबर भीतर)

## थाना प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मी निलंबित

कानपुर। कानपुर में चोरी किए जेवरात बरामद किए जाने के बाद उन्हें पिघलाकर जौहरी को बेचने के आरोप में एक थाना प्रभारी और प्रशिक्षु दरोगा समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) हरीश चंदर ने बताया कि बर्रा थाना क्षेत्र में एक अक्टूबर को अध्यापिका शालिनी दुबे के घर में घुसे चोरों ने सोने के आभूषण समेत कीमती सामान पर हाथ साफ कर लिया जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले ही कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि अध्यापिका के घर में चोरी के मामले में उन्हें रेल बाजार थाने की पुलिस ने हिरासत में लिया था।



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- नैनी में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर बनेगा (पृष्ठ-02)
- रहिलिया सूर्य मंदिर व कीरत सागर झील का होगा विकास (पृष्ठ-02)
- विमानों के डिजाइन व विनिर्माण पर करेंगे काम (पृष्ठ-14)
- आधार ने लोगों को सरकारी लाभ पाने में मदद की (पृष्ठ-14)
- पीएलआई योजना से 95,000 करोड़ निवेश की उम्मीद (पृष्ठ-14)


## गैर-मान्यता प्राप्त मदरसा छात्रों के संदर्भ में एनसीपीसीआर की सिफारिश पर रोक

एजेंसी



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बाल अधिकार निकाय राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की उस सिफारिश पर रोक लगा दी है जिसमें राज्यों से गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों के छात्रों को सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया है। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मुस्लिम संगठन जमियत उलेमा-ए-हिंद की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता की दलीलों पर गौर किया कि एनसीपीसीआर की सिफारिश और कुछ राज्यों की ओर से इसके परिणामस्वरूप की गई कार्वाई पर रोक लगाने की आवश्यकता है। संगठन ने उत्तर प्रदेश और त्रिपुरा सरकारों के उस निर्देश को चुनौती दी है जिसमें कहा गया है कि गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों के छात्रों को सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित कर दिया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने आदेश दिया कि इस वर्ष सात जून और 25 जून को जारी एनसीपीसीआर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## लद्दाख को लेकर भारत-चीन के बीच समझौता

### फिर जारी होगी गश्त, दोनों देशों के बीच चार वर्षों से जारी सैन्य गतिरोध के समाधान की दिशा में बड़ी सफलता

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत ने सोमवार को घोषणा की कि भारतीय और चीनी वार्ताकार पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त के लिए एक समझौते पर सहमत हुए हैं। इस समझौते को रूस में इस हफ्ते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच संभावित मुलाकात से पहले पूर्वी लद्दाख में चार वर्षों से अधिक समय से जारी सैन्य गतिरोध के समाधान की दिशा में एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच पिछले कई हफ्तों तक हुई बातचीत के बाद इस समझौते को अंतिम रूप दिया गया और यह 2020 में पैदा हुए गतिरोध के समाधान का मार्ग प्रशस्त करेगा।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि भारतीय और चीनी सैनिक एक बार फिर उसी तरह से गश्त शुरू कर सकेंगे, जैसे वे सीमा पर टकराव शुरू होने से पहले करते थे और चीन के साथ सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी हो गई है। मोदी और चिनफिंग के रूस के काजान शहर में बिक्स शिखर सम्मेलन के इतर मंगलवार या बुधवार को द्विपक्षीय मुलाकात करने की संभावना है। समझा जाता है कि यह समझौता देपसांग और डेमचोक में गश्त की शुरुआत करेगा, क्योंकि दोनों इलाकों में कई मुद्दों को लेकर गतिरोध बरकरार था। मिस्त्री ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, भारत और चीन के राजनयिक एवं सैन्य वार्ताकार पिछले कई हफ्तों से विभिन्न मंचों पर एक-दूसरे के करीबी संपर्क में रहे हैं। उन्होंने कहा इन चर्चाओं के परिणामस्वरूप, भारत-चीन सीमावर्ती क्षेत्रों में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्त व्यवस्था पर सहमति बनी है, जिससे 2020 में इन क्षेत्रों में उत्पन्न हुए गतिरोध का समाधान और सैनिकों की वापसी संभव हो सकेगी।

मिस्त्री ने कहा हम इस संबंध में आगे के कदम उठाएंगे। एक सम्मेलन के एक सत्र में जयशंकर ने समझौते को अंतिम रूप दिए जाने को एक सकारात्मक घटनाक्रम करार दिया। उन्होंने कहा हम गश्त के साथ सैन्य वापसी पर एक समझौते पर सहमत हुए, जिसके तहत 2020 की स्थिति बहाल हो गई। हम कह सकते हैं कि चीन के साथ सैन्य वापसी की प्रक्रिया ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सीएम योगी ने पुलिसकर्मियों को दिया तोहफा

### मुख्यमंत्री ने 115 शहीद कार्मिकों के आश्रितों को दी 36.20 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर वर्दी भत्ते में 70 प्रतिशत की वृद्धि, बैरक में रहने वाले आरक्षियों के पुलिस अकोमोडेशन अलाउंस में 25 प्रतिशत की वृद्धि और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खेलकूद में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, आहार समेत अन्य मदों के लिए अगले वित्तीय वर्ष के बजट में 10 करोड़ रुपये बढ़ाने की घोषणा की। इन घोषणाओं पर प्रदेश सरकार 115 करोड़ रुपये का खर्च वहन करेगी।

सीएम योगी ने बहु मंजिल आवास और प्रशासनिक भवन के रखरखाव के लिए 1,380 करोड़ रुपए के कॉरपस फंड की घोषणा की। वहीं अंतरराष्ट्रीय आयोजन में पुलिस बल पर आने वाले खर्च पर प्रस्तावित शुल्क लगाने की स्वीकृति की, जो पुलिस महानिदेशक के अधीन रहेगा। साथ ही इसका सम्मान प्रस्तावित कॉरपस नियमावली के तहत किया जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दिवगंत शहीद पुलिस कर्मियों को याद किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कर्तव्यों का पालन करते हुए शहीद पुलिस कर्मी, केंद्रीय अर्ध सैनिक बलों तथा भारतीय सेवा में कार्यरत उत्तर प्रदेश के 115 शहीद कार्मिकों के आश्रितों को 36 करोड़ 20 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की गयी है।



रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर सलामी लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

वहीं जिलों में तैनात पुलिस कर्मियों की सुख सुविधा के लिए 3 करोड़ 50 लाख, कल्याण के लिए 4 करोड़, कार्यरत, सेवानिवृत पुलिसकर्मी एवं उनके आश्रितों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति संबंधी 2,66 दावों के निस्तारण के लिए 30 लाख 56,000 रुपए की राशि दी गयी। इसी तरह पांच लाख से अधिक चिकित्सा प्रतिपूर्ति संबंधी 3,12 प्रकरण के लिए 12 करोड़ 60 लाख, 135 पुलिस कर्मियों और उनके आश्रितों की गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए अग्रिम ऋण के रूप में 5 करोड़ 5 लाख, जीवन बीमा योजना के तहत 3,06 मृतक पुलिस कार्मिकों के आश्रितों की सहायता के लिए 9 करोड़ 8 लाख रुपए, पुलिस कर्मियों और उनके आश्रितों द्वारा कराए गए कैशलेस उपचार के तहत 31 लाख 16 हजार रुपए, पुलिस कार्मिकों के 205 मेधावी छात्रों को शिक्षा निधि के माध्यम से 53 लाख 30,000 रुपये की छात्रवृत्ति का भुगतान किया गया।

सीएम योगी ने कहा कि गणतंत्र और स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रपति द्वारा विशिष्ट सेवाओं के लिए चार तथा दीर्घ-सराहनीय सेवाओं के लिए 110 अधिकारियों और कर्मचारियों को पुलिस पदक का प्रदान किये गये। गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 1,013 पुलिस कार्मिकों को अति उत्कृष्ट सेवा पदक तथा 729 कार्मिकों को उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। वहीं तीन राजपत्रित अधिकारियों संग कर्मचारियों को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पुलिस पदक प्रदान किया गया। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा मानदेय और राजपत्रित पुलिस कार्मिकों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह, 455 पुलिस कर्मियों को सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह प्रदान किया गया। पुलिस कार्मिकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश का प्रशंसा चिन्ह डीजी कमेंडेशन डिस्क 29 प्लेटिनम, 51 गोल्ड और 783 सिल्वर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## दिल्ली के रोहिणी में बम विस्फोट

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने राजधानी के उन विभिन्न बाजारों में सुरक्षा बढ़ा दी है जहां त्योहारी मौसम में खरीदारों की भीड़ रहती है। रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में सीआरपीएफ स्कूल के सामने हुए विस्फोट की घटना के बाद पुलिस ने रेलवे और मेट्रो के कर्मचारियों को अलर्ट रहने के लिए कहा है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

प्रशांत विहार में रविवार सुबह जोरदार विस्फोट से सीआरपीएफ स्कूल की दीवार में दरार आ गई। इस विस्फोट के कारण कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन आस-पास की दुकानों के होर्डिंग्स और घटनास्थल के पास खड़े वाहनों की खिड़कियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा हमने अपने कर्मचारियों से हर एक रेलवे और मेट्रो स्टेशन पर कड़ी निगरानी रखने के लिए कहा है। किसी तरह की संदिग्ध गतिविधियों की जांच के लिए अतिरिक्त बल की तैनाती की जाएगी। अधिकारी ने कहा कि रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और अन्य हितधारकों के संयुक्त गश्ती ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बहराइच हिंसा : अब हटाये गये एएसपी पवित्र मोहन

विशेष संवाददाता

**❍ डीजीपी कार्यालय से किये गये अटैच**

लखनऊ। बहराइच हिंसा मामले में कार्रवाई करते हुए शासन ने सोमवार को एएसपी ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी को हटाकर डीजीपी कार्यालय से अटैच कर दिया है। उनकी जगह प्रयागराज महाकुंभ में तैनात एएसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी को एएसपी ग्रामीण के पद पर भेजा गया है। इससे पहले महाराजगंज बवाल मामले में छह अफसरों पर कार्रवाई हुई थी। एक दिन पहले ही सीएम योगी बवाल की रिपोर्ट सौंपी गई थी। इस एक्शन को उसी रिपोर्ट के आधार पर माना जा रहा है। माना जा रहा है कि अभी कई दोषी अफसरों को हटाया जाएगा। सोमवार को ही सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने हिंसा को लेकर सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा था कि जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली सरकार ने इतनी बड़ी हिंसा के बाद एसएचओ, सीओ और कुछ सिपाहियों को ही हटाया है। क्या यह पर्याप्त कार्रवाई है? 13 अक्तूबर को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान हरदी थाने के महराजगंज में हुए बवाल में अराजकतत्वों ने रामगांव थाने के रेहुवा मंसूर निवासी 22 वर्षीय राम गोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस दौरान आगजनी और तोड़फोड़ भी हुई थी। एसपी वृंदा शुक्ला ने तब हरदी एसएचओ सुरेश वर्मा, महसी चौकी प्रभारी अशोक कुमार को निलंबित किया था। इसके बाद सीओ महसी रूपेंद्र गौड़ को निलंबित किया गया।

## बुलंदशहर में सिलेंडर फटने से पांच की मौत

लखनऊ। बुलंद शहर के मोहल्ला आशापुरी स्थित एक मकान में गैस सिलेंडर फटने से सोमवार को मकान जमींदोज हो गया। धमाके से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। मौके पर आसपास के सैकड़ों लोग जमा हो गये। आशंका जतायी जा रही है कि मकान में हादसे के समय करीब 15 लोग मौजूद थे।

सूचना पर पुलिस प्रशासन के अफसर आनन-फानन में मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य में तेजी के साथ शुरू करायी। बचाव कार्य के दौरान कुछ लोगों को छत के नीचे से निकालकर अस्पताल भिजवाया। हालांकि कोई हताहत होने की पुष्टि नहीं हुई है। मोहल्ला आशापुरी निवासी रियाजुद्दीन सेंटरिंग का कार्य करता है। बताया जाता है कि सोमवार देर शाम करीब आठ बजे मकान में रखा सिलेंडर अचानक फट गया। सिलेंडर फटने से चारों ...शेष पृष्ठ 14 पर

## वैश्विक उथल-पुथल के बीच भारत उम्मीद की किरण

### तीसरे कार्यकाल में अभूतपूर्व गति और पैमाने पर काम कर रही भाजपा : मोदी

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों ने स्थिरता की उस अभिव्यक्ति को और मजबूत किया है, जिसे केंद्र में उनके नेतृत्व वाली सरकार को लगातार तीसरी बार मौका देकर जनता ने व्यक्त किया था। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनावों की घोषणा हो चुकी है और राजनीतिक दल अपने प्रचार अभियान को धार देने में जुटे हुए हैं।

एक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि उनकी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में अभूतपूर्व गति और पैमाने पर काम कर रही है और दुनिया में जारी संघर्षों व उथल-पुथल के बीच भारत उम्मीद की एक किरण बना है। भारत को एक उभरती शक्ति बताते हुए उन्होंने यह भी कहा कि भारत के पास एस्पिरेशनल इंडिया (एआई यानी आकांक्षी भारत) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई यानी कृत्रिम बुद्धमत्ता) के दोहरे एआई का लाभ है और जब दोनों की ताकत मिलती है तब विकास की गति भी तेज होना स्वाभाविक है। मोदी ने कहा कि भारत संकट के समय का साथी है और कोविड महामारी के दौरान भेजे गए जीवनरक्षक टीके इसका उदाहरण हैं।

उन्होंने कहा आज जब चर्चा का केंद्र चिंता ही है, तब भारत में चर्चा का विषय है भारत की शताब्दी। दुनिया में मची उथल-पुथल के बीच भारत उम्मीद की एक किरण बना है। जब दुनिया चिंता में डूबी है, तब भारत आशा का संचार कर रहा है। मोदी ने कहा कि हालांकि चुनौतियां भारत के सामने भी हैं लेकिन इसमें सकारात्मकता की एक भावना है और जिसे सभी भारतवासी महसूस भी करते हैं। उन्होंने कहा भारत इतिहास में वैश्विक विकास की ताकत रहा है, लेकिन भारत ने गुलामी भी देखी और औद्योगिक ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** — ब्रिटेन के पूर्व पीएम डेविड कैमरुन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों को सराहा

# भविष्य के लिए प्रधानमंत्री मोदी के पास स्पष्ट योजना

एजेंसी

नयी दिल्ली। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरुन ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास प्रौद्योगिकी तथा भारत के भविष्य को लेकर स्पष्ट योजना है और उनका तीसरा कार्यकाल यह दर्शाता है कि वह लगातार वास्तविक परिवर्तन लाने में सक्षम हैं।

एक समिट में कैमरुन ने कहा कि आर्थिक विकास को गति देने, बुनियादी ढांचे में सुधार और देश के भविष्य के लिए एक स्पष्ट योजना का होना बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा जब आप राजनीति में होते हैं कि तो सब की निगाहें आप पर टिकी रहती हैं। अगर आपके पास इस बारे में कोई स्पष्ट योजना नहीं है कि आप क्या करना चाहते हैं, तो आप लगातार अल्पकालिक समस्याओं और कठिनाइयों से विचलित होते रहते हैं। इससे पहले शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का अपना दृष्टिकोण साझा किया और अपने तीसरे कार्यकाल के पहले 125 दिन के दौरान अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। कैमरुन ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के भाषण को सुनकर अच्छा लगा। अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में जोश के उसी स्तर को बनाए रखना




वास्तव में प्रभावित करने वाला है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन में टोनी ब्लेयर और मार्गरेट थैचर के बाद से कोई भी प्रधानमंत्री तीन कार्यकाल तक नहीं रहा है। उन्होंने कहा यह बहुत प्रभावित करने वाला है क्योंकि इसका मतलब है कि आपमें वास्तविक बदलाव लाने, बेहतर तरीके से वास्तविक चीजों को अंजाम देने की क्षमता है, जो हम भारत में होते हुए देख रहे हैं। कैमरुन ने कहा कि लोकतंत्र में सबको अपनी बात रखने का अधिकार है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नेताओं के पास भविष्य के लिए स्पष्ट योजना होनी चाहिए। कैमरुन ने कहा आपके पास जितनी अधिक योजना होगी, शोर कम होते ही आप उतनी ही जल्दी उस पर वापस आ सकेंगे।

समिट के दौरान कैमरुन ने यह भी कहा कि भारत की इतनी साख है कि वह यूक्रेन एवं रूस के बीच मौजूदा संघर्ष में मध्यस्थ की भूमिका निभा सकता है। इससे एक दिन पहले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकासशील देशों के संगठन ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए रूस रवाना हुए। ब्रिक्स के घटक राष्ट्र ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका हैं। कैमरुन ने कहा भारत की इतनी साख है कि वह यूक्रेन युद्ध में मध्यस्थ की भूमिका निभा सकता है। उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात के लिए मोदी की हालिया यूक्रेन यात्रा का जिक्र किया। कैमरुन ने कहा कि इस संघर्ष को समाप्त करने के लिए जो भी भूमिका निभाई जाएगी, उसका स्वागत किया जाएगा।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में आठ की मौत, आठ घायल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। आगरा, बाराबंकी और मथुरा में हुए सड़क हादसों में आठ लोगों की मौत हो गई जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

आगरा के डौकी थानाक्षेत्र में सोमवार सुबह लखनऊ एक्सप्रेस वे पर बिसारना गांव के पास एक बस टायर पंक चर होने की वजह से पलट गई जिससे चार यात्री गंभीर रूप से घायल हो गये। कई यात्री बस के शीशे तोड़कर बाहर निकले। आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने भी यात्रियों को बस से बाहर निकलने में मदद की।

थाना प्रभारी जयनारायण सिंह ने बताया कि इस हादसे में कुन्दन पांडे (लखनऊ निवासी), मोहम्मद अहमद (अयोध्या निवासी), रजनीश (आगरा निवासी) और मोहम्मद मुजाहिद (फैजाबाद निवासी) घायल हो गये जिन्हें फतेहाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। सभी घायल खतरे से बाहर हैं। यह बस दिल्ली से लखनऊ की ओर जा रही थी। बस में लगभग 50 लोग सवार थे। वहीं आगरा एक्सप्रेस-वे पर एक कार खड़े में घुस गयी जिसके चलते तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हो गये। मथुरा में सोमवार तड़के यमुना एक्सप्रेसवे पर एक कार के अन्य वाहन से टकरा जाने के कारण तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना में 48,000 कारीगर परिवार चिन्हित

## मंत्री राकेश सचान ने किया माटीकला मेले का उद्घाटन, विभिन्न जिलों के शिल्पकारों की कलाकृतियों का किया जा रहा है प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** खादी एवं ग्रामोद्योग, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम निर्यात प्रोत्साहन, रेशम उद्योग और वस्त्र उद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि योगी सरकार माटीकला कारीगरों और उनके उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्यरत है।

- **दीपावली पर 30 अक्टूबर तक चलेगा 10 दिवसीय माटीकला मेला**
- **13,607 विद्युत चालित चाक वितरित, 2024-25 में 2,325 चाक और 375 पगमिल का लक्ष्य**
- **6 कॉमन फैसिलिटी सेंटर की स्थापना से माटीकला उद्योग को सुदृढ़ बनाने का प्रयास**
- **880 लाभार्थियों को बैंक ऋण के माध्यम से औद्योगिक इकाइयों की की गई स्थापना**

मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के तहत अब तक प्रदेश में 48,000 माटीकला कारीगर परिवारों को चिन्हित किया गया है। इसके तहत 13,607 विद्युत चालित चाक का वितरण किया जा चुका है और वर्ष 2024-25 के लिए 2,325 विद्युत चालित चाक और 375 पगमिल के वितरण का लक्ष्य है।

सचान सोमवार को माटी कला मेले का उद्घाटन कर रहे थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया, इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने माटीकला उत्पादों की भव्य प्रदर्शनी का अवलोकन किया। शिल्पकारों द्वारा मिट्टी से निर्मित उत्कृष्ट कलाकृतियों और माटीकला उद्योग के कियात्मक प्रदर्शन ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के 8 तिलक मार्ग, लखनऊ परिसर में दीपावली के शुभ अवसर पर 30 अक्टूबर तक 10 दिवसीय माटीकला मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए शिल्पकार मिट्टी से निर्मित अपनी उत्कृष्ट कलाकृतियों को 50 स्टॉलों के माध्यम से प्रदर्शित करेंगे। मंत्री ने बताया कि माटीकला कारीगरों को प्रोत्साहित करने के लिए 603 जोड़ी लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों की डाई, 31 पेंटिंग



मशीन और 81 दीया मेकिंग मशीन भी वितरित की गई हैं। इसके अतिरिक्त, प्रदेश में 6 कॉमन फैसिलिटी सेंटर (पीलीभीत, रामपुर, कन्नौज, अमरोहा, फिरोजाबाद और बाराबंकी) की स्थापना की जा चुकी है, जो माटीकला उद्योग को सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होंगे।

माटीकला उद्योग को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के अंतर्गत पिछले 4 वर्षों में 880 लाभार्थियों को बैंक ऋण स्वीकृत कराकर औद्योगिक इकाइयों की स्थापना कराई गई है। इस वर्ष 300 नई इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। सरकार ने माटीकला कारीगरों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शुरू किए हैं, जिसके तहत पिछले 5 वर्षों में 13,583 कारीगरों को 3 दिवसीय आधुनिक उपकरण संचालन का प्रशिक्षण दिया गया है, 880 कारीगरों को 7 दिवसीय उद्योग संचालन का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया है, और 5,286 कारीगरों को 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। मंत्री ने यह भी बताया कि इस वर्ष दीपावली के अवसर पर लखनऊ के साथ ही कानपुर, झांसी, और वाराणसी में भी 7 दिवसीय भव्य माटीकला मेले का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रदेश के 71 अन्य जिलों में 3 दिवसीय लघु माटीकला मेले का आयोजन भी किया जा रहा है, जिससे शिल्पकारों को व्यापक मंच मिलेगा। मंत्री ने जनता से अपील की कि दीपावली के शुभ अवसर पर इस प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में आएं और शिल्पकारों द्वारा निर्मित कलात्मक उत्पादों की खरीदारी करें, ताकि शिल्पकारों को प्रोत्साहन मिले और उनके उत्पादों को व्यापक पहचान मिल सके।

मंत्री राकेश सचान ने 5 लाभार्थियों को विद्युत चालित चाक वितरण किया जिसमें सरोजिनी नगर के प्रभाकर, जहांनाबाद की रामवती, काठवाड़ा के गोकरन, डडौली की मनीषा प्रजापति और लखनऊ कैंटोनमेंट के सुधीश चन्द्र शामिल रहे। महाप्रबंधक डॉ. उज्ज्वल कुमार ने बताया कि माटीकला मेले में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये शिल्पकार अपनी कलात्मक कृतियों का प्रदर्शन कर रहे हैं। मेले में 50 स्टॉल लगाए गए हैं, जिन पर विभिन्न प्रकार की माटीकला से जुड़ी वस्तुएं उपलब्ध हैं। लखनऊ के सिरेमिक्स, आजमगढ़ की ब्लैक पॉटरी, गोरखपुर का टेराकोटा, कानपुर के मिट्टी के बर्तन, खुर्जा के चीनी मिट्टी से बने उत्पाद और अन्य सजावटी सामान जैसे डिजाइनर दीये यहां उपलब्ध हैं। इस वर्ष प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण माटीकला बोर्ड द्वारा वितरित डाई से निर्मित लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां हैं। मेले में भाग लेने वाले कारीगरों को स्टॉल निःशुल्क आवंटित किए गए हैं, जिससे वे अपने उत्पादों को बिना किसी वित्तीय दबाव के प्रदर्शित कर सकें और अधिकतम लाभ कमा सकें। उन्होंने बताया कि माटीकला कारीगरों के प्रोत्साहन के लिए प्रदेश सरकार ने मंडल स्तर पर 270 और राज्य स्तर पर 15 कारीगरों को पिछले 5 वर्षों में पुरस्कृत किया है। इस वर्ष भी उत्कृष्ट कारीगरों को उनकी कलाकृतियों के लिए पुरस्कृत किया जायेगा।

## महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार संकल्पबद्ध : केशव

**लखनऊ।** पूर्व विधायक स्व उपेन्द्र तिवारी की पुण्यस्मृति के अवसर पर अपने शाहाबाद, हरदोई आगमन के दौरान सोमवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने बड़ा मैदान में विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उनके द्वारा दिव्यांगों को ट्राईसाईकिल वितरित की गयी। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की आर्थिक गतिविधियों की सराहना की। जिला कार्यक्रम विभाग के स्टॉल पर उन्होंने अन्नप्राशन व गोद भराई संस्कार कराया। अपने सम्बोधन के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक आवासहीन पात्र व्यक्ति को आवास उपलब्ध करा रही है। महिला सशक्तिकरण के लिए विभिन्न प्रभावी कदम उठाये गए हैं। उप मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को टूलकिट व प्रमाणपत्र प्रदान किये। उनके द्वारा बटन दबाकर विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया गया। राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा रजनी तिवारी ने पूर्व विधायक स्व. उपेन्द्र तिवारी के योगदान को याद किया तथा कहा कि सरकार की योजनाओं में का लाभ हर पात्र व्यक्ति को दिया जा रहा है। इस अवसर पर राज्यमंत्री, स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल, प्रभारी मंत्री असीम अरुण आदि मौजूद रहे।

# यूपी में फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने का कार्य जल्द होगा शुरू : सूर्य प्रताप शाही

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** केंद्रीय राज्य मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण, भारत सरकार रामनाथ ठाकुर की अध्यक्षता में सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री, कृषि राज्य मंत्री और प्रमुख सचिव (कृषि) की उपस्थिति में केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कृषि

- **केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में कृषि के विकास पर दिया गया जोर**

विभाग, उत्तर प्रदेश के विभिन्न कार्यों और योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री ने राज्य में चल रही कृषि योजनाओं का विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत किया और किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने का कार्य एक सप्ताह में शुरू किया जाएगा, जिससे किसानों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। प्रमुख सचिव (कृषि) ने बताया कि उत्तर प्रदेश खाद्यान्न उत्पादन में देश में अग्रणी है, लेकिन



उत्पादकता में वृद्धि के लिए कृषि में निवेश की आवश्यकता है। उन्होंने दलहनी और तिलहनी फसलों के क्षेत्र को बढ़ाने के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि किसान रजिस्ट्री तैयार करने का अभियान शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। इसके साथ ही, उत्तर प्रदेश में वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य के तहत उत्पादन वृद्धि की रणनीति पर कार्य किया जा रहा है।

प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने मिट्टी की जांच और मृदा स्वास्थ्य के सुधार की दिशा में कार्यों की समीक्षा की और राज्य में गुणवत्तायुक्त बीज एवं खाद वितरण की स्थिति पर भी जानकारी मांगी। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी खाद और बीज की उपलब्धता में समस्या है, तो प्रभावी पर्यवेक्षण की आवश्यकता है। कृषि राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश ने केंद्रीय राज्य मंत्री और कृषि मंत्री, उत्तर प्रदेश का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित थे।

## उप्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष आज मथुरा के भ्रमण पर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा. बबीता सिंह चौहान 22 अक्टूबर को जनपद मथुरा में भ्रमण पर रहेंगी। आयोग की अध्यक्ष पूर्वाह्न 11:00 बजे से जनपद मथुरा स्थित निरीक्षण भवन, लोक निर्माण विभाग में महिला उत्पीड़न की घटनाओं एवं प्राप्त शिकायतों की समीक्षा बैठक करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राप्त प्रकरणों एवं घटनाओं के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित करेंगी। साथ ही आवेदक एवं आवेदिकाओं की समस्याओं के संबंध में महिला जनसुनवाई करेंगी। जनसुनवाई के बाद आयोग की अध्यक्ष अपराह्न 02:15 बजे से जनपद मथुरा के जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण भी करेंगी। उल्लेखनीय है कि उप्र राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने क लिए भ्रमण कर रही हैं।

# रहिलिया सूर्य मंदिर तथा कीरत सागर झील का होगा विकास

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में स्थित गोरखगिरि पहाड़ी पूज्य संत गुरु गोरखनाथजी की तपोभूमि रही है। यहीं वह अपने शिष्यों के साथ रहते थे। केंद्र सरकार ने यहां के पर्यटन विकास की पहल की है। विशिष्ट ग्रेनाइट चट्टान संरचनाओं के लिए

- **महोबा स्थित गोरखगिरि पहाड़ी विशिष्ट ग्रेनाइट चट्टानों के लिए पर्यटकों की आकर्षण का केन्द्र : जयवीर सिंह**

प्रसिद्ध इस पर्वत के साथ-साथ रहिलिया सूर्य मंदिर और कीरत सागर झील के आसपास पर्यटन सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। इस स्थल का भारत सरकार की स्वदेश दर्शन स्कीम 2.0 के तहत चयन किया गया।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि गोरखगिरि पहाड़ी के ऊपर, जो अपनी विशिष्ट ग्रेनाइट चट्टान संरचनाओं के लिए प्रसिद्ध है। इस साइट पर गुफाएं और झरने हैं, जो एक मनोरम प्राकृतिक परिदृश्य पेश करते हैं। यहां आने वाले पर्यटक रॉक क्लाइम्बिंग के रोमांच का आनंद ले सकते हैं, जबकि अन्य लोग प्राकृतिक परिवेश के बीच शांतिपूर्ण पिकनिक का विकल्प चुन सकते हैं। साथ ही, यहां ग्रेनाइट से बना 9वीं शताब्दी का सूर्य मंदिर है। महोबा का समृद्ध इतिहास इसकी कई झीलों में परिलक्षित होता है, जिसमें कीरत सागर भी शामिल है। कीरत सागर झील को कीर्तिवर्मन ने 1060-1100 ई. के बीच बनवाया था। यह अपने प्रभावशाली ग्रेनाइट तटबंधों के लिए विख्यात है।



पर्यटन मंत्रालय ने इस योजना को नया रूप दिया है, जिसके तहत देश भर में टिकाऊ और जिम्मेदार पर्यटन स्थलों को विकसित करने के समग्र मिशन के साथ स्वदेश दर्शन 2.0 का शुभारंभ किया है। वोकल फॉर लोकल के मंत्र के साथ, स्वदेश दर्शन 2.0 नामक संशोधित योजना का उद्देश्य पर्यटन स्थल के रूप में भारत की पूरी क्षमता का उपयोग करके आत्मनिर्भर भारत प्राप्त करना है। इसका उद्देश्य पर्यटन और संबद्ध बुनियादी ढांचे, पर्यटन सेवाओं, मानव पूंजी विकास, गंतव्य प्रबंधन और नीति और संस्थागत सुधारों द्वारा समर्थित संवर्धन को कवर करते हुए टिकाऊ और जिम्मेदार पर्यटन स्थलों को विकसित करना है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में धार्मिक, आध्यात्मिक, ईको के साथ-साथ महत्वपूर्ण हेरिटेज साइट्स हैं, जो पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। इसमें महोबा जिले का नाम अग्रणी है। इस स्कीम के तहत हीरो पर्यटन आकर्षण का चयन करते हुए आसपास के पर्यटकों को आकर्षित करने वाले स्थलों का चयन कर वहां का पर्यटन विकास कराया जाता है। उन्होंने बताया कि परियोजना के अंतर्गत प्रवेश द्वार, साइनेज, म्यूरल वाल, स्ट्रीट लाइट, इंटरप्रेटेशन सेंटर और ओपेन एयर थिएटर सहित अन्य पर्यटन सुविधाएं विकसित की जाएंगी। मंत्री ने बताया कि योजना को मूर्त रूप देने के लिए तीव्र गति से प्रक्रिया चल रही है। पिछले दिनों विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया की अध्यक्षता में पर्यटन विभाग और वास्तुविदों की टीम ने साइट्स का स्थलीय निरीक्षण किया। इसके बाद आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसके अलावा, योजना के तहत नैमिषाण्य, सीतापुर और प्रयागराज का चयन किया गया है। प्रदेश में तीसरी परियोजना के रूप में महोबा जिला चयनित किया गया है।

# भाजपा ने जानबूझकर बहराइच का कराया दंगा : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट से उपचुनाव में सपा के प्रत्याशी तेज प्रताप यादव ने सोमवार को मैनपुरी कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान यादव परिवार ने अपनी ताकत दिखायी।

- **करहल सीट पर अखिलेश यादव की उपस्थिति में तेज प्रताप यादव ने किया नामांकन**
- **नामांकन के दौरान यादव परिवार ने दिखायी ताकत**

इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य प्रो. रामगोपाल यादव, राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, मैनपुरी की सांसद डिम्पल यादव, आजमगढ़ के सांसद धर्मेन्द्र यादव,



मैनपुरी के जिलाध्यक्ष आलोक शाक्य, फिरोजाबाद से सांसद अक्षय यादव, बदायूं से सांसद आदित्य यादव, मुकुल यादव एमएलसी, अरविन्द यादव सहित अखिलेश कश्यप, ब्रह्मानंद शाक्य, अवरन सिंह जाटव, औसान सिंह पाल तथा अन्य नेता पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नामांकन पत्र दाखिल होने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि करहल से हो रहे उपचुनाव में तेज प्रताप यादव ऐतिहासिक वोटों से जीतेंगे। मैं करहल और मैनपुरी की जनता का आभार प्रकट करता हूं कि उन्होंने हमेशा सपा और नेताजी का साथ दिया। कठिन से कठिन परिस्थितियों और हर फैसले में पार्टी के साथ रहे।

करहल की जनता हमेशा सपा को चुनती रही है। इस उपचुनाव में सपा को पहले से भी ज्यादा समर्थन मिल रहा है। हर वर्ग सपा के साथ है। सबका सहयोग मिल रहा है और ऐतिहासिक परिणाम होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा पीडीए से घबरायी हुई है। भाजपा के लोग इसी चिंता में है कि कैसे पीडीए का मुकाबला करें। भाजपा सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में पीडीए के साथ भेदभाव किया है। इस सरकार में पीडीए के लोगों के साथ सबसे ज्यादा अन्याय हुआ। भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। अब और बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जानबूझकर बहराइच का दंगा कराया है। सरकार ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अन्याय, अत्याचार के सवालों से बचने के लिए जानबूझ कर बवाल और दंगा कराया। बहराइच में सब कुछ जानते हुए प्रशासन ने पर्याप्त पुलिस बल का इंतजाम क्यों नहीं किया? उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर को लेकर भाजपा इंटरनल सर्वे में चुनाव हार रही हैं। भाजपा ने पीडीए के सभी बीएलओ हटा दिए, अधिकारी हटा दिए। अपने मनमुताबिक अधिकारी रखे, मुख्यमंत्री कई बार गए, फिर भी चुनाव हार रहे हैं। भाजपा सत्ता की ताकत का दुरुपयोग कर रही है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपाई लोगों को अपमानित करते है, किसी का सम्मान नहीं करते है। आने वाले समय में जनता इनके अहंकार को खत्म करेगी। उपचुनाव में जनता भाजपा को हराकर विदाई का रास्ता खोल देगी।

# आज-कल में जारी हो सकती है भाजपा की सूची

शैलेंद्र श्रीवास्तव (vol)

लखनऊ। प्रदेश में 9 सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी ने अभी तक सात प्रत्याशियों का ऐलान कर चुकी है लेकिन अभी तक सत्तारूढ़ दल भाजपा

- **पार्टी की ओर से प्रत्याशियों ने नाम लगभग तय**
- **प्रत्याशियों की घोषणा न होने से दावेदारों की धड़कनें हुई तेज**

की ओर से एक भी प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है। ऐसे में माना जा रहा है कि मंगलवार या बुधवार तक भाजपा अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर सकती है।

इधर प्रत्याशियों की घोषणा न होने से दावेदारों की धड़कने तेज हो गई है। चर्चा यह भी है कि इसमें पार्टी एक सीट अपनी सहयोगी दल रालोद को भी दे सकती है। पार्टी सूत्रों के अनुसार लगातार लखनऊ से लेकर दिल्ली तक हुई बैठकों में प्रत्याशियों के नाम लगभग तय हो चुके है। इसको अंतिम रूप देने की तैयारी चल रही है। बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने उपचुनाव को लेकर 30 मंत्रियों की बनायी गयी टीम के साथ बैठक कर हर सीट पर गहन चर्चा की और वहां पर तैयार माहौल और जमीनी हकीकत से




रूबरू हुए। इस दौरान जिन प्रत्याशियों को नाम लगभग अंतिम रूप से तैयार है, उनको लेकर भी अभी धरातल पर उनकी स्थिति को परखा जा रहा है। बता दें कि भाजपा इस बार उपचुनाव में सभी सीटों पर जीत का परचम लहराना चाहती है, जिसके लिए लगातार प्रयास जारी है। काफी मंथन के बाद माना जा रहा है कि मंगलवार को भाजपा प्रत्याशियों की घोषणा कर सकती है। फिलहाल पार्टी सूत्रों के अनुसार उपचुनाव की सभी विधानसभा सीटों पर तैयारी फुलप्रूफ की गयी है। इसके लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी भी दावा कर चुके है कि इस बार भाजपा सभी सीटों पर अपनी जीत दर्ज करायेगी।

# बीपीसीएल नैनी की जमीन पर बनेगा इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर : नन्दी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने सोमवार को पिकप भवन सभागार लखनऊ में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। जिसमें मंत्री नन्दी ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी वाला राज्य बनाने के लिए लैंड बैंक बढ़ाने और उद्योगों के विकास के लिए उद्यमियों को आवंटित करने के निर्देश दिए। मंत्री नन्दी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर वाला राज्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इस वर्ष 50 हजार एकड़ भूमि अधिग्रहित करने और 25 हजार एकड़ भूमि उद्योगों को स्थापित करने के लिए आवंटित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे पूरा करना सभी की जिम्मेदारी है।

जिसके लिए अभी से लग जाएं। लैंड अलाटमेंट में तेजी लाएं। साथ ही पुरानी जमीन के अलाटमेंट का प्रयास करें। समीक्षा बैठक में प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास अनिल कुमार सागर एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीसीडा मयूर महेश्वरी

- **मंत्री नंदी ने अधिकारियों को नैनी में ईवी प्लांट लगाने के दिए निर्देश**
- **इस वर्ष 50 हजार एकड़ भूमि अधिग्रहित कर, 25 हजार एकड़ भूमि उद्यमियों को आवंटित करने का है लक्ष्य**
- **वर्षों से बंद पड़ी फैक्ट्रियों को बॉय बैक पॉलिसी में शामिल कराने और लैंड बैंक बढ़ाने के दिये निर्देश**

के अलावा सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं औद्योगिक क्षेत्रों के क्षेत्रीय प्रबंधक मौजूद रहे।

समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार की योजना के मुताबिक आगरा और प्रयागराज में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर बनाया जाना है। जिसके लिए प्रयागराज के नैनी में स्थित बीपीसीएल की 231 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। जिसे विकसित कर वहां उद्योग स्थापित किए जायेंगें। जिस पर मंत्री नन्दी ने नैनी में ईवी प्लांट स्थापित कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। समीक्षा बैठक में मंत्री नन्दी ने प्रदेश के सभी औद्योगिक क्षेत्रों में अभी भी बड़ी संख्या में फैक्ट्रियों के बंद होने और उनकी जमीनें खाली पड़े होने पर नाराजगी जताई। साथ ही क्षेत्रीय प्रबंधकों को चेतावनी दी कि इस कार्य में लापरवाही कत्तई बर्दास्त नहीं की जाएगी। मंत्री नन्दी ने कहा कि सभी औद्योगिक क्षेत्रों में बड़ी संख्या में



जमीनें खाली पड़ी हैं। इण्डस्ट्री बंद है, ऐसी जमीनों का उपयोग करने के लिए उद्यमियों को बाई बैक पॉलिसी की जानकारी दी जाए और रिएलाटमेंट कराने का भी प्रयास किया जाए। मंत्री नन्दी ने कहा कि बंद हो चुकी फैक्ट्री को पुनः चालू करने और उद्यमी को कम से कम नुकसान हो, इसके लिए ही बॉय बैक पॉलिसी बनाई गई है। जिसके तहत उद्यमी बंद हो चुकी फैक्ट्री यूपीसीडा को वापस कर सकता है, जिसके बदले में यूपीसीडा द्वारा वर्तमान दर का 60 प्रतिशत धनराशि आवंटी को भुगतान किया जाएगा। इससे एक तरफ जहां निष्प्रयोज्य भूमि का प्रयोग होगा, वहीं आवंटी को नुकसान भी नहीं होगा। उद्यमियों की सुविधा के लिए ओटीएस स्कीम लाए जाने के भी निर्देश दिए। सड़क, बिजली, पानी, सीवर के साथ ही आए दिन साफ-सफाई की समस्या बनी रहती थी। जिसे समाप्त करने के लिए प्रदेश सरकार ने औद्योगिक क्षेत्रों में अनुच्छेद 243 क्यू लागू कर दिया है। जिसके तहत अब सभी औद्योगिक क्षेत्र मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए नगर निगम, नगर पालिका और सम्बंधित निकाय क्षेत्र के अधीन नहीं होंगे। बल्कि अब यूपीसीडा को ही औद्योगिक क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी, सीवर, साफ-सफाई के साथ ही अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करनी होगी। उद्यमियों से टैक्स वसूलने के साथ ही उन्हें बेहतर सुविधाएं दी जाए। इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मानचित्र पास कराए बगैर संचालित उद्योगों के बारे में सवाल पूछे जाने पर जवाब नहीं दे सके अधिकारी समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री नन्दी ने आगरा, कानपुर, बरेली, लखनऊ, वाराणसी, झांसी के साथ ही सभी औद्योगिक क्षेत्रों में बड़ी संख्या में बिना लीज डीड के और मानचित्र पास कराए बगैर संचालित उद्योगों के बारे में जब पूछा, तो कोई भी क्षेत्रीय प्रबंधक जवाब नहीं दे सका। जिस पर मंत्री नन्दी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देश दिया कि इस तरह की लापरवाही कत्तई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सख्ती

- **औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने यूपीसीडा के विकास कार्यों की समीक्षा की**
- **बिना लीज डीड और मानचित्र पास कराए बगैर संचालित उद्योगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के दिये आदेश**

के साथ कार्य करें और मानचित्र पास कराए बगैर संचालित उद्योगों के खिलाफ कार्रवाई करें। मंत्री नन्दी ने अधिकारियों को लम्बित जांचों को दो माह में पूरी करने के निर्देश दिए। कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए।

## गेहूं में मिट्टी मिलाकर भेजने के आरोप में तीन विपणन निरीक्षक निलंबित

**लखनऊ।** यूपी के शाहजहांपुर जिले में सरकारी राशन की दुकानों को गेहूं के बोरों में मिट्टी मिलाकर भेजने की शिकायत पर तीन अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है और तीन अन्य के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की गई है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सोमवार को बताया कि सरकारी राशन वितरण के कई दुकानदारों ने खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा भेजे जाने वाले अनाज में मिट्टी मिलाये जाने की शिकायत की थी जिसकी जांच जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा की अगुवाई में तीन सदस्यीय टीम को सौंपी गई। उन्होंने बताया कि आठ दुकानों पर की गयी जांच में गेहूं के बोरों में मिट्टी पाई गई जिसके बाद खाद्य एवं रसद विभाग में तैनात विपणन निरीक्षकों रामकृष्ण दुबे, रविकांत मिश्रा तथा मोहित कुमार को रविवार को निलंबित कर दिया गया। सिंह ने बताया कि यह एक गंभीर मामला है इसलिए इसमें लिप्त भारतीय खाद्य निगम के तीन अन्य अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिये राज्य सरकार को पत्र लिखा गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए अधिकारियों को समय-समय पर राशन दुकानों की जांच के निर्देश भी दिए गए हैं।

## ऑनलाइन आवेदन से ही होगी पारस्परिक पुनर्नियुक्ति

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत संविदा कर्मियों के लिए पारस्परिक पुनर्नियुक्ति नीति वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए लागू की गयी है। पारस्परिक पुनर्नियुक्ति की ऑनलाइन प्रक्रिया मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से की जायेगी। केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किये जायेंगे, यदि पूर्व में किसी भी संविदाकर्मी द्वारा लिखित रूप अथवा अन्य किसी माध्यम से राज्य स्तर पर आवेदन किया गया है तो उस कर्मी को मानव सम्पदा के पारस्परिक पुनर्नियुक्ति मॉड्यूल पर पुनः ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

# 16 दुकानों को नहीं बेच सके, अब बनेगा विभागीय कार्यालय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम के बिजनौर स्थित जोन आठ कार्यालय में नई दुकानों का निर्माण इस मकसद से कराय गया था कि इनको बेचने से नगर निगम को करीब दो करोड़ रुपये का राजस्व मिल सकता था। मगर पहले तो इनके पंजीकरण, आवंटन व बिक्री के लिए समिति के गठन में लापरवाही बरती गई जिससे यह दुकानें नहीं बिक सकीं। उन्हें बर्बाद होने के लिए छोड़ दिया गया। छह साल से अधिक समय से 16 दुकानों का कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनकर तैयार है, पर दुकानें नहीं बेची जा रहीं। अब इन दुकानों को नगर निगम के स्टोर के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। अब इन्हीं दुकानों विभागीय उपयोग में लिए जाने को लेकर मंगलवार को होने वाली कार्यकारिणी की बैठक में प्रस्ताव लाया जा रहा है।

- नगर निगम कार्यकारिणी की आज बैठक में होगा फैसला

आशियाना स्थित बिजनौर रोड पर नगर निगम का जोन आठ कार्यालय है। वर्ष 2016 में तत्कालीन नगर विकास मंत्री आजम खान ने मल्टीस्टोरी आवासीय योजनाओं के साथ जोन आठ कार्यालय में 16 दुकानों के कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स को भी लॉन्च किया था। सत्ता बदली तो 2017 में नगर विकास मंत्री सुरेश खन्ना ने योजना को फिर लॉन्च कर पंजीकरण खोला।

दुकानों के लिए करीब 50 लोगों ने पंजीकरण कराया, पर इन्हें आवंटन नहीं किया गया। इस पर लोगों ने पैसा वापस ले लिया। सात सालों से दुकानों की आवंटन प्रक्रिया ठप है। वहीं, करोड़ों की लागत से तैयार कॉम्प्लेक्स बदहाल हो रहा है। योजना लॉन्च करते समय जिन्होंने पंजीकरण कराया था, उन्हें भी आवंटन नहीं किया गया और पंजीकरण निरस्त कर दोबारा खोला भी नहीं गया। बता दें कि इन 16 दुकानों के आवंटन व विक्रय की प्रक्रिया के लिए समिति का गठन किया जाना था। 12 फरवरी 2018 को कार्यकारिणी में समिति की बैठक भी हुई।

इसके बाद 29 मार्च 2018 को समिति गठित करने के लिए महापौर को अधिकृत किया गया था। लेकिन समिति का गठन न होने से आवंटन व विक्रय की प्रक्रिया लटक गई। इस सम्बंध में नगर निगम प्रशासन ने भी कोई कार्रवाई नहीं की। नतीजतन,



करोड़ों की लागत से बनी दुकानों में जोन आठ की तरफ से कब्जा कर लिया गया। अब प्रशासन की ओर से प्रस्ताव तैयार किया गया है कि वर्ष 2019 में सीमा विस्तार के बाद जोन आठ में 27 गांव सम्मिलित हुए हैं। इन गांवों में संपत्ति विभाग की ओर से 197 करोड़ रुपये की सरकारी जमीनों को कब्जे से मुक्त कराया गया है। जोन आठ का क्षेत्रफल बढ़ने से स्टॉफ व सामान इत्यादि रखने के लिए इन 16 दुकानों में ही विभाग की ओर से स्टोर के तौर पर व संपत्ति विभाग के कार्यालय के रूप में उपयोग में लाया जा रहा है।

इसलिए विभागीय कार्यहित में कार्यालय के रूप में आवंटित करने का प्रस्ताव बैठक में रखा जाएगा। इन दुकानों में पार्षद कक्ष, संपत्ति विभाग, पीएम शक्ति रसोई, ईटीएफ, मार्ग प्रकाश का स्टोर, स्वास्थ्य विभाग का स्टोर, एसबीएम व अभियंत्रण का स्टोर के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।

**30 साल की लीज पर होना था आवंटन :** जब दुकानों का पंजीकरण खोला गया था तब इन्हें 30 साल की लीज पर आवंटित करने का प्रावधान था। इसमें भूतल में बनी दुकानों की प्रीमियम राशि 12.50 लाख रुपये तय की गई थी। प्रथम तल की दुकानों की प्रीमियम राशि 10.20 लाख थी। 260 वर्गफीट की किराया नगर निगम की ओर से तय गृहकर की दर से पांच गुना लिया जाना था।

**ऑटो, टेम्पो व ई रिक्शा के लिए लाइसेंस को मिलेगी मंजूरी :** प्रस्तावों में ऑटो, टेम्पो व ई रिक्शा के लिए लाइसेंस बनवाने की अनिवार्यता, इन वाहनों के स्टैंड, म्युटेशन की धनराशि का स्लैब निर्धारण, दिहाड़ी मजदूरों के लिए बने लेबर अड्डे पर सुविधाएं बढ़ाने, राजाजीपुरम में महिला हाट, स्कूलों में स्मार्ट स्क्रीन सहित कई प्रस्ताव को पास किए जाने की संभावना है। नगर निगम मुख्यालय स्थित बाबू राजकुमार श्रीवास्तव कक्ष (नवीन समिति कक्ष) में मंगलवार की सुबह 11 बजे से कार्यकारिणी की बैठक मेयर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में होगी। इस दौरान नगर निगम की आय बढ़ाने पर चर्चा की जाएगी। नगर निगम की खाली पड़ी जमीन का प्रयोग विभिन्न आयोजन के लिए कर के उससे किराया के रूप में आय बढ़ाने का भी प्रस्ताव पास होने की संभावना है। संपत्ति के म्युटेशन के लिए संपत्ति की कीमत के अनुसार धनराशि के निर्धारित स्लैब को भी पास किया जा सकता है। दिहाड़ी मजूदरों के लिए नगर में बने विभिन्न लेबर अड्डों का उच्चीकरण कर वहां शेड, शौचालय और पेयजल आदि की सुविधाएं दिए जाने का प्रस्ताव भी कार्यकारिणी की बैठक में पेश किया जाएगा। नगर निगम के अधीन डिग्री कॉलेजों, इंटर कॉलेजों और स्कूलों में स्मार्ट स्क्रीन दिए जाने पर भी चर्चा की जाएगी। संबंधित कार्यकारिणी सदस्य की ओर से इस संबंध में पेश प्रस्ताव में फिलहाल के लिए स्क्रीनों की संख्या में कम कर इसे मंजूरी दी जा सकती है।

**इन प्रस्तावों पर होगी चर्चा :** नगर में 20 वेडिंग जोन और बनाए जाने, खुले नालों के ऊपर जाल लगाकर उसे सुरक्षित बनाने, मुंशी पुलिया फ्लाईओवर निर्माण के कारण आसपास की सीवर लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है, उसकी शीघ्र से शीघ्र मरम्मत करवाने, पूर्व सैनिकों से गृहकर न लिए जाने, नगर के सभी जर्जर शौचालयों को तोड़कर उसे नए सिरे से बनाने, म्युटेशन चार्ज का स्लैब संपत्ति की कीमत के अनुसार 3500 से 15000 रुपये तक किए जाने का प्रस्ताव एजेंडे में रखे गए हैं।

## इंडिया गठबंधन के घटक दल लोकदल को मिली खैर सीट

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने समाजवादी पार्टी के महासचिव रामगोपाल यादव तथा समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव से हुई टेलीफोनिक वार्ता हुई इस वार्ता में दोनों नेताओं ने सीट पर लोकदल के चुनाव लड़ने की सम्भावनाओं पर विचार किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा जाट बहुल्य क्षेत्र होने के कारण लोकदल के प्रत्याशी की जीत लगभग तय है। खैर विधानसभा सीट में होने वाले उपचुनाव में फिलहाल उन्होंने किसी प्रत्याशी की उम्मीदवारी तय नहीं की है लेकिन लोकदल की होने वाली बैठक में प्रत्याशी का नाम तय कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि खैर विधानसभा सीट लोकदल के लिए प्रतिष्ठा का विषय है इसलिए हमारी पार्टी खैर सीट को निकालने के लिए पूरी तरह से कमर कस चुकी है। इस गठबंधन से हम 2027 विधानसभा चुनाव में एक मजबूत स्थिति में होंगे यह एक रणनीतिक कदम है जिससे हमें राजनीतिक ताकत को और बढ़ाने का मौका मिलेगा।

# नालियों की सफाई, फागिंग और एंटीलार्वा का छिड़काव कराते रहें

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में लगातार डेंगू के मामले बढ़ रहे हैं। इसके बाद भी सफाई व छिड़काव कुछ इलाकों तक ही सीमित हो रह गया है। मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने नगर निगम के अफसरों को निर्देश दिए कि गली मोहल्ले में नियमित रूप से फॉगिंग, एंटीलार्वा का छिड़काव नियमित रूप से कराते रहे। फ्रिज, कूलर, टायर व गमलों आदि विभिन्न स्थानों पर पानी एकत्रित व जमा रहने के कारण डेंगू का प्रकोप बढ़ता है। उन्होंने कहा कि संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग (मलेरिया) की संयुक्त टीम बनाकर नियमित्र रूप से गली-मोहल्ले में जागरूकता अभियान चलाते रहे। नाले-नालो की सफाई के दौरान ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव अवश्य करें। कमिश्नर सोमवार को डेंगू व वेक्टर बोर्न डिजिजेस (संक्रामक बीमारियों) से बचाव के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर



रही थीं। उन्होंने संबंधित अधिकारीगणों को निर्देश देते हुए कहा कि डेंगू, मलेरिया एवं वायरल फीवर आदि जनहित रोगों के रोकथाम के लिए नगर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। मंडलायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वाटर लॉगिग वाले एरिया में ड्रैनेज को चिन्हित करके तत्काल साफ-सफाई कराये। उन्होंने कहा कि जलभराव एरिया में युद्ध स्तर पर नाले-नालियों की साफ-सफाई करते हुए फागिंग/एंटीलार्वा का छिड़काव कराया जाए। घर-घर जाकर पम्पलेट बाटने के साथ ही लाउडस्पीकर से अलॉसमेन्ट करते हुए लोगो को जागरूक कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। जागरूकता अभियान में आशा और ऐनम की सहभागिता भी सुनिश्चित कराते रहे। इस अवसर पर नगर आयुक्त श्री इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त श्री ललित कुमार, अपर निदेशक स्वास्थ्य, नगर स्वास्थ्य अधिकारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : मण्डलायुक्त

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने सोमवार को आईजीआरएस व मुख्यमंत्री के यहां आन लाइन दर्ज होने वाली शिकायतों की समीक्षा की। दो विभागों में आईजीआरएस के लिए प्रकरण काफी लम्बित मिले। डिप्टी सीपीओ के 145 व अधीक्षण अभियंता जल निगम के 88 प्रकरण लम्बित मिले। समय सीमा पूरी होने के बावजूद जिम्मेदार

- डिप्टी सीपीओ के 145 व अधीक्षण अभियंता जल निगम के 88 प्रकरण लम्बित मिले

अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं कराया। इससे कमिश्नर ने सख्त नाराजगी जताई। उन्होंने जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी है। बैठक में मंडलायुक्त ने आईजीआरएस व मुख्यमंत्री संदर्भ के ऑनलाइन मामलों व शिकायतों की ही समीक्षा की। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिए कि आईजीआरएस की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण किया जाए। इसमें



किसी भी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आईजीआरएस के प्रकरणों में यदि कोई भी अनियमितता पाई जाती है तो कार्यवाही निश्चित है। उक्त के साथ ही समाधान दिवस के प्रकरणों का ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। कोई भी प्रकरण समय सीमा के बाहर नहीं जाना चाहिए। कमिश्नर ने कहा कि प्रकरणों के निस्तारण के बाद शिकायतकताओं को कॉल करके उनका फीडबैक भी लिया जाए। अगर किसी ने बिना शिकायत निस्तारण किए रिपोर्ट लगायी है तो कठोर कार्रवाई होगी। आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायतें पेंडिंग होने पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए और कहा कि सभी विभाग अपने-अपने विभागों से संबंधित लंबित शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर करा लें। मण्डलायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट किया है कि उनकी कार्यकुशलता में शिथिलता पाए जाने पर आईजीआरएस पोर्टल में जनपद की रैंकिंग खराब होगी। बैठक के दौरान उन्हें पता चला कि डिप्टी सीपीओ के पास आईजीआरएस के 145 तथा अधीक्षण अभियंता जल निगम के पास 88 आईजीआरएस लम्बित मिले हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि कोई भी प्रकरण लम्बित न रहे। सभी का ससमय निस्तारण किया जाए।

## महापौर से जनसमस्याओं के निराकरण की मांग

**लखनऊ।** इन्दिरा नगर आवासीय महासमिति और मुहल्ला सुधार समितियों ने सोमवार को महापौर सुषमा खर्कवाल से मुलाकात की। महासमिति ने मेयर से जनता की समस्याओं से अवगत कराया। महासचिव सुशील कुमार बच्चा ने बताया कि शहर की मलिन बस्तियों में फॉगिंग कराने, सड़कों से अवैध अतिक्रमण हटवाने, अधूरी सड़कों का निर्माण कराने, हर वार्ड में जनता दरबार लगवाने, स्ट्रीट लाइटें ठीक कराने, पार्कों का सुंदरीकरण कराने, घरों से कूड़ा उठवाने को लेकर विस्तार से वार्ता की। महापौर ने समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए प्राथमिकता से दूर कराने का वादा किया।

## टाटा न्यू ऐप पर लाइफ इंश्योरेंस के उत्पाद लॉन्च

**लखनऊ।** टाटा डिजिटल ने टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के साथ मिलकर अपने प्लेटफॉर्म टाटा न्यू पर जीवन बीमा उत्पादों की श्रृंखला पेश की है। टाटा डिजिटल के चीफ बिजनेस ऑफिसर (इंश्योरेंस) अमरीश खेर ने बताया कि यहां बीमा खरीदने की प्रक्रिया को केवल तीन क्लिक तक सुव्यवस्थित किया गया है। टाटा एआईए के अध्यक्ष और मुख्य वितरण अधिकारी बाशा जिलानी ने कहा, ऐप के माध्यम से उपभोक्ताओं को जीवन बीमा आसानी से उपलब्ध करा सकेंगे।

## बिजली कटौती की सूचना देने के लिए हो प्रचार

**लखनऊ।** अब एक मिनट के लिए भी बिजली गुल होगी तो इसकी जानकारी विभाग के तरफ से उपभोक्ता को दिया जायेगा। उपभोक्ता और उपखण्ड के अधिकारी एक ग्रुप बनायेगें और उस ग्रुप मे बिजली कटौती की सूचना दे रहे है। लेकिन अभी भी कुछ उपभोक्ताओं को बिजली कटौती की जानकारी सही समय पर नही मिल पा रही है। लेसा सिस गोमती प्रथम के मुख्य अभियंता रजत जुनेजा ने बताया कि बिजली कटौती की सही जानकारी नही मिल रही थी जिससे उपभोक्ता परेशान होकर बिजली घर पर फोन कर जानकारी लेते थे। ऐसे में उपभोक्ता को सही जानकारी घर बैठे मिल जायेगी तो अच्छा रहेगा। उन्होंने इसके लिए सभी उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश जारी किया है कि ज्यादातर उपभोक्ताओं के घर में बिजली कटौती की सही जानकारी मिले।

# नगर निगम ने 8 करोड़ रुपये की सरकारी जमीन खाली करायी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम की संपत्ति विभाग की टीम ने सोमवार को सरोजनी नगर के सदरौना में सरकारी जमीन से कब्जा हटाने की कार्रवाई की। तहसीलदार अरविंद पाण्डेय ने बताया कि यहां खसरा संख्या-406 क्षेत्रफल-0.290 हे0 राजस्व अभिलेखों में बंजर के रूप में दर्ज भूमि पर अतिक्रमणकर्ताओ ने प्लांटिग कर अवैध कब्जा कर लिया था। नायब तहसीलदार रत्नेश कुमार के नेतृत्व में लेखपाल अजीत तिवारी व अनुपम कुमार की उपस्थिति में क्षेत्रीय पुलिस बल, पीएसी के सहयोग से शांतिपूर्ण ढंग से अभियान चलाया गया।

कार्रवाई करते हुए 31,215 वर्गफुट भूमि से कब्जा हटाया गया। अवैध कब्जें से मुक्त कराई गई भूमि की बाजारू कीमत लगभग 8 करोड़ होगी।

**नादान महल रोड से अतिक्रमण हटाया :** नगर निगम के जोन दो में नादान महल रोड पर सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण को हटाया गया। नगर आयुक्त के निर्देश पर जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई की।

इस दौरान नादान महल रोड पर नक्खास चौराहे से रकाबगंज चौराहा तक दो दर्जन से अधिक दुकानों को हटाया। इन दुकानदारों ने सड़क की पटरी घेर कर दुकानें लगा रखी थीं। इसके अलावा वार्ड राजाबाजार में कन्वेशन सेंटर से बड़े इमामबाड़ा तक सड़क की दोनों पटरी से अतिक्रमण हटाया गया।

# बीबीएयू के कुलपति ने सीएम योगी आदित्यनाथ से की मुलाकात

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के कुलपति प्रो. एनएमपी वर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और विश्वविद्यालय संबंधी विकास कार्यों

- सीएम योगी को प्रो. एनएमपी वर्मा ने गोरखपुर में होने वाले उत्तर प्रदेश-उत्तराखण्ड आर्थिक संघ वार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि उद्घाटन करने के लिए किया आमंत्रित

पर चर्चा की एवं विश्वविद्यालय को हाल ही में प्राप्त 33वीं एनआईआरएफ रैंकिंग (समग्र श्रेणी) के बारे में जानकारी दी। मुलाकात के दौरान प्रो.



एनएमपी वर्मा ने मुख्यमंत्री को विश्वविद्यालय में पूर्व में किये गये विकास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहायता के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही रमाबाई अम्बेडकर रैली स्थल के समीप स्थित अतिविशिष्ट राजकीय अतिथि गृह को बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ में अध्ययनरत अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए छात्रावास बनाने के लिए स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ. विनय सिंह बघेल भी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. एनएमपी वर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की सुविधाओं एवं हित को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री से विश्वविद्यालय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी। मुख्यमंत्री की ओर से विकास संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया। आशा करते हैं कि इस मुलाकात का सकारात्मक परिणाम जल्दी ही विश्वविद्यालय की समस्त गतिविधियों में देखने को मिलेगा। कुलपति ने मुख्यमंत्री को केआईपीएम-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट, गोरखपुर में होने वाले उत्तर प्रदेश-उत्तराखण्ड आर्थिक संघ (यूपीयूईए) के 20वें वार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मेलन का उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किया। इसके अतिरिक्त प्रो. एनएमपी वर्मा एवं डॉ. विनय सिंह बघेल ने उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से भी मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्रो. एनएमपी वर्मा ने परिवहन मंत्री से विद्यार्थियों के लिए आईटी चौराहा से हजरतगंज एवं चारबाग होते हुए विश्वविद्यालय तक बस सेवा की शुरूआत करवाने का अनुरोध किया। जिससे विद्यार्थियों को आवागमन में सुविधा हो सके।

## पासपोर्ट कर्मियों ने मेडिकल चेकअप कराया




**लखनऊ।** गोमतीनगर स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में सोमवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें शुगर जांच, खून जांच, और बीपी की जांच भी कराई गयी। जांच के दौरान डाक्टर ने खाने के बारे में सही जानकारी भी दिया। इस दौरान क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शुभम सिंह ने बताया कि स्पष्ट सोच फाउंडेशन व अवध अस्पताल के डाक्टरों ने करीब 100 कर्मचारियों व पासपोर्ट आवेदकों का मेडिकल चेकअप किया।

# जन समस्याओं के समाधान के लिए तय होगी जवाबदेही

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाये और समस्याओं के समाधान के लिए सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये।

- हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव किया जायेगा निदान, उप मुख्यमंत्री ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम

डिप्टी सीएम ने सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय पर आयोजित जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। डिप्टी सीएम ने निर्देश दिए है कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी



चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाये और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाये।

उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाये कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गों आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक-एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे संवाद करते हुए सुना। जमीन सम्बन्धी अधिकांश प्रकरणों में उन्होंने सम्बन्धित जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजा जाय और सार्थक समाधान कराया जाये। उप मुख्यमंत्री ने समस्याओं के निस्तारण के बावत गोरखपुर के जिलाधिकारी, फिरोजाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बस्ती के पुलिस अधीक्षक व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करते हुए यथोचित दिशा निर्देश दिए।

# लाइट हाउस के आवंटियों को दिवाली तक मिलेगा कब्जा



**लखनऊ।** पीएम (शहरी) योजना के तहत अवध बिहार योजना में बने लाइटहाउस प्रोजेक्ट के लाभार्थियों को दिवाली तक उनके फ्लैट का कब्जा दे दिया जाएगा।

सोमवार से कब्जा दिए जाने की शुरुआत कर दी गई। पहले फ्लैट की पहली रजिस्ट्री नीलेश श्रीवास्तव (सी-1113) के नाम हुई। इसके साथ दस लोगों की को उनके आवंटित फ्लैट की रजिस्ट्री की गई। डूडा के जिला परियोजना अधिकारी सौरभ त्रिपाठी ने बताया कि आवास विकास परिषद की अवध विहार योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की लाइटहाउस प्रोजेक्ट में बने फ्लैट दुर्लभ आय के 1040 लोगों को आवंटित किए गए हैं। बताया कि कैंप के पहले दिन 10 आवंटन पत्र के साथ लाभार्थियों को फ्लैट आवंटित किए गए। कैंप के जरिए अन्य लाभार्थियों को दीपावली तक फ्लैट आवंटित कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पीएम की ड्रीम प्रोजेक्ट में देश के जिन शहरों को शामिल किया गया है उनमें लखनऊ, इंदौर, चेन्नई, राजकोट और रांची शामिल है।

# सर्विस लाइन चार्ज और ओवरहेड चार्ज पर अब नहीं लगेगा जीएसटी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बिजली बिल में नए कनेक्सन के लिए मीटर कास्ट, जले हुए मीटर पर, मीटर चेकिंग एंड टेस्टिंग, मीटर बदलने, मीटर इंस्टॉलेशन, रीसीलिंग ऑफ मीटर सहित अन्य कारणो को लेकर अतिरिक्त पैसा उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन लेता था लेकिन अब वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी

- उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन नही लेगा अतिरिक्त पैसा, आदेश जारी

अधिसूचना के बाद उत्तर प्रदेश में भी पावर कॉरपोरेशन की तरफ से अनेकों सेवाओं से जीएसटी को समाप्त कर दिया गया है। वित्त मंत्रालय की अधिसूचना में अनेकों सेवाओं पर 18 प्रतिशत जीएसटी वसूल की जाती थी, उसे समाप्त कर दिया गया है। भारत सरकार द्वारा जारी आदेश के तहत पावर कारपोरेशन द्वारा आदेश जारी करने के बाद अब 10 अक्तूबर से अनेकों सेवाओं पर जीएसटी की वसूली नहीं होगी। अभी तक बिजली काटने व जोड़ने के शुल्क पर, डिसऑनर्स चेक पर, ओटीएस रजिस्ट्रेशन, प्रोसेसिंग फीस, री इंस्पेक्शन चार्ज, चेकिंग आप कैपेसिटर, सर्विस लाइन चार्ज व ओवरहेड चार्ज पर जो 18 प्रतिशत जीएसटी वसूल की जाती थी। अब वह वसूल नहीं की जाएगी। इस संबंध में पावर कॉरपोरेशन की तरफ से भारत सरकार के आदेश के मद्देनजर आदेश जारी कर दिया गया है। भारत सरकार द्वारा जारी आदेश में अब केवल डिपॉजिट वर्क पर 18 प्रतिशत जीएसटी वसूल की जाएगी। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि उपभोक्ता परिषद लंबे समय से इसकी लडाई लड़ रहा था। एक प्रस्ताव तत्कालीन ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा के माध्यम से भारत सरकार को इन सेवाओं में लागू जीएसटी को खत्म करने के लिए भेजा गया था। अब जीएसटी की समाप्त कर दिया गया है।

| महत्वपूर्ण नंबर | | फायर स्टेशन | एम्बुलेंस | |
|---|---|---|---|---|
| वूमेन पावर लाइन | 1090 | हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642 | मेडिकल सेवा- | 102, 108 |
| पुलिस | 100 2629999 | गोमती नगर-9454418657 | | |
| पुलिस स्टेशन गंज | 2622556 | | | |

मेट्रो

# यूपी में कानून का राज बनाने में पुलिस की अहम भूमिका : सीएम

विशेष संवाददाता (vol)







**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ लखनऊ पुलिस लाइन में आयोजित 'पुलिस स्मृति कार्यक्रम-2024' में शामिल हुए। उन्होंने सबसे पहले परेड की सलामी ली। संबोधन में सीएम ने कहा- 'प्रदेश की पुलिस ने कानून का राज कायम रखने में बड़ी भूमिका निभाई है।' उन्होंने कहा कि '7 साल में बेहतर पैरवी करके 68 में से 31 माफियाओं को सजा दिलाई गई। इनमें से कई को आजीवन कारावास तो वहीं दो को फांसी की सजा सुनाई गई।' कहा कि 'प्रदेश के 115 शहीद पुलिसकर्मियों को 36 करोड़ 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी।'

सीएम ने प्रदेश के पुलिस बल के कार्यों को सराहा और कहा कि कई तरह के जुलूस और राजनीतिक जुलूस को पुलिस ने बेहतर प्रबंधन से पूरे कराए। कार्यक्रम में सीएम ने शहीद पुलिसकर्मियों, रिटायर्ड पुलिसकर्मियों और मृतक आश्रित परिवारों के लिए राहत की घोषणाएं भी की।

**पुलिस वर्दी भत्ते में 70 प्रतिशत की वृद्धिः** सीएम योगी ने कहा- वर्दी भत्ते में 70 प्रतिशत और बैरक में रहने वाले आरक्षियों के पुलिस एकोमोडेशन अलाउंस में 25 प्रतिशत की वृद्धि की गई। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खेलकूद में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, आहार समेत अन्य के लिए अगले वित्तीय वर्ष में 10 करोड़ बजट रखा है।

**पुलिस विभाग में 1.54 लाख भर्तियां**:सीएम योगी ने कहा--2017 के बाद पुलिस विभाग के विभिन्न पदों पर 1.54 लाख भर्तियां की गईं। इसमें 22,000 से अधिक महिला कार्मिक शामिल हैं। सीएम ने बहु मंजिल आवास और प्रशासनिक भवन के रखरखाव के लिए 1380 करोड़ रुपए के कॉरपस फंड की घोषणा भी की।

**धार्मिक स्थलों से उतारे गए 1 लाख लाउडस्पीकरः**सीएम योगी ने कहा- धार्मिक स्थलों से 1.8 लाख से अधिक लाउडस्पीकर उतारे गए। उच्चतम न्यायालय की गाइडलाइन के अनुसार ध्वनि नियंत्रित की गई। 31 मई 2017 से 2 अक्टूबर 2024 तक पुलिस ने दो करोड़ 68 लाख से अधिक स्थानों पर फुट पेट्रोलिंग कर सुरक्षा का माहौल बनाया।

**77811 अपराधियों के खिलाफ कार्रवाईः**सीएम योगी ने कहा कि अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए गैंगस्टर एक्ट के तहत 77811 और 9,23 अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई की गई। माफिया और अपराधी गिराहों के 68 मुकदमों में प्रभावी पैरवी कर 31 माफिया और उनके 66 सहयोगियों को आजीवन कारावास की सजा दिलाई गई। 2 को फांसी की सजा हुई।

**एक हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को अति उत्कृष्ट सेवा पदकः** सीएम योगी ने कहा- गणतंत्र और स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रपति ने विशिष्ट सेवाओं के लिए 4, दीर्घ-सराहनीय सेवाओं के लिए 110 अधिकारियों और कर्मचारियों को पुलिस पदक प्रदान किए। गृह मंत्रालय भारत सरकार ने 1,013 पुलिसकार्मिकों को अति उत्कृष्ट सेवा पदक और 729 कार्मिकों को उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया।

**शहीद आश्रितों को 36.20 करोड़ की आर्थिक सहायताः** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा- भारतीय सेवा में कार्यरत उत्तर प्रदेश के 115 शहीद कार्मिकों के आश्रितों को 36.20 करोड़ की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। वहीं जिलों में तैनात पुलिसकर्मियों की सुख सुविधा के लिए 3.50 करोड़, कल्याण के लिए 4 करोड़ और चिकित्सा संबंधी 2,66 दावों के निस्तारण के लिए 30.56 लाख रुपए की राशि दी गई है।

**गृह मंत्रालय ने यूपी पुलिस को दिए मेडलः सीएमः** सीएम योगी ने कार्यक्रम के अंत में कहा कि प्रदेश की पुलिस ने बेहतर काम किए हैं और कानून व्यवस्था को बनाए रखने में लगातार अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 1 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों को उनकी कर्तव्य परायणता के लिए सम्मानित किया है।

**प्रदेश की पुलिस को मिले पुरस्कारः** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में अपने कार्य के प्रति समर्पित 100 से ज्यादा पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रपति द्वारा स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर मेडल दिया गया।

**प्रदेश में 2.68 लाख किलोमीटर फुट पेट्रोलिंगः**सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कुल 11.73 लाख लगाए गए। 2.68 लाख किमी फूट पेट्रोलिंग कर लोगों को सुरक्षा का माहौल देने में सफलता हासिल की गई।

**एक लाख पुलिसकर्मियों का प्रमोशन किया गयाः सीएमः** एक लाख से अधिक पुलिसकर्मियों को प्रमोशन दिया गया है। 60 हजार पुलिसकर्मियों की भर्ती का काम जारी है। हमारे बहादुर जवानों ने प्रदेश में कानून का राज बनाए रखने में शानदार काम किया। 1618 पुलिसकर्मी घायल हुए। 17 पुलिसकर्मियों ने जान गवाई। 68 में से 31 माफियाओं को सजा दिलाई गई। इनमें आजीवन कारावास और फांसी की सजा तक दी गई।

**115 शहीद कर्मियों को 36 करोड़ 20 लाख की आर्थिक सहायताः** 115 शहीद कार्मिकों को 36 करोड़ 20 लाख की आर्थिक सहायता दी गई। प्रदेश व जिलों में तैनात पुलिसकर्मियों को 3 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। पुलिसकर्मियों के चिकित्सा से जुड़े मामलों में 12 करोड़ रुपए, गंभीर रुप से बीमार लोगों को 5 करोड़ 5 लाख रुपए दिए जा रहे हैं। मृतक आश्रितों के लिए सहायता दी जा रही है। 53 लाख 30 हजार की छात्र वृत्ति दी गई।

**सीएम ने पुलिसकर्मियों के काम को सराहाः** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पुलिस जन अंत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी अपना काम करते हैं। अपराध पर नियंत्रण करने, कानून-व्यवस्था को बेहतर करने और महिला सुरक्षा के प्रयास सराहनीय रहे हैं।

**सीएम ने पुलिस स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कियाः** डीजीपी प्रशांत कुमार कार्यक्रम में मौजूद हैं। उन्होंने शहीद पुलिसकर्मियों के बारे में जानकारी ली। इसके बाद शोक पुस्तिका मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपी गई। उन्होंने प्रशांत कुमार ने शोक पुस्तिका पढ़ी। इसके बाद कमांडर आभा पांडेय को वापस सौंपी गई। इसे पुलिस स्मृति स्मारक के पास स्थापित किया गया। मुख्यमंत्री ने पुलिस स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित किया।

**21 अक्टूबर को मनाया जाता है पुलिस स्मृति दिवसः**ड्यूटी के दौरान संवेदनशीलता, समर्पण और त्याग का अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत करने वाले शहीद पुलिस कार्मिकों की स्मृति में प्रति वर्ष 21 अक्टूबर पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन वीर शहीद पुलिसजनों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। 21 अक्टूबर 1959 को भारत की उत्तरी सीमा लद्दाख के हिमाच्छादित जन हीन क्षेत्र में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 10 जवान नियमित गश्त पर निकले थे। जिन पर रायफलों और मोर्टार से लैस चीनी सैनिकों ने छलपूर्वक एम्बुश लगाकर अचानक हमला कर दिया। चीनी सैनिकों से मुकाबला करने के दौरान सभी बहादुर जवान शहीद हो गए। इन्हीं वीर जवानों के बलिदान को याद करते हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**दबिश के दौरान सिपाही सचिन को लगी गोलीः**25 दिसंबर 2023 को कन्नौज के छिबरामऊ थाने में तैनात सिपाही सचिन राठी फोर्स के साथ तस्कर के घर दबिश देने गए थे। इस दौरान तस्कर अशोक कुमार उर्फ मुनुआ, उसके बेटे टिंकू उर्फ अभयराज, पत्नी श्यामा देवी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। इसमें एक गोली आरक्षी सचिन राठी की जांघ में लगी। उन्हें कानपुर के रीजेंसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी अगले दिन मौत हो गई थी।

**इन पुलिसकर्मियों के परिजनों का सम्मानः**यूपी में 1 सितंबर 2023 से 31 अगस्त 2024 के बीच दो जिलों में तैनात रहे दो पुलिसकर्मियों ने ड्यूटी के दौरान अपनी जान गवां दी थी। इन पुलिस कर्मियों की शौर्य गाथा को स्मृति दिवस पर प्रस्तुत करने के साथ उनके परिजनों को सम्मानित किया जाएगा।

## जालसाजों ने उड़ाये एक लाख रुपये

लखनऊ। गुडम्बा थाना क्षेत्र के सरगम आपर्टमेंट, कुर्सी रोड निवासी पवन कुमार ने बताया कि दिल्ली आरटीओ से उनका एक पार्सल आना था। इसी बीच उन्हें एक ई मेल मिला। ईमेल खोलने के बाद उनके पास मोबाइल से एक काल आई। काल करने वाले ने कहा कि अगर वह पार्सल घर पर डिलिवर कराना चाहते हैं तो उन्हें अपना पता परिवर्तन कराना होगा। साइबर ठग ने पता चेंज करने का शुल्क दो रुपए जमा करने के लिए व्हाट्सएप पर लिंक भेजा। पीड़ित के मुताबिक लिंक खोलते ही उनके बैंक खाते से 50 हजार-50 हजार रुपए करके कुल एक लाख रुपए दो बार मे कट गए।

## पत्नी से कहासुनी के बाद युवक ने फंदे से लटकर दी जान

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आशियाना थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने रविवार रात नशे की हालत में पत्नी से कहासुनी के बाद अपने कमरे में लगे पंखे के हुक में दुपट्टे के सहारे फांसी लगा आत्महत्या कर अपनी जान गवां दी आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित मुराईन खेड़ा बंगला बाजार में सोमवार सुबह 38 वर्षीय युवक अमित कुमार शर्मा पुत्र स्व जय नारायण शर्मा ने रविवार रात्रि अपने घर के कमरे में लगे पंखे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा आत्महत्या कर लिया। वही सोमवार सुबह परिजनों ने युवक को मृत अवस्था में फंदे लटका देख पुलिस को जानकारी दी सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ शव को फंदे से उतार कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ` मृतक के बड़े भाई संजय शर्मा ने बताया कि रविवार रात्रि समय उसका मृतक भाई नशे की हालत में घर आया था और पत्नी से किसी बात को लेकर झगड़ा करने के बाद अपने कमरे में जाकर दरवाजा अंदर से बंद कर लिया थो मृतक पेशे से मजदूरी करता था परिवार में पत्नी नेहा व एक 4 वर्ष का बेटा अर्णव है।

## अवसाद ग्रस्त छात्रा ने लगायी फांसी

लखनऊ। गोसाईंगंज के रज्जाकपुर गाँव निवासी अवसादग्रस्त एक छात्रा ने सोमवार की सुबह अपने बाथरूम में नहाने के बहाने दरवाजा बंद कर रोशनदान से दुपट्टे के सहारे लटक कर जान दे दी। जब काफी देर तक बाथरूम से नही निकली तो परिजनों ने दरवाजा तोड़कर अंदर गए तो देखा कि वह लटकी हुई है, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी । इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि रज्जाकपुर गाँव निवासी सलोनी ( 17 ) क्षेत्र के एक निजी विद्यालय में कक्षा 11 में पढ़ती थी ,जो सोमवार की सुबह नहाने के बहाने बाथरूम में जाकर रोशनदान की खिडकी से दुपट्टे के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। पिता रामकुमार वर्मा ने पुलिस को बताया कि इचवलिया गाँव निवासी अभिषेक उसे स्कूल जाते समय छीटा कसी कर परेशान करता था ,जिसके कारण मृतका एक माह से स्कूल नही जा रही थी , आरोपी ने उसकी फेसबुक की नई आई डी बनाकर उसमें मृतका की फोटो लगाकर रिस्तेदारो व अन्य लोगो को रिक्वेस्ट भेज कर गंदे गंदे मैसेज लोगो को भेजता था जिससे मेरी बेटी अवसाद ग्रस्त हो गयी थी। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि इसी कारण मेरी बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इंसपेक्टर ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## सिपाही ने बचायी व्यक्ति की जान

**लखनऊ।** हजरतगंज इलाके में सोमवार सुबह एक व्यक्ति बाइक स्लीप होने से गिर गए। इस दौरान वहां पर एसीपी हजरतगंज और सिपाही सूरज मौजूद थे। घटना के बाद वहां पर भीड़ जमा होने लगी। सिपाही सूरज ने देखा कि व्यक्ति को सांस लेने में दिक्कत हो रही और शरीर अकड़ रहा है। इसके बाद सिपाही ने तुरंत व्यक्ति को उढफ्देना शुरू किया। कुछ देर में उन्हें होश आया गया। इसके बाद सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हजरतगंज थाने में तैनात सिपाही सूरज गुप्ता की ड्यूटी मोतीमहल के पास लगी थी। सोमवार सुबह करीब 9 बजे अजय कुमार ( 45 ) पुत्र भगवत स्वरूप अपनी मोटर साइकिल से अल्का तिराहे से हजरतगंज चौराहे की तरफ जा रहे थे। तभी बाइक स्लिप होने से गिर गए और उनका सिर डिवाइडर से टकरा गया।

**ऑटो से अस्पताल पहुंचायाः** इस दौरान कार्डियक अरेस्ट आ गया और अजय का शरीर ऐंठने लगा। सिपाही ने इलाज के तौर पर उढफ्देना शुरू कर दिया। जिससे स्थिति सामान्य हुई और अकेले ही ऑटो से सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां से परिजनों को सूचना दी। मौके से पहुंचे परिजन हालत सही होने पर अजय कुमार को घर लेकर चले गए। घटना के वक्त एसीपी हजरतगंज अरविंद वर्मा और चौकी प्रभारी उत्तरी भी मौजूद रहे। सिपाही सूरज ने बताया कि ट्रेनिंग के दौरान उनको सिखाया गया था। जिसका उपयोग करके उन्होंने एक व्यक्ति की जान बचाई।

## सूचना

सुचित हो कि मेरा इण्टरमीडिएट का अंकपत्र अनुक्रमांक नं. 4046364 वर्ष 2020 (व्यक्तिगत) व E.W.S. सर्टिफिकेट नं 781 व बी.एस.सी. डिग्री अनुक्रमांक नं 190400130669 कही खो गया है। **सुजीत कुमार अवस्थी पुत्र अनिल अवस्थी नि. ग्राम पुरासी पोस्ट कुसुढी सागरपुर।**

## वारंटी गिरफ्तार

लखनऊ। लंबे समय से पेशी से गैरहाजिर चल रहे वारंटी को न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी अधिपत्र के अनुपालन में नगराम पुलिस द्वारा सोमवार के दिन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि अनैया खरगा पुर गांव निवासी द्वारिका के लड़के ललित के विरुद्ध सन-2019 में दर्ज मारपीट का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। जमानत पर छूटने के बाद से ही आरोपी पेशी से गैरहाजिर चल रहा था। कई बार नोटिस दिए जाने के बावजूद भी न्यायालय में हाजिर नहीं होने पर न्यायालय अपर मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट चतुर्थ लखनऊ द्वारा जारी गिरफ्तारी अधिपत्र के अनुपालन में उपनिरीक्षक उपेंद्र यादव द्वारा उपनिरीक्षक संजय सिंह के साथ दबिश देकर सोमवार सुबह वारंटी ललित को उसके घर से दबोच लिया गया। जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## छोटे भाई ने चाकू से किया हमला, दांत से उंगली काटी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आशियाना थाना इलाके रहने वाले दो सगे भाईयों के बीच शनिवार शाम पुरानी जमीनी विवाद के चलते कहासुनी हो गई । इस दौरान छोटे भाई ने बड़े भाई पर चाकू से हमला करने के साथ बड़े भाई की दांत से उंगली काट अंगभंग कर दिया। वही घायल की पत्नी ने देवर के खिलाफ स्थानीय थाने में लिखित शिकायत की है।

आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि एलडीए कॉलोनी सेक्टर जी निवासी कृष्णा देवी पत्नी दिनेश कुमार के अनुसार उनके देवर राजेश कुमार पुत्र शिव बरन प्रसाद व देवरानी संजू निराला घर में उनके साथ रहते है। आरोप है कि पुरानी जमीनी विवाद को लेकर शनिवार की शाम उनके पति व देवर में कहासुनी हो गई और उनके देवर राजेश कुमार ने पति पर अचानक चाकू से हमला कर दिया । उसने किसी तरह देवर के हाथ से चाकू छीनकर फेका किन्तु हाथा पाई में दिनेश चौधरी ने उसके पति की बाई हाथ की ऊंगली राजेश अपने दात से काटकर फेक दिया । वही चीख पुकार सुन आस पड़ोस के लोगों को इकठ्ठा हो गए और घायल की जान बचाई। वही पीडिता का कहना था इससे पहले भी देवर राजेश कुमार व देवरानी संजू निराला पीडिता व उसके पति को जान माल की धमकी कई बार दे चुके है। जिसके चलते उसने किसी अनहोनी की आशंका जता पुलिस को कन्ट्रोल नम्बर पर शिकायत करने के साथ आरोपित देवर व देवरानी के खिलाफ नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की पत्नी की नामजद शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## बैटरी गोदाम में लगी भीषण आग फायर ब्रिगेड ने पाया काबू



**लखनऊ।** गाजीपुर थानाक्षेत्र के संजय गांधीपुरम में बैटरी के गोदाम में आग लग गई। गोदाम में रखी बैटरी में विस्फोट होने लगे। जिससे इलाके में अफरातफरी मच गई। आस-पास के मकान खाली करा दिए गए। सूचना मिलते ही पुलिस के साथ फायर ब्रिगेड तीन गाड़ियों मौके पर पहुंचीं। करीब 1 घंटे कि कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इंदिरा नगर कंट्रेल रुम को सोमवार शाम करीब 4 बजे शशांक गुप्ता ने संजय गांधीपुरम में आग लगने की सूचना दी। उन्होंने बताया कि चार्जिंग के दौरान गोदाम में आग लग गई। बैटरी में ब्लास्ट होने से आग काफी तेज फैली। गोदाम के बगल में खड़ी स्कूटी भी चपेट में आ गई। वहीं ठाकुरगंज इलाके में ठाकुरगंज निवासी रज्जनू के घर में घरेलू सिलेंडर में आग लग गयी सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में आग पर काबू पा लिया। पुलिस का कहना है कि कोई जनहानि नहीं हुई है।

## महिला को ई रिक्शा चालक ने मारी टक्कर

लखनऊ। थाना मड़ियांव क्षेत्र में तेज रफ्तार ई रिक्शा चालक ने सड़क पार कर रही महिला को टक्कर मार दी। महिला के विरोध करने पर आरोपी ने महिला के साथ गाली गलौज और उसे तेजाब से जलाने की धमकी दी। मड़ियांव थाना प्रभारी शिवानंद मिश्रा ने बताया कि रेनू मिश्रा हरिओम नगर में रहती है। रेनू 18 सितंबर की रात 9:30 बजे रामलीला मैदान के पास किराने की दुकान से सामान खरीदकर सड़क पार कर रही थी। तभी उसी बक्त ई रिक्शा चालक शनि ने रेनू को टक्कर मार दी। पीड़िता द्वारा देख कर ई रिक्शा चलाने की बात कहने पर आरोपी ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर हाथ पकड़ कर मरोड़ दिया और तेजाब से चेहरा जलाने की धमकी दी। आरोपी के साथ मौजूद युवक ने पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। मड़ियांव थाना प्रभारी शिवानंद मिश्रा ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है।

## न्यायालय सूचना

**नोटिस निस्वत दिखाने वजह के (आम तौर पर) व अदालत तृतीय अतिरिक्त सिविल जज (सी.डि.) जिला आगरा**

**इजराय सं. 14/2024**

**जय बजरंग सरकारी आवास समिति लि. द्वारा सेकेट्री श्री प्रदीप कुमार साकिन 1/115-ए-4, देहली गेट आगरा**

...........डिक्रीदार

बनाम

**श्री क्षेत्रपाल सिंह पुत्र श्री चन्दन सिंह साकिन गांव स्याऊ, जिला बिजनौर उ.प्र.**

....... विपक्षी

बनाम डिक्रीदार ने दख्वास्त इस अदालत में गुजरानी है कि लिहाजा आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अदालत या मार्फत किसी वकील के जो हालात मुकदमा से बखूबी वाकिफ हो व तारीख 12.11.2024 व वक्त 10.00 बजे इस अदालत में हाजिर होकर दरख्वास्त के खिलाफ वजह दिखावे। अगर ऐसा न करेंगे तो दख्वास्त मजकूर को गैर हाजिरी में एक तरफा समायत होगी।

आज व तारीख 10 माह 10 सन 2024 ई. मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से जारी किया गया।

**जज**

## इंदिरा नहर में मिला अज्ञात महिला का शव



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगराम इलाके से गुजरी इंदिरा नहर में जमालपुर गांव के पुल के पास पानी में अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ । ग्रामीणों सूचना पर पहुंची नगराम पुलिस द्वारा शव पानी से बाहर निकाल कर पहचान कराने का प्रयास किया गया फिर भी पहचान नहीं हो सकी । थानाध्यक्ष नगराम के अनुसार मृतका के शरीर पर कोई जाहिरा चोट के निशान नहीं पाए गए हैं शरीर की खाल उघड़ी हुई है । शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है । रिपोर्ट आने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी ।

थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि सोमवार सुबह जमाल पुर गांव के पास पुल के समीप इंदिरा नहर में अज्ञात महिला का शव पड़ा होने की ग्रामीणों द्वारा दी गई सूचना पर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच कर शव पानी से बाहर निकाल कर मौजूद ग्रामीणों से पहचान कराने का प्रयास किया गया पर पहचान नहीं हो सकी । मृतका की उम्र करीब 35 वर्ष आंकी गई । शव कई दिन पुराना लग रहा है शरीर की खाल उघड़ी हुई है । शरीर पर कोई जाहिरा चोट के निशान नहीं पाए गए हैं । मृतका के शरीर काली साड़ी, काला ब्लाउज, दाहिने पैर में काला धागा हाथों में लाल चूड़ी व एक बिछिया है।

## युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**लखनऊ।** आशियाना थाना इलाके में रहने वाले एक युवक की सोमवार तड़के संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिसे परिजनों ने गंभीर हालत में नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया जहाँ डाक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर स्थानीय कृष्णा नगर पुलिस को घटना की जानकारी दे दी। आशियाना किला चौकी प्रभारी गणेश सिंह के अनुसार थाना क्षेत्र स्थित शारदा नगर योजना रूचि खंड द्वितीय में रहने वाला 32 वर्षीय युवक नीरज तिवारी पुत्र राम सहाय तिवारी परिवार में पत्नी व माता पिता और भाई संग रहता था । सोमवार तड़के आनन फानन में परिजन नीरज को नजदीकी लोकबंधु अस्पताल ले गए जहाँ जाँच के बाद डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर स्थानीय कृष्णा नगर पुलिस को सूचना दे दी सूचना पर पहुंची कृष्णा नगर पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वही पुलिस के अनुसार युवक की मौत संदेहास्पद है गले पर कसाव के निशान मिले है जिससे प्रतीत होता है कि मृतक ने फांसी लगाई है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत कारण स्पष्ट हो सकेगा

## दंगल में पहलवानों ने दिखाया दमखम

लखनऊ। पीजीआई क्षेत्र के कल्ली पश्चिम गांव में सोमवार को प्रदेश के कई जिलों से आए पहलवानों ने दंगल में अपना दमखम दिखाया और पुरस्कार जीते। दंगल में महिला पहलवानों ने भी अपनी ताकत दिखायी। युवा दंगल कमेटी की ओर से आयोजित दंगल में लखनऊ, रायबरेली, गोरखपुर, आजमगढ़, बाराबंकी, कानपुर शहर और देहात, वाराणसी, बहराइच व मेरठ से आए पहलवानों ने कुश्ती के दांव-पेंच दिखाए। प्रतापगढ़ से आई महिला पहलवान काव्या और लखनऊ की रानी के बीच कुश्ती आकर्षण का केन्द्र रही। इसमें काव्या को जीत मिली। वहीं निगोहां के भावा खेड़ा के अंकुल और बछरावां के अनुज के बीच कुश्ती हुई। जिसमें अंकुल ने अनुज को चित्त किया। इस दंगल में करीब चालीस कुश्तियां करवाई गईं। कमेटी के अध्यक्ष रामसनेही यादव, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर रावत और अन्य सदस्यों की ओर से दंगल में विजेता और उपविजेता पहलवानों को नगद पुरस्कार दिया गया। कुश्ती का फाइनल मुकाबला गोमतीनगर के पहलवान पम्मी और माती के पंकज के बीच हुआ। जिसमें पंकज ने पम्मी को पटकनी देकर विजय हासिल की। विजेता पहलवान को 3100 रुपये नकद राशि और साइकिल भेंट की गई। इस मौके पर सपा के जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत, पूर्व विधायक अम्बरीष पुष्कर, सीएल वर्मा, बचान सिंह यादव, अनुरेंद्र कुमार अन्नू, गुड्डू तिवारी, दीपेंद्र गुप्ता समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मीरामानिकपुर, वि.ख. कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर**

**पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25** **दिनांक-21.10.2024**

**निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मीरामानिकपुर, वि.ख. कूरेभार, सुलतानपुर में राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त व मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 22.10.2024 से दिनांक 28.10.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत मीरामानिकपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 28.10.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्रम सं. | योजना का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | प्रधानमंत्री सड़क से इमरान के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 2.70 लाख रुपये। | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 2. | मनरेगा | हनुमान सिंह के घर से राम जनम के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 6.03 लाख रुपये। | इंटरलॉकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 3. | मनरेगा | निदूरा पिच रोड से राम किशोर के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 7.34 लाख रुपये। | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |

**नोट- समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।**

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रां.पं.- मीरामानिकपुर, वि.ख.- कूरेभार**
**जनपद-सुलतानपुर**

# अगर संघर्ष न हो तो जिंदगी बेकार है : संजय मिश्रा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अभिनेता संजय मिश्रा अपने मस्त मौले और बिंदास अंदाज के लिए जाने जाते हैं। वह छोटे पर्दे पर भी अपने फैंस का दिल जीत लेते हैं। ऑफिस-ऑफिस में शुक्ला का किरदार कौन भूल सकता है, उसके साथ ही धमाल फिल्म में बाबू भाई का रोल भी सबको याद ही होगा और आंखों देखी के राजेश बाबू जी के रूप में उनको एक अलग पहचान मिली है। मुख्य फिल्म धमाल, जॉली एलएलबी, गोलमाल, आंखों देखी, दम लगा के हईशा, मसान, जैसी फिल्मों में वह काम कर चुके हैं।

अपने अभिनय से करोड़ों दिलों पर राज करने वाले बॉलीवुड एक्टर संजय मिश्रा पिछले दिनों नवाबों केशहर लखनऊ पहुंचे। वॉयस ऑफ लखनऊ से बेबाक बातचीत की। उन्होंन बचपन से लेकर बॉलीवुड तक के सफर पर विस्तार से चर्चा की। संजय मिश्रा ने बिहार से बॉलीवुड तक के सफर पर कहा कि यह प्रश्न मुझसे कई बार पूछा जा चुका है। मैंने उतनी बार सफर नहीं किया। जितना ये प्रश्न मुझसे पूछा गया। सफर आज भी जारी है। जिंदा हैं, बढ़िया हैं, कुछ अपने आप से करने की कोशिश की करते हैं समाज उसको पसंद करता है, अपना प्यार देता है। बॉलीवुड एक्टर संजय मिश्रा बोले कि संघर्ष न हो तो जिंदगी बेकार है वे', उन्होंने कहाकि संघर्ष जीवन भर चलता है। युवाओं से संजय मिश्रा ने अपील करते हुए कहा कि कि निराश न हों। कड़ी मेहनत करते हुए सतत प्रयास बनाएं रखें।

**सभी की तरह है मेरा भी बचपन :** बचपन जैसे सभी का होता है वैसे मेरा भी था। बात के दौरान पूछा कि आपका बचपन कैसा था। इसके बाद उन्होंने कहा कि 'जैसे आपका बचपन था वैसे मेरा बचपन। मजाकिया अंदाज में उन्होंने कहा कि मेरा बचपन, तेरा बचपन, हम सभी का बचपन।' बचपन तो सबसे निराला होता है। सबसे शानदारन समय होता है।

**पढ़ाई में था नालायक :** पढ़ाई के सवाल पर उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि 'मैं पढ़ाई में थोड़ा ना लायक था। लायक नहीं था।' मेरा दिमाग ही पढ़ाई में नहीं जाता था। उस समय मेरे पास एक वॉकमैन होता था। जिसमें मैं कैसेट डालकर बजाता था। बाद में सीडी आ गया। मैं अक्सर म्यूजिक सुनता था। कुछ पता नहीं था कि मैं क्या बनूंगा। लेकिन एक बात तय थी कि मुझे कलाकार बनना है।

**गोरखपुर में है बुआ का घर :** संजय मिश्रा की बुआ का घर गोरखपुर के जगन्नाथपुर कॉलोनी में है। यहां के बारे में संजय मिश्रा बताते हैं कि अक्सर छुट्टियों में यहां आया करता था। बहुत मजा आता था। फूफा जी मेरे तरह ही बहुत मजाकिया और जिंदादिल इंसान थे। कुछ यादें शेयर करते हुए उन्होंने बताया कि 'एक बार जब मैं यहां आया था तब फूफा जी ने कहा कि संजय जा यार मटर ले आ। उसके बाद मैं मटर लाया। मटर लाने के बाद उन्होंने बोला कि अरे इसे छीलेगा कौन। इसके बाद मटर छीला और बनाया। सबने मिलकर खाया।

**खेती-बारी में है विशेष रुचि :** संजय मिश्रा ने कहा कि मुझे खेती बारी और किसानी का काम बहुत अच्छा लगाता है। इस समय मैं इसमें भी लगा हूं। आपसे बात कर रहा हूं लेकिन ध्यान अपने टमाटर के पौधे पर है कि कितना बड़ा गया। साथी बोलते हैं यार एक बार में सौ किलो टमाटर होगा तुम क्या करोगे। मैंने मजाकिया अंदाज में कहा बेचूंगा, सब्जी बेचने में टॉप पर रहूंगा।

**1995 से नहीं बदला सूट केश:** संजय मिश्रा के पास एक सूटकेस है. वह जहां भी जाते हैं, उस सूटकेस के साथ ही जाते हैं। यह सूटकेस 1995 से उनके पास है। संजय मिश्रा ने बताया कि जब वह संघर्ष कर रहे थे। उस समय यह बैग उनके पास था। अभिनेता ने बताया कि संघर्ष के दिनों में यह बैग उनके पास था। इसलिए आज यह बैग उनकी पहचान है। उन्होंने कहा कि अपने करीबी चीजों को नहीं बदलना चाहिए।

**एक्टिंग में देसी पन है:** हास्य अभिनेता संजय मिश्रा ने बताया कि उनकी एक्टिंग में देसी पन है, क्योंकि वह बनारस के रहने वाले हैं। यहीं पर उन्होंने पढ़ाई-लिखाई की। इसीलिए हर एक के अंदर उसके शहर का अंदाज रहना चाहिए। उन्होंने कहा मुझे यह पहचान बनारस से मिली है। इसलिए वह बनारसी पन को नहीं छोड़ सकते हैं।

**किसी की कॉपी न करें:** संजय मिश्रा ने नए कलाकारों के लिए कहा कि आप जो हैं, वही रहिए। किसी की कॉपी मत करिए। प्रभु ने हर इंसान में कुछ न कुछ चीज दी है। इसलिए ईश्वर ने जो दिया है, उसे हर कलाकार को प्लेटफार्म पर लाने की जरूरत है। वही अपनी पहचान बनती है। उन्होंने कहा कि वह जब भी बनारस आते हैं, उस्ताद बिस्मिल्लाह खान की शहनाई को जरूर सुनते हैं। बनारस के घाटों पर उन शहनाई को सुनकर जैसे लगता है कि वह यहां बैठे हों. घाटों पर उस्ताद बिस्मिल्लाह खान के शहनाई को सुनकर बनारस को महसूस किया जा सकता है।

# उदयभान व निर्भय को 150वां सृजन सम्मान



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यू पी प्रेस क्लब और उ प्र साहित्य सभा द्वारा आज 150 वें सृजन समारोह का आयोजन किया गया। प्रेस क्लब के अध्यक्ष रविन्द्र सिंह सर्वेश अस्थाना हसीब सिद्दीकी व शिवशरण सिंह ने सृजन सम्मान से वरिष्ठ कवि उदय भान पांडेय 'भान' को व युवा सृजन सम्मान से निर्भय निश्छल को शाल प्रतीक चिन्ह व प्रतीक प्रमाणपत्र से सम्मानित किया। योगी योगेश शुक्ल के संचालन व सुभाष रसिया के संयोजन तथा के पी पुंज जी की अध्यक्षता में रश्मि श्रीवास्तव की वाणी वन्दना से शुरू हुए कविसम्मेलन में प्रमोद श्रीवास्तव, डॉ रुद्रमणि, राजीव वत्सल, अरविंद झा, विनोद शंकर शुक्ल, वन्दना विशेष, प्रतिभा श्रीवास्तव, कीर्ति वाणी, अनिता सिन्हा, अनीता अरोरा, डॉ संदीप शर्मा, मनमोहन बराकोटी, सुनीता चतुर्वेदी, खुशीराम बाजपेई, गौरव श्रीवास्तव, हिमांशु सक्सेना, सुभाष गुरुदेव, स्वप्निल शर्मा, राजेश राज, अनुराग मिश्र, नेहा शिवम, अमिता मिश्रा, अटल नारायण आदि ने काव्यपाठ किया। धन्यवाद ज्ञापन विनोद शंकर विनोद ने किया।

# सूर्यकुमार पाण्डेय को मिला 'निशंक साहित्य' सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** सोमवार को डॉ. लक्ष्मीशंकर मिश्र निशंक की 106वीं जयन्ती के अवसर पर निराला सभागार, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के सभागार में वरिष्ठ कवि उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता, विशिष्ट अतिथि पद्मश्री डॉ. विद्या विन्दु सिंह की उपस्थिति में डॉ. लक्ष्मीशंकर मिश्र निशंक साहित्य सम्मान-2024 से सुप्रसिद्ध साहित्यकार सूर्यकुमार पाण्डेय, लखनऊ को तथा विद्या मिश्र लोक संस्कृति सम्मान-2024 से श्रीमती उषा सक्सेना, कानपुर को सम्मानित करते हुए प्रत्येक को ग्यारह-ग्यारह हजार रुपये की धनराशि, अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न व प्रशस्ति-पत्र भेंट किया गया।

इस अवसर पर नीलम चतुर्वेदी एवं सुश्री दिशा जगूड़ी द्वारा डॉ. निशंक जी की कविता लखनऊ-नगर पर निर्मित वृत्तचित्र की प्रस्तुति की गयी। डॉ. निशंक द्वारा रचित वाणी वन्दना की सस्वर प्रस्तुति श्रीमती रूपा पाण्डेय सतरूपा द्वारा की गयी। सभाअध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि का उत्तरीय एवं उपहार भेंट कर स्वागत, संस्थान के अध्यक्ष डॉ. कमलाशंकर त्रिपाठी एवं श्री योगीन्द्र द्विवेदी द्वारा किया गया। अभ्यागतों का स्वागत डॉ. निशंक संस्थान के अध्यक्ष डॉ. कमलाशंकर त्रिपाठी द्वारा किया गया। डॉ. निशंक साहित्य सम्मान से सम्मानित सूर्यकुमार पाण्डेय ने कहा डॉ. निशंक जी से बहुत कुछ सीखने को मिला। उनका व्यक्तित्व काफी सरल एवं सौम्य था। छन्द, सवैया, कवित्त, घनाक्षरी आदि के वे एक हस्ताक्षर कवि थे। उन्होंने कविता मैंने तो मधुबन मांगा था, तुमने तो पतझड़ दे डाला सुनाते हुए कहा हम कवियों ने उनसे बहुत कुछ सीखा, पढ़ा व जाना। पाण्डेय जी ने डॉ. निशंक जी व पं. श्रीनारायण चतुर्वेदी जी के मध्य बीते हुए कुछ क्षणों के रोचक तथ्यों को भी सुनाया। पाण्डेय जी ने अपनी बाल रचित रचना कान कुछ के पंखे जैसे होते, हुए कुछ के होते छोटे कान सुनायी।

विद्या मिश्र लोक संस्कृति सम्मान से सम्मानित उषा सक्सेना ने कहा कि मेरी मुलाकात निशंक जी से बाल्यकाल में हुई। डॉ. निशंक जी का व्यक्तित्व काफी विराट था। उन्होंने बताया कि उनकी कविताएं सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो जाते थे। उनकी सरलता सभी को आकर्षित कर लेती थी। डॉ. निशंक जी जब बोलते थे तब हवा रुक जाती थी, कोयले कूकना बंद कर देती थी। वे मधुर गाते थे, अच्छा लिखते थे। वे हमेशा अमर रहेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पद्मश्री डॉ. विद्या विन्दु सिंह ने कहा डॉ. निशंक साहित्य जगत के महान विभूति हैं। हमें अपनी पीढ़ियों को अपने अनुभव व विरासत देना चाहिए। गीत लिखने की प्रेरणा मुझे डॉ. निशंक जी से ही मिली। माता-पिता की विरासत को बढ़ाने में संतानों को अपनी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्री गोपाल चतुर्वेदी ने कहा डॉ. निशंक जी हास्य व्यंग्य कविताएं भी लिखा करते थे। श्री सूर्य कुमार पाण्डेय जी अखिल भारतीय कवियों में गिने जाते हैं। डॉ. निशंक जी ने साहित्य के क्षेत्र में अपनी एक विशिष्ट छाप छोड़ी है। समारोह की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कवि श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा डॉ. निशंक छन्दबद्ध कविताएं लिखने के कारण वे जीवनभर अनुशासित रहे। वे साहित्य जगत में एक मशाल के रूप में जाने जाते रहेंगे। वे साहित्य जगत को हमेशा रोशन करते रहेंगे। वे छन्द विधा के बादशाह थे। छन्दकार के रूप में वे सदैव अनुशासित रहे। वे जिन वसूलों को मानते थे उन वसूलों पर जीवन भर चलते रहे। उदय प्रताप ने अपनी शरदपूर्णिमा और चांदनी पर लिखी कविता सुनाई। समारोह का संचालन डॉ. योगेश ने किया।

# 28 अक्टूबर को खाटू श्याम मन्दिर में लगेगा ज्योतिष कुंभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहर में पहली बार 28 अक्टूबर को प्रख्यात ज्योतिषाचार्यों का जांघट बीरबल साहनी मार्ग स्थिर श्री खाटू श्याम मन्दिर में सुबह 11बजे से 5 बीच लगेगा। जिसमे पूरे प्रदेश से ज्योतिषाचार्यों को आमंत्रित किया गया हैं। ये ज्योतिषाचार्य आम जनमानस की निशुल्क ज्योतिष परामर्श के साथ दैनिक जीवन आ रही समस्याओं का निदान करेगे। मन्दिर महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने बताया कि ये कार्यक्रम उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा लगाया जा रहा हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य ज्योषित कुंभ में आए हुए जनमानस को निःशुल्क ज्योषित परामर्श उपलब्ध कराना है। ज्योषित कुंभ कार्यक्रम में जन्म पत्रिका, फलिक ज्योतिष, अंक ज्योतिष, कुंडली मिलान, लाल किताब, ग्रह शांति उचित जानकारी, रत्नों की उचित जानकारी, वास्तु परामर्श, पितृ दोष निवारण, मांगलिक दोष निवारण, कालसर्प दोष निवारण, नवग्रह, ग्रह शांति एवं अन्य समस्याओं से संबंधित परामर्श के साथ निःशुल्क कुंडली उपलब्ध कराई जाएगी।

# कार्यालय आदर्श नगर पंचायत पिपरी, सोनभद्र

**पत्रांक : 136/न.पं.पि./2024-25/सामान्य निविदा/** **दिनांक 18.10.2024**

**अति अल्पकालीन सामान्य निविदा / कोटेशन दर आमंत्रण सूचना**

एतद्द्वारा समस्त पंजीकृत/अपंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत पिपरी में राज्य वित्त आयोग निधि/निकाय निधि में प्राप्त होने वाली धनराशि की प्रत्यासा में उक्त कार्य कराने हेतु अति अल्पकालीन सामान्य निविदा/कोटेशन दर आमंत्रण के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दशार्ये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिये निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत है:-

| क्र. सं. | मद का नाम | कार्य का नाम | आंगणन धनराशि जी.एस.टी. रहित (धनराशि रु. में) | बिड सिक्योरिटी (ई.एम.डी.) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य सहित (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य वित्त आयोग | वार्ड सं0 03 में राहुल शर्मा के घर के सामने छठ घाट का मरम्मत और दीवाल तथा इंटरलॉकिंग निर्माण। | 84690.00 | 2000.00 | 100.00 | 7 दिन |
| 2 | तदैव | वार्ड सं0 05 में विभिन्न मार्गो के किनारे झाड़ी कटिंग एवं समतलीकरण का कार्य। | 84632.00 | 2000.00 | 100.00 | 7 दिन |
| 3 | तदैव | वार्ड सं0 07 में कुबेर सिंह के घर के सामने छठ घाट का मरम्मत। | 81382.00 | 2000.00 | 100.00 | 7 दिन |
| 4 | तदैव | वार्ड सं0 07 में कुसुम शर्मा के घर के सामने छठ घाट का मरम्मत और दिवाल का निर्माण। | 84737.00 | 2000.00 | 100.00 | 7 दिन |
| 5 | तदैव | वार्ड सं0 08 में बी0के0 श्रीवास्तव जी के घर के सामने छठ घाट का निर्माण। | 95854.00 | 2000.00 | 100.00 | 7 दिन |
| 6 | तदैव | वार्ड सं0 10 में आर0ओ0 पानी टंकी के बगल और सिंचाई विभाग के पानी टंकी के पास छठ घाट का मरम्मत। | 84550.00 | 2000.00 | 100.00 | 7 दिन |
| 7 | तदैव | वार्ड सं0 10 में पानी टंकी के पास छठ घाट का मरम्मत तथा मिट्टी फिलिंग और दीवाल का निर्माण। | 84679.00 | 2000.00 | 100.00 | 7 दिन |
| 8 | तदैव | वार्ड सं0 08 में धीरज श्रीवास्तव के घर के पास छठ घाट का मरम्मत। | 24996.00 | 1000.00 | 100.00 | 7 दिन |
| 9 | तदैव | वार्ड सं0 03 में काली मंदिर के पास छठ घाट का मरम्मत। | 23594.00 | 1000.00 | 100.00 | 7 दिन |
| 10 | तदैव | वार्ड सं0 04 में पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास छठ घाट का मरम्मत। | 23594.00 | 1000.00 | 100.00 | 7 दिन |

2. निविदा डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता (निविदा बिक्रय) की तिथि-दिनांक 19.10.2024 से 26.10.2024 को समय अपरान्ह 2.00 बजे तक।
3. निविदा फार्म कार्यालय नगर पंचायत पिपरी, सोनभद्र से निर्धारित तिथि तक प्राप्त की जा सकती है।
4. निविदा डालने की तिथि, समय व स्थान-दिनांक 19.10.2024 से 26.10.2024 को समय अपरान्ह 02.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत पिपरी, लिपिक / कम्प्यूटर सेल कक्ष में रखे निविदा बाक्स में ।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय व स्थान - दिनांक 26.10.2024 को समय अपरान्ह 04.00 बजे तक, कार्यालय नगर पंचायत पिपरी, लिपिक / कम्प्यूटर सेल कक्ष।
6. निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्तें की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में नगर पंचायत पिपरी के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है।
7. निविदा खोलने तिथि को अवकाश पड़ने अथवा अन्य किन्हीं भी कारणों से निविदा नहीं खोली जाती तो निविदा आगामी कार्य दिवस में खोली जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत पिपरी, सोनभद्र**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत पिपरी, सोनभद्र**

# फूलों से सजा भव्य मां भगवती का दरबार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रामाधीन सिंह कॉलेज फैजाबाद रोड के सामने स्थित भुईयन देवी मंदिर में सोमवार को मां भगवती का विशाल जागरण संपन्न हुआ। जिसमें भजन गायको शिवम पंडित प्रीति शर्मा शिखा मोहन अवस्थी ने मां के सुंदर-सुंदर भजन सुनाकर माहौल को भक्ति मय बनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा ने कार्यक्रम की शुरूआत मां भगवती की आरती से की। इस मौके पर मंदिर के पुजारी मनोज सिंह साथ में घनश्याम अग्रवाल, अनुराग साहू, उमाकांत मिश्रा राजकुमार वर्मा अजय त्रिपाठी मुन्ना आज लोग मौजूद रहे इस मौके पर मंदिर को कई कुंतल गेंदा गुलाब चमेली के फूलों से हुआ बिजली की रंग बिरंगी झालरों से सजाया गया देर रात का भक्ति जागरण चला रहा कार्यक्रम में दूर-दूर से लोगों ने बादलों का आनंद लेने पहुंचे।

# 10 कलाकारों की कलाकृतियां बढ़ायेंगी शहर की शोभा






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित वास्तुकला एवं योजना संकाय, डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के टैगोर मार्ग परिसर में लखनऊ विकास प्राधिकरण के सहयोग से हो रहे आठ दिवसीय समकालीन मूर्तिकला शिविर का समापन सोमवार को हुआ।

मुख्य अतिथि जे पी पांडे कुलपति अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ ने कहा कि यह कलाकारों की कलाकृति देख कर बेहद प्रसन्नता हो रही है। हमारे इस वास्तुकला संकाय की इस अच्छे आयोजन के लिए तारीफ करते हैं। कार्यक्रम में शामिल हुये लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों से आये कलाकारों ने बेहद सुंदर व आकर्षक कलाकृतियां बनायी हैं। उन्होंने कलाकारों को बधाई देते हुए कहा कि अब इन मूर्तिशिल्प को शहर के प्रमुख चैराहों व पार्कों में स्थापित किया जाएगा, जोकि शहर की सुंदरता को बढ़ाएंगे। क्यूरेटर वंदना सहगल ने बताया कि आठ दिन सभी कलाकारों ने अथक परिश्रम करके यह सारे मूर्तिशिल्प का निर्माण किया है। उन्होंने आये हुए सभी लोगों का आभार भी व्यक्त किया।

कोऑर्डिनेटर भूपेंद्र अस्थाना ने बताया कि शिविर में आये कलाकारों में 2 महिला और 8 पुरुष मुर्तिकार देश के पाँच अलग-अलग राज्यों जैसे- बिहार, गुजरात, दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश से आये थे। महिला मूर्तिकारों में अवनी पटेल जो गुजरात से थीं। शिविर मेंइनका माध्यम येलो सैंडस्टोन था। जिसमें इन्होंने विषय - मून होल्डिंग वाटर पर काम किया। जिसमें एक वृत्ताकार आकृति को मुड़े हुये रुप में दिखाने का प्रयास किया है। निधी जो शिविर की दुसरी महिला मूर्तिकार थीं, ये भी गुजरात से थीं, निधि ने पिंक सैंडस्टोन माध्यम में लैंडइस्केप रिबलेंसिंग शीर्षक पर काम किया है। जिसमे अलग-अलग साइज के पत्थरों को मिलाकार एक आकृति का निर्माण किया। शिविर में 3 मूर्तिकार दिल्ली से रहे। जिसमे सन्तों कुमार चौबे जिनका शीर्षक कैक्टस एंड क्लाउड है, जिसमे इन्होंने प्रकृति के दो अलग- अलग एलिमेंटस को मिश्रित किया, इनका माध्यम भी सेंड-स्टोन था। दिल्ली से आये दुसरे मुर्तिकार शैलेश मोहन ओझा जो एक स्वतंत्र मूर्तिकार के रूप में दिल्ली में कार्यरत हैं। शिविर में लेफ्ट राइट शीर्षक पर सेंडइस्टोन में कार्य किया। दिल्ली से आये मुर्तिकार राजेश कुमार भी एक स्वतंत्र मूर्तिकार हैं, शिविर में उन्होंने सेंड स्टोन माध्यम में अन्तहीन शीर्षक पर कार्य किया, जिसमें उन्होने सैंड स्टोन को दशार्या है। शिविर में उपस्थित पुरुष मुर्तिकारों में ४ मूर्तिकार लखनऊ, उत्तर प्रदेश से थे। गिरीश पाण्डेय जो लखनऊ से हैं। उन्होंने शिविर में दो पत्थर ब्लैक ग्रेनाइट के मिश्रण से पेपर इली विषय को लेकर काम किया। मुकेश वर्मा भी लखनऊ से हैं, शिविर मेंइनका विषय प्रकृति था, जिसमेंइन्होने अंकुरण शीर्षक पर सैंड स्टोन के साथ अन्य भी कुछ माध्यमों को मिलाकर कार्य किया। लखनऊ से ही अगले मूर्तिकार अजय कुमार रहे, जिनका शीर्षक उत्पत्ति के माध्यम सैंड स्टोन में काम किया। अपनी कलाकृति मेंइन्होने प्रकृति के मूल रूपों को दशार्नेका प्रयास किया। अगले मूर्तिकार अवधेश कुमार भी लखनऊ से रहे। शिविर मेंइसका शीर्षक पर्यावरण संतुलन है जिसको इन्होने विभिन्न ज्यामितीय आकारों के माध्यम से दर्शान का प्रयास किया, माध्यम के रूप मे इन्होने सैंड स्टोन एंव पिंक सैंड स्टोन का प्रयोग किया है।

## संक्षेप

### एक दिवसीय रोजगार मेला आज

कुशीनगर। जिला सेवायोजन कार्यालय, कुशीनगर एवं राजकीय आईटीआई, पडरौना, के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन प्रस्तावित किया गया है, इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के कम्पनी के भर्ती अधिकारी उपस्थित रह कर विभिन्न पदों पर परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से भर्ती की कार्यवाही सम्पादित करेंगी। इस रोजगार मेले में हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक एवं आई०टी०आई उत्तीर्ण तथा 18 से 35 आयु के अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकते है। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी। इस रोजगार मेले में प्रतिभाग के इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के वेब पोर्टल पर अपने आई०डी० पासवर्ड से लॉगइन कर सम्बन्धित कम्पनी में अपनी योग्यतानुसार आनलाईन आवेदन कर मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। उक्त की जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने देते हुए बताया कि सभी अभ्यर्थी अपनी समस्त शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, फोटो एवं बायोडाटा इत्यादि के साथ 22.10.2024 को पूर्वान्ह 10.00 बजे राजकीय आई०टी०आई०, पडरौना, कुशीनगर के परिसर में उपस्थित होकर रोजगार मेले में सम्मिलित हो सकते है। इस मेले की सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है। रोजगार मेले में आने हेतु कोई यात्रा व्यय देय नही है।

### लगायी प्रदर्शनी

कुशीनगर। कप्तानगंज विकास खण्ड परिसर में केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओ तथा उपलब्धियों पर आधारित सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ ब्लाक प्रमुख विशाल सिंह,( प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष ) ने फीता काट कर किया। सोमवार को आयोजित प्रदर्शनी के बतौर मुख्य अतिथि विशाल सिंह ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी आम जनमानस तक पहुंचे तथा अधिक अधिक लोगों को इस योजनाओं का लाभ मिल सके। प्रदर्शनी के विषय में सभी ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य अपने अपने गांवों में प्रर्दशनी का अवलोकन करने के विषय लोगों को प्रेरित करें। प्रर्दशनी में मुख्य रूप से खेल कूद, कृषि, दीपोत्सव, शिक्षा, स्वरोजगार, निः विद्युत कनेक्शन, कौशल विकास, कुशीनगर बुद्ध परि निर्वाण पर्यटन, अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, नैमिषारण, अंतदेशीय जल मार्ग, उज्वला गैस योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी तीन दिवसीय प्रदर्शनी के द्वारा दी जा रही है। जिसे देखकर लोग लाभान्वित हो सकते हैं। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार शुक्ला, भाजपा मण्डल अध्यक्ष आनंद मिश्रा, ऋतुराज चौबे, रंजीत सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि दिनेश सिंह, रत्नेश भारद्वाज, विजय सिंह, गौतम सिंह, आनन्द सिंह, सुभाष यादव, मनीष मिश्रा, सत्येन्द्र सिंह, राम कृपाल, अरविंद चौबे विनोद कुमार, नौसाद अहमद, शिव बर्धन सिंह धर्मेन्द्र शर्मा, अंकित राव, अमित राव, अमन राव, सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य व ब्लाक कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा

जिला संवाददाता(vol)



कुशीनगर। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक लागत के महत्वपूर्ण परियोजनाओं की मासिक प्रगति समीक्षा बैठक जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में पीडब्ल्यूडी, यूपी पीसीएल, सी एंड डीएस, यूपी सी एलडीएफ, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों की विधिवत समीक्षा की गई। सर्व प्रथम पीडब्ल्यूडी के निगरानी में कार्यदायी संस्था द्वारा कराए जा रहे मेडिकल कालेज के निर्माण कार्यों की अद्यतन जानकारी ली गई, जिस के अंतर्गत संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि जो भी कमियां हैं उसे इस माह के अंत तक पूर्ण कर लिया जाएगा, सभी प्रकार की मशीनें आदि क्रय कर ली गई हैं, एनओसी भी मिल गई है, 2 फ्लोर के लिफ्ट का कार्य चल रहा है। इसी प्रकार हॉस्पिटल के निर्माण कार्यों की भी जानकारी जिलाधिकारी द्वारा ली गई तथा कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। कृषि महाविद्यालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा दौरान संबंधित कार्यदाई संस्था द्वारा नक्शा पूर्ण होने सहित कार्य शुरू करने की जानकारी दी गई। जिला कारागार के निर्माण कार्यों की समीक्षा दौरान बताया गया कि डिजाइनिंग का कार्य हो गया है तथा पायलिंग का कार्य शुरू करा दिया गया है। कार्यदाई संस्था यूपी पीसीएल द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कुशीनगर, फाजिलनगर, सेवरही की समीक्षा दौरान बताया गया कि नवंबर माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इसी प्रकार थाना तरया सुजान व सेवरही के कार्य भी नवंबर माह में पूर्ण कर लिए जाने की जानकारी संबंधित द्वारा दी गई। पर्यटन विकास योजना अंतर्गत दिग्जम्बर जैन मंदिर फाजिलनगर, बुद्धा थीम पार्क का निर्माण/सौंदर्यीकरण का समस्त कार्य, बौद्ध विहार पर पर्यटन सुविधाओं के सृजन कार्यों अंतर्गत कार्य शुरू हो जाने की जानकारी संबंधित द्वारा दी गई। इसके अतिरिक्त रामपुर सोहरौना स्थित पर्यटन विकास कार्य, बनकटा बाजार स्थित काली मंदिर का कार्य साइनेज का कार्य, रामाभार स्तूप निकट साउंड एंड लाइट शो, हाटा बस स्टैंड के निर्माण कार्य के अंतर्गत 50 बेड क्रिटिकल केयर सेंटर भवन के निर्माण कार्य जो 2025 में पूर्ण होगा तथा खड्डा में नवंबर के अंत तक पूर्ण होने की जानकारी दी गई। पुलिस आवास में निर्माण कार्य, पुलिस लाइन हॉस्टल निर्माण/बैरक निर्माण कार्य, में देरी होने पर जिलाधिकारी द्वारा कार्यों में तेजी लाने सहित टाइमलाइन का ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। समीक्षा दौरान जनपद न्यायालय स्थित कोर्ट के निर्माण कार्यों, ट्रांजिट हॉस्टल, पडरौना बस स्टेशन का जीर्णोद्वार/आधुनिकरण का कार्य, पॉलिटेक्टिक मुजहना हाटा का निर्माण कार्य, बुद्धा पार्क रविंद्रनगर के निर्माण कार्य, जल निगम नगरीय अंतर्गत पाइप लाइन का कार्य, इसके अलावे नई सड़कों/चौड़ीकरण के समस्त कार्यों की समीक्षा दौरान जिलाधिकारी ने लक्ष्य के सापेक्ष कार्य की प्रगति जानी व कार्य प्रगति को बढ़ाए जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी लंबित कार्य और अवशेष कार्य जल्द से जल्द पूरा कर लिए जाए। इस दौरान जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी श्रवण कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ रामजियावन मौर्य, अधि0 अभि0 पीडब्ल्यू डी निर्माण खंड/प्रांतीय खंड, जल निगम, व सभी कार्यदाई संस्थाओं के एक्स० इएन सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# पराली जलाने पर लगेगा जुर्माना

कुशीनगर। किसान बंधु पराली को खेतों में ही जला देते हैं। जिससे मित्र कीट नष्ट हो जाते हैं, एवं खेत की उर्वरता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। साथ ही प्रदूषण की समस्या भी उत्पन्न होती है। पराली जलाने के दोषी पाए जाने पर किसानों पर 2500 से 15000 तक जुर्माना लग सकता है। पराली जलने की घटना की निगरानी ग्राम पंचायत स्तर तक गठित सचल दस्तों एवं सेटेलाइट के माध्यम से की जाएगी। सेटेलाइट के माध्यम से अग्नि जनित स्थान की भौगोलिक स्थिति अक्षांश व देशांतर सहित दस्तों को प्राप्त होगी जिनकी रिपोर्ट के आधार पर संबंधित किसानों पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में जिलाधिकारी द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश राजस्व, कृषि, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग को जारी किए जा चुके हैं। जिला प्रशासन द्वारा जनपद के किसान भाइयों से अपील की जाती है कि वह पराली को जलाने की बजाय उसे खेत में ही गला कर खाद के रूप में इस्तेमाल करें एवं दंड की कार्यवाही से बचें। पराली जलाने वाले किसानों को अन्य राजकीय योजनाओं यथा राशन, किसान सम्मान निधि आदि के लाभ से वंचित करने की भी कार्यवाही की जाएगी।

## 209 लाभार्थी पाये गये अपात्र

देवरिया । नगर पालिका परिषद देवरिया, गौरा बरहज एवं नगर पंचायत रूद्रपुर, गौरी बाजार, भाटपार रानी, लार, मझौलीराज, रामपुर कारखाना में डूडा द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के सापेक्ष 17809 पात्र लाभार्थी तथा 209 अपात्र लाभार्थी पाए गए है। उपरोक्त के दृष्टिगत उप जिलाधिकारी/परियोजना अधिकारी डूडा विपिन द्विवेदी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद देवरिया, गौरा बरहज एवं नगर पंचायत रूद्रपुर, गौरी बाजार, भाटपार रानी लार, मझौलीराज, रामपुर कारखाना को निर्देशित किया है कि वे 7 दिन के अन्दर प्राप्त आपत्तियों को प्रस्तुत करें, ताकि ससमय निस्तारण किया जा सके। संबंधित निकाय में अपात्र पाये गये लाभार्थियो की सूची चस्पा कराया गया है।

## ई श्रम कार्डधारक की दुर्घटना में हुई मृत्यु पर मिलेगी सहायता राशि

देवरिया । श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशि सिंह ने प उ०प्र० असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा बोर्ड, लखनऊ के अन्तर्गत पंजीकृत समस्त ई-श्रम कार्ड धारक मजदूरों तथा उनके आश्रितों को अवगत कराया है कि ऐसे ई-श्रम कार्ड धारक कर्मकार जिनका पंजीयन 26.08.2021 से 31.03.2022 तक की अवधि में हुआ है एवं आयकर दाता या ईपीएसओ /इएसआईसी का सक्रिय सदस्य न हो तथा उनकी मृत्यु दुर्घटना अर्थात अचानक, अप्रत्याशित और बाह्य हिंसक और दृश्यमान साधनों के कारण होने वाली अनैच्छिक घटना ( 26.08.2021 से 31.03.2022 ) के मध्य हुई है अथवा दुर्घटना के कारण दिव्यांग हो गये है को मृत्यु की दशा में दो लाख रुपए एवं दिव्यांगता की दशा में एक लाख रुपए की सहायता राशि दिया जाना है। उन्होंने समस्त ई-श्रम कार्ड धारक तथा अनके आश्रित से अपील की है कि इस अवधि में हुई दुर्घटना या दिव्यांगता की दशा में आवेदक का अधार कार्ड, ई-श्रम कार्ड का यू०ए०एन० सं०, मृत्यु प्रमाण पत्र, मृत्यु के कारण का चिकित्सा प्रमाण पत्र, पोस्टमार्टम रिपोर्ट / पंचनामा तथा दिव्यांगता की दशा में दिव्यांग प्रमाण पत्र, अस्पताल का डिस्चार्ज रिपोर्ट के साथ कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त, विकास भवन परिसर देवरिया में आवेदन प्रस्तुत करें।

## कांग्रेसी आज सौंपेगे ज्ञापन

देवरिया ।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देश पर वाराणसी स्थित संपूणानंद स्पोट्र्स स्टेडियम के नाम बदलने के खिलाफ व पुनः नाम के बहाली के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता 22 अक्टूबर को दिन में 10 -30 बजे जिला कार्यालय पर इकट्ठा होकर कलेक्ट्रेट में जाकर राष्ट्रपति महोदय को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपेगें । उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामजी गिरि ने जनपद के समस्त कांग्रेस जनों से सविनय आग्रह किया है कि उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने का कष्ट करे।

## खाद्यान्न वितरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं-ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

रुद्रपुर, देवरिया। उपजिलाधिकारी / ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा ने खाद्यान्न वितरण में हो रही अनियमितताओं पर सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी जारी की है। उनके कार्यालय को शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि कार्डधारकों को निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है ।उपजिलाधिकारी ने कहा कि यह गंभीर मामला है और इससे जनसाधारण को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने पत्र जारी कर स्पष्ट रूप से कहा है कि शासन के निदेर्शानुसार कार्डधारकों को सही मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए। यदि भविष्य में शिकायतें मिलती हैं तो संबंधित कोटेदार और अधिकारियों के खिलाफ कठोर विधिक और प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। जिसके लिए वे स्वयं उत्तरदायी होंगे। यह निर्देश सभी उचित दर विक्रेताओं को भेजा गया है और जिला पूर्ति अधिकारी देवरिया को इसकी जानकारी देते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया है। इसके अलावा आपूर्ति निरीक्षक और क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को शासनादेशानुसार वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने खाद्यान्न वितरण में पारदर्शिता और सटीकता बनाए रखने पर जोर देते हुए स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने सौंपा मांगों का ज्ञापन

देवरिया ।उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद देवरिया के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में जनपदीय पदाधिकारियों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराते हुए शीघ्र निराकरण की माँग की। जिसमे मुख्य रुप से 2005 से पहले शिक्षामित्र के रुप में नियुक्त जो वर्तमान में सहायक अध्यापक के पद पर चयनित है , उनके पुरानी पैंशन से संबन्धित पत्रावली को पूर्ण करते हुए उनको भी पुरानी पेंशन प्रदान किया जाय उनके लिये भी दिशा निर्देश जारी किया जाए। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अन्य जनपदों की भांति कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। अन्य मुद्दों में , लंबित चयन वेतन की पत्रावली का आदेश, जीपीएफ, एवं जीपीएफ से लोन का भुगतान , दीपावली से पहले वेतन भुगतान , एक दिन वेतन की कटौती का भुगतान आदि के समाधान पर सहमति बनी। वार्ता में जिलामंत्री आंनद प्रकाश यादव , वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ सत्य प्रकाश सिंह , जिला संयुक्त मंत्री ऋषिकेश जायसवाल , जिला उपाध्यक्ष सफीक अहमद खान , जिला मीडिया प्रभारी संदीप कुमार द्विवेदी , सदर अध्यक्ष नित्यानंद यादव , शाकिर अली आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने के दिए निर्देश

देवरिया । अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर डॉ0 के0एस0 प्रताप एवं पुलिस उप महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर आनन्द कुलकर्णी द्वारा



पुलिस लाइन देवरिया में पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा व जनपद के समस्त अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी की उपस्थिति में जनपद देवरिया के व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ गोष्ठी की गयी और उनकी समस्याओं के निस्तारण आदि के सम्बन्ध में सम्बन्धित को निर्देशित किया गया ।इसके अतिरिक्त आगामी त्यौहारों धनतेरस, दिवाली, छठपूजा के दृष्टिगत समस्त प्रभारी निरीक्षकों/थानाध्यक्षों के साथ गोष्ठी की गयी, त्यौहारों को शांति एवं सौहार्द पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने हेतु पुलिस बल की ड्यूटी आदि के सम्बन्ध में उचित दिशा निर्देश दिए गए ।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक देवरिया उत्तरी दीपेन्द्रनाथ चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक देवरिया दक्षिणी सुनिल कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी, क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर रुद्रपुर अंशुमान श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी सलेमपुर दीपक कुमार शुक्ल, क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी शिव प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी बरहज आदित्य कुमार गौतम, प्रतिसार निरीक्षक विजय राज सिंह सहित जनपद के समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्ष उपस्थित रहे ।

## जिला जेल में निरुद्ध सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ पर की पूजा

लखीमपुर-खीरी। रविवार को जिला कारागार खीरी में निरूद्ध महिला बन्दियों ने करवा चौथ पर वृत रखकर महिलाओं के पति भी जेल में निरूद्ध है। इस लिए जेल में निरूद्ध 9 महिलाओं ने अपने पति के साथ करवा चौथ पर पूजा



अपने पति की लम्बी उम्र के लिए मंगल कामना की। जिला कारागार में निरूद्ध सुहागिन महिला बन्दियों के लिए जिला कारागार में सुहागिन महिलाओं के वृत की पूरी तैयारी कराई गई।

इस संदर्भ में हरबंश पान्डेय जेलर जिला कारागार खीरी ने बताया कि कुल 24 महिला करागार में निरूद्ध है। 13 महिलाओं ने करवा चौथ पर वृत रखकर अपने पति के लिए मंगल कामना की। 9 अर्चना की। बताते चले कि कार्तिक (मास), कृष्ण पक्ष में करवा चौथ त्योहार मनाया जाता है। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चन्द्रोदय व्यापिनी चतुर्थी (करक चतुर्थी, ) को मनाया जाता है। इस पर्व पर विवाहित स्त्रियाँ पति की दीघार्यु, स्वास्थ्य एवं अपने सौभाग्य हेतु निराहार रहकर चन्द्रोदय की प्रतीक्षा करती हैं, और उदय उपरांत चंद्रमा को अर्घ्य अर्पित कर भोजन करती हैं।

## 137 पात्र व्यक्तियों को मिला आवासीय भूमि का पट्टा



देवरिया, । जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में तहसील देवरिया सदर स्थित ग्राम पंचायत उदयपुरा, ब्लॉक पथरदेवा निवासी मुसहर समुदाय के 137 पात्र व्यक्तियों का आवासीय भूमि पट्टा का वितरण किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि दीपावली से पहले मुसहर समुदाय के 137 पात्र व्यक्तियों को आवासीय पट्टा प्रदान किया गया है। इससे उनके जीवन में खुशियों भरी नयी रोशनी आएगी। पहले स्वयं की भूमि नहीं होने की वजह से लोग पीएम आवास योजना का लाभ नहीं ले पा रहे थे, आवासीय भूमि का पट्टा मिलने के बाद अपने घर का सपना पूरा हो सकेगा। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में राज्य सरकार की नीतियों की वजह से विकास की दौड़ में पीछे छूटे लोगों को मुख्यधारा में जुड़ने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जिस आवासीय भूमि का पट्टा दिया जा रहा है, वहां नाली, सड़क सहित समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। डीएम ने एसडीएम सदर को चौहद्दी के हिसाब से पट्टाधारकों के भूमि को चिन्हित करने एवं कब्जा दिलाने के लिए निर्देशित किया। मुख्य राजस्व अधिकारी जेआर चौधरी ने पट्टा प्राप्त करने वाले समस्त पात्र व्यक्तियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों को आवासीय भूमि का पट्टा प्रदान किया गया है। एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी ने कहा कि पट्टा वितरण का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे लोगों के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार आएगा। जिन महिलाओं को आवासीय भूमि का पट्टा प्रदान किया गया है उनमें शकुंतला देवी, लीलावती देवी, राधिका देवी, रुना देवी, विद्यावती, देवंता, बाबून्ती देवी, सीमा, सुशीला, शांतिदेवी, तेतरी देवी, निर्मला, सरली, शनिचरी देवी, मालादेवी, सूरसती, लावजारी देवी, कलावती, गुलरी, पानमती, राधा, हीरवंती देवी, घेवनी, बादामी देवी, गायत्री देवी, राबड़ी इत्यादि शामिल हैं। पट्टा मिलने से प्रसन्न समस्त लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन तहसीलदार सदर कृष्ण कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत उदयपुरा की प्रधान पूजा मिश्रा, नायब तहसीलदार नवीन निश्चल त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बच्चियों का केक काटकर मनाया जन्मोत्सव




कुशीनगर। जिला प्रवेशन अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा दिए गए निदेर्शानुसार मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम के अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गतं जिला प्रोबेशन कार्यालय द्वारा राजकीय महिला चिकित्सालय पडरौना में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे 03 दिवस पूर्व तक जन्म ली बच्चियों का अन्म दिन केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए उनकी माताओं श्रीमती अफसाना खातून पत्नी श्री आबिद अली, श्रीमती सुनीता पत्नी रामबाबू यादव, श्रीमती पूनम देवी पत्नी बल्लू, श्रीमती मनीषा देवी पत्नी धर्मेन्द्र, श्रीमती राधिका देवी पत्नी अजीत, श्रीमती जकीरून निशा पत्नी शमशुद्दीन, श्रीमती रेखा देवी पत्नी दीनानाथ प्रसाद, श्रीमती मनोरमा देवी पत्नी धर्मेन्द्र यादव को मिष्ठान, अंगवस्त्र, बेबी किट, हल्दी पैकेट, गुड़िया, चाकलेट इत्यादि उपहार स्वरूप प्रदान किया गया।

जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान कन्या सुमंगला योजना, स्पांसरशिप योजना, चाइल्ड हेल्प लाइन, वन स्टाप सेन्टर सहित महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी दी गयी। इस दौरान श्रीमती ज्योति सिंह मेडिकल ऑफिसर, श्रीमती कादम्बनी शुक्ला स्टाफ नर्स सहित अन्य चिकित्सकगण एवं अभिषेक कुमार सिंह प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर चाइल्ड हेल्प लाइन कुशीनगर, श्रीमती रीता यादव सेन्टर मैनेजर वन स्टॉप सेन्टर कुशीनगर, ऋषिकेश सिंह आउटरिच कार्यकर्ता आईसीपीएस व मनोज कुमार शर्मा मल्टी परपच स्टाफ, वन स्टाप सेन्टर, कुशीनगर उपस्थित रहे।

## खून से लथपथ पड़ा मिला ऑटो चालक

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव बसबविरवा के एक ऑटो चालक का संदिग्ध अवस्था में खून से लथपथ हालत में मोहम्मदपुर ताजपुर नहर की पटरी पर मिलने पर चौकी पुलिस ने 108 एम्बुलेंस से इलाज के लिए भावल खेड़ा सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल शाहजहांपुर में भर्ती कराया गया था जिसकी मौत हो गई। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा काटने लगे समझाने बुझाने पर मृतक का पोस्टमार्टम होने के बाद शव लेकर चले गए हैं। मृतक के पिता ने मोबाइल, ऑटो और नगदी लूटने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। पुलिस घटना को हादसा बता रही है।

मृतक के पिता रामगोपाल ने बताया उसका पुत्र अरविंद 30 वर्ष शुक्रवार मेला में सवारी ढोने रात 8 बजे करीब गया था। 9 बजे उसके छोटे भाई पवन पाल ने अपने भाई को गोकन के पास सवारी ले जाते देखा था। रात 11 बजे करीब उसने अपनी ससुराल में बात की इसके बाद से वह गायब हो गया था। शनिवार को सुबह जिला अस्पताल में भर्ती होने की सूचना मिली थी। परिजनों ने पहुंचकर अस्पताल में तैनात डॉक्टर से इलाज के लिए गुहार लगाई उनका आरोप है कि इलाज न मिलने पर उनके पुत्र की मौत हो गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव को लेकर गांव चले आए जहां उसका अंतिम संस्कार कर दिया है। मृतक के पास मौजूद ऑटो, मोबाइल और नकदी गायब है। पत्नी रेखा देवी और 6 वर्ष के पुत्र को रोते बिलखते छोड़ गया है ।सीओ अरुण कुमार सिंह का कहना है परिजनों ने इस संबंध में कोई तहरीर नहीं दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

## जालसाजी व धोखाधड़ी करने के आरोप में चार नामजद , दो अज्ञात पर केस दर्ज

भटनी( देवरिया )। स्थानीय नगर पंचायत के तीन सगे भाई व तीन अन्य लोगो के विरुद्ध जालसाजी व धोखाधड़ी कर रुपया हडपने के आरोप मे थाने मे मुकदमा दर्ज हुआ है ।भटनी थाना क्षेत्र के ग्राम बरसाथ निवासी सोनू चौरसिया पुत्र जवाहरलाल चौरसिया ने थाने मे दिये गये तहरीर मे लिखा है कि मै कपड़े का व्यवसाय करता हुँ ।व्यवहार के सिलसिले मे भटनी बाजार के गान्धी चौक निवासी अभिषेक कुमार वर्मा अभय कुमार वर्मा पुत्रगण अच्छेलाल वर्मा से पहले उनके पास आना रहा और जान पहचान काफी बढ गयी ।दोनों का मुख्य मार्ग पर सोने चाँदी की दूकान है । नवम्बर 20 में अभिषेक वर्मा ने कहा कि अपने दूकान को उच्च स्तरीय बनाना है ।जिसके लिए पूँजी की आवश्यकता है ।आप अपने व परिचितों से कर्ज दिलवा दीजिए ।धीरे धीरे रुपया वापस कर दुँगा ।नवम्बर 2020मे ही उनके बताए गये खाते मे रुपया भेजवा दिया और रुपया वे वापस भी कर दीए ।अभिषेक वर्मा पर विश्वास काफी बढ गया ।अपने और अपने परिचितों से रुपया दिलाता रहा और वे वापस करते रहे ।नवम्बर 2020सेदिसम्बर 2023तक अभिषेक कुमार वर्मा व अभय कुमार वर्मा के खाते मे फोन पे गुगल पे से खाते मे रुपया ट्रांसफर कर उनके खाते मे 83लाख 59हजार 850 रुपया दिला दिया ।उसमे से दोनो लोगो द्वारा 40,लाख रुपया वापस कर दिया गया ।अभी उन लोगो के पास 43लाख 59हजार 850रुपया शेष है ।जिसको छल पूर्वक अपने व्यवसाय मे लगा लिया है ।रुपया माँगने पर टालमटोल कर बहाना बना रहे है ।इसी बीच 26दिसम्बर 2023को अभिषेक कुमार वर्मा ने फोन पर कहा कि तुम मेरे साथ विजयीपुर चलो ।वही तुम्हारा रुपया दे देगे ।अभिषेक वर्मा विजयीपुर मे एक अज्ञात मकान मे ले गये ।वहां दो अज्ञात व्यक्ति के अलावे अभय कुमार वर्मा व अंकित पाण्डेय आ गये ।सभी लोग हाथ मे अबैध असलहा लेकरगाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मुझे भयभीत करते हुए मेरे सिर पर असलहा सटा कर अपहरण की धमकी देते हुए मेरे फोन से फोन पे से जबरन एक लाख रुपया ट्रांसफर अभिषेक कुमार वर्मा के खाते मे करवा लिया ।सभी लोगो ने धमकी भी दिये की अगर कानूनी कार्यवाही करने की कोशिश किये तो अपहरण कर लाश को गायब करवा देगें ।डरा कर घर आया और रजिस्टर्ड पत्र द्वारा पुलिस अधीक्षक देवरिया को देने के बाद भटनी थाने पर भी तहरीर दिया ।तहरीर के आधार पर पुलिस ने अभिषेक कुमार वर्मा अभय कुमार वर्मा अमित वर्मा पुत्रगण अच्छेलाल वर्मा भटनी बाजार थाना भटनी निवासी अंकित कुमार पाण्डेय पिता का नाम पता अज्ञात व दो अज्ञात नाम पता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना पुलिस कर रही है ।

## बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन होः मनोज कुमार



जिला संवाददाता(vol)

देवरिया । उच्च न्यायालय के बाल संरक्षण देखरेख समिति के निर्देशानुसार व जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश /सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया मनोज कुमार तिवारी, द्वारा राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि मा0 उच्च न्यायालय के द्वारा बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन हो, उन्होंने राजकीय बाल गृह के प्रभारी अध्यक्ष को निर्देशित करते हुये कहा कि बच्चों के अन्दर नैतिक मुल्यों का विकास कर, बच्चों के अन्दर नई उर्जा एवं संचार हेतु कार्यक्रम का आयोजन तथा निबन्ध, योग, संगीत, चित्रकला इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चों को प्रोत्साहित करें।

निरीक्षण के दौरान सचिव के द्वारा राजकीय बाल गृह के प्रपत्रों का अवलोकन करने के उपरान्त उसे व्यवस्थित करने हेतु प्रभारी अधीक्षक को निर्देशित किया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया मनोज कुमार तिवारी, ने कहा कि परिसर को निरंतर स्वच्छ रखा जाये तथा बच्चों के खेलने की समुचित व्यवस्था की जायें । इस निरीक्षण में मुख्य रूप से जिला परिवीक्षा अधिकारी अनिल सोनकर, राजकीय बाल गृह देवरिया के प्रभारी अधीक्षक रामकृपाल व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## जाम से निपटने के लिए एसपी ने संभाली ट्रैफिक की कमान

लखीमपुर-खीरी। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को देखने के लिए संकटा देवी मार्ग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा एआरटीओ खीरी व ट्रैफिक प्रभारी को यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने की चेतावनी दी गई। ट्रैफिक व्यवस्था में लगे अधिकारियों से यातायात के प्रत्येक क्षेत्र एवं वहां लगाए जाने वाले ड्यूटी व्यवस्था, यातायात बल के साथ ही जाम लगने वाले पाइंट, जाम लगने के कारण व उसके निदान की जानकारी ली गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा एआरटीओ खीरी, टीएसआई खीरी व ट्रैफिक पुलिस को यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढं करने के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही वाहनों में लगे पटाखा मॉडिफाइड़ साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न व अनावश्यक रुप से संचालित ई-रिक्शा के विरुद्ध सघन चैकिंग अभियान चलवाते हुए ट्रैफिक नियमों के अनुसार चालान कराया गया।

# शहीदों की शहादत से भारत देश आज भी सुरक्षित

## स्मृति दिवस पर शहीदों को किया नमन, श्रद्धांजलि की गई अर्पित



ललितपुर। भारत के वीर सपूत जिन्होंने देश की आन-वान-शान की रक्षा करते हुये अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। ऐसे वीर शहीदों को आज स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन स्थित प्रांगण के शहीद स्मारक पर श्रृद्धासुमन अर्पित किये गये। 21 अक्टूबर को पुलिस लाइन्स में स्मृति दिवस के अवसर पर शहीद स्मारक पर देश सेवा के दौरान शहीद हुये जबानों को याद किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शहीदों को श्रृद्धासुमन अर्पित करते हुये सलामी दी। वर्ष भर में शहीद जवानों के नाम पढ़ते हुये पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने कहा कि भारत की रक्षा करते हुये इन जवानों ने अपने व अपने परिवार की चिन्ता न करते हुये प्राणों को भारत माता पर न्यौछावर कर दिया। ऐसे वीर सपूतों को आज पूरा देश याद कर रहा है। कहा कि जनता की सेवा करते हुये जबानों ने अपने प्राणों तक को न्यौछावर कर दिया। ऐसे देशभक्त शहीदों को नमन करते हुये गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इसके पूर्व शहीदों को परेड के मार्फत सलामी दी गयी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## मूक बधिर बालिका के साथ दुष्कर्म

ललितपुर। थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत एक गांव में रहने वाली 10 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण को लेकर पीड़िता की मां ने थाने में पहुंच कर शिकायत दर्ज करायी है। वहीं दूसरी ओर थानाध्यक्ष जखौरा उ.नि.राहुल राठौर ने अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। वहीं पीड़ित नाबालिग को चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। बताया गया है कि थाना जखौरा अंतर्गत एक गांव में रहने वाली 10 वर्षीय मासूम बालिका जन्म से गूंगी व बहरी है। बताया गया है कि बीती शाम को जब महिला अपने घर पहुंची तो वहां उसकी 10 वर्षीय बालिका लहु-लुहान अवस्था में पड़ी मिली, जिसकी सूचना उसने तत्काल अपने पति को दी। पति के साथ बालिका को लेकर महिला थाने पहुंची, जहां उसने घटनाक्रम से पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 65 (2) व लैंगिक अपराधों से बालिकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 3/4 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि बालिका को हालत गंभीर होने पर झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर किया गया है।

## पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि, परेड



बांदा। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए प्राणों की आहुति देने वाले पुलिसकर्मियों की याद में परेड का आयोजन हुआ। पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक अंकर अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी नगर राजीव प्रताप सिंह, अंबुजा त्रिवेदी, सौरभ सिंह व अन्य राजपत्रित अधिकारियों, पुलिसकर्मियों ने शहीद पुलिसकर्मियों को याद कर उन्हे पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पुलिस महानिदेशक के संदेश से पुलिसकर्मियों को अवगत कराते हुए बीते एक वर्ष में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शहीद पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को याद करते हुए उनकी सौर्य गाथा बताई। बताते चलें कि कर्तव्य निर्वहन के दौरान प्राणों की आहुति देने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश भर के पुलिस बल द्वारा प्रति वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। 1 सितंबर 2023 से 31 अगस्त 2024 तक देश भर में 216 पुलिसकमियों ने अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए प्राणों की आहुति दे दी। जिसमें उत्तर प्रदेश पुलिस के 2 पुलिसकर्मी आरक्षी स्वर्गीय रोहित कुमार जनपद फतेहगढ़ व स्वर्गीय सचिन राठी जिला कन्नौज ने कर्तव्यों का पालन करते हुए वीरगति प्राप्त की।

## ज्वैलरी की दुकान से ग्राहक ने चुराए आभूषण, रिपोर्ट दर्ज

बांदा। शहर की ज्वैलरी की दुकान में चोरी का मामला प्रकाश में आया है। बीते दिवस ग्राहक बनकर आये एक व्यक्ति ने सोने के आभूषण का एक पैकेट चुरा लिया और वहां से रफूचक्कर हो गया। चोरी की यह घटना ज्वैलरी शॉप के सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो गयी है। घटना शहर के चैक बाजार स्थित मां दुर्गे ज्वैलर्स की है। यहां दोपहर के समय एक व्यक्ति ग्राहक बनकर दुकान आया और सोने की चेन तथा कानों के आभूषण देखने की बात कही। दुकान मालिक उमेश कुमार ने उसे आभूषण दिखाने के लिए अलग-अलग ट्रे में गहने रखकर देखने को दे दिए। इसी बीच आरोपी ने चालाकी से एक पैकट दबा लिया और यह कहकर चला गया कि उसे यह आभूषण पसंद नही आए। ग्राहक के जाने के पश्चात दुकानदार ने आभूषणों की गिनती की तो पाया कि एक पैकेट गायब है। गायब गहनों की कीमत लगभग 5 लाख रुपये बताई जा रही है। शॉप मालिक उमेश कुमार ने तत्काल इस घटना की जानकारी नगर कोतवाली पुलिस को दी। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज का कहना है कि मामले की शिकायत दर्ज कर ली गयी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। आरोपी को शीघ्र ही पकड़ा जाएगा।

## लचर व्यवस्था के चलते शहर में बिजली कटौती जारी

बांदा। जिले में बिजली की मांग कम होने के बावजूद व विभागीय लचर व्यवस्था के चलते लगातार विद्युत कटौती की जा रही है। शहर के चिल्ला रोड स्थित 132 केवी पावर हाउस से डीएम कालोनी, जिला कचेहरी जैसे महत्वपूर्ण एरिया में बिजली की सप्लाई होती है लेकिन दिन में दर्जनों बार बिजली की सप्लाई बाधित होती है। अपरान्ह 4 बजे के बाद कई बार बिजली की आवाजाही होती है। इससे कई अखबार के कार्यालयों मे कार्य बाधित होता है। विद्युत सप्लाई ठप होने पर अधिशाषी अभियंता, उपखंड अधिकारी व अवर अभियंता फोन उठाने की जहमत नही उठाते इससे उपभोक्ताओं को सही जवाब नही मिल पाता। इस फीडर से जिला स्तरीय अधिकारियों के आवास, कलेक्ट्रेट व सरकारी कार्यालय स्थित है। फिर भी बिजली की आवाजाही लगातार परेशान करती है। मनमाने तरीके से विद्युत कटौती को लेकर मुख्यमंत्री से लेकर पावर कॉर्पोरेशन के एमडी का निर्देश है कि बिजली कटौती अथवा लाइन खराब होनने की जानकारी उपभोक्ताओं को दी जाए फिर भी यहां तैनात अधिकारी फोन करने के बाद भी उपभोक्ताओं का फोन उठाना मुनासिब नही समझते। शहर वासियों ने विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों से इस पर कार्रवाई की मांग की है।

## अमर शहीद जवानों को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



महोबा। प्रत्येक वर्ष की भांति 21 अक्टूबर 2024 को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा पुलिस लाइन में प्रतीकात्मक शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर कर्तव्यपथ पर अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले शहीद पुलिस कर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी तथा सुसज्जित गार्द द्वारा शोक सलामी दी गयी, इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा मुख्यमंत्री एवं पुलिस महानिदेशक के संदेश से सभी को अवगत कराते हुए विगत एक वर्ष में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शहीद हुए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को याद करते हुए उनकी शौर्य गाथा बताई गई व वीर जवानों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण शोक संवेदना व्यक्त की गयी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकार नगर दीपक दुबे, क्षेत्राधिकार कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौंड, प्रतिसार निरीक्ष शिवकुमार, पीआरओ अरविन्द सिंह गौर सहित जनपदीय पुलिस के समस्त थाना प्रभारी, समस्त शाखा प्रभारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## चार शातिर अभियुक्त गिरफ्तार



महोबा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा जनपद में लूट/चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने व ऐसी घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थाना महोबकंठ प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम वर्मा द्वारा गठित की गई पुलिस टीम ने लूट/चोरी की घटना को अंजाम देने की फिराक में बैठे आपराधिक प्रवत्ति के 04 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, ये सभी अभियुक्त चोरी की घटना कारित करने के प्रयास में थे, इनके पास से अवैध तमंचा, जिन्दा कारतूस, लोहे का सब्बल, लूट/चोरी करने के उपकरण सहित घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं मोबाइल फोन की बरामदगी की गयी है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध जनपद हमीरपुर व महोबा में पूर्व में भी लूट, चोरी, शस्त्र, अवैध शराब, गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित कई आपराधिक अभियोग पंजीकृत हैं, जनपदीय पुलिस की इस सफलता से जनपद में एक बड़ी घटना को होने से पूर्व रोका जा सका है। गिरफ्तार अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी के उपरान्त जेल भेजा गया है।

## उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 2 गैस सिलेंडर मुफ्त

बांदा। प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री उज्वला योजना के लाभार्थियों को दो निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर रिफिल देने का निर्णय लिया है। योजना के तहत वर्ष 2024-25 के पहले चरण में माह अक्टूबर से दिसंबर तक तथा दूसरे चरण में जनवरी 2025 से मार्च 2025 तक लाभार्थियों को पूरी तरह निःशुल्क सिलेंडर रिफिल का वितरण किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत 1.86 करोड़ परिवारों को इस योजना से आच्छादित किया जाएगा।

संक्षेप

## दीपावली पर लगेगा शहर के पांच स्थानों पर पटाखा बाजार

बरेली। दीपावली पर्व पर प्रशासन ने शहर में इस बार सात की जगह पांच स्थानों पर अस्थाई पटाखे की दुकानें खुलने की अनुमति दी है। इसके बाद ही सभी पटाखा व्यापारियों को निर्धारित मानकों का पालन करना होगा। अगर मानकों के विपरीत गये तो प्रशासन उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर लाइसेंस रद्द कर देगा। बीते दिनों सिरौली के कल्याणपुर में अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में कई लोगों की जान चली गई थी। इसके चलते प्रशासन ने पटाखा बिक्री के मानकों पर विशेष जोर दिया है इसलिए शहर में पहले सात स्थानों पर अस्थाई पटाखे का बाजार लगता था लेकिन इस बार प्रशासन ने सुभाष नगर में रेलवे मैदान में 15, मनोहर भूषण इंटर कॉलेज मैदान में 30, कैंट के केवीआई चर्च के पास 10, हार्टमन स्थित रामलीला ग्राउंड में 35-40, इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान में 30 अस्थाई दुकानें लगाने की अनुमति दी है। वहीं इस बार जीआईसी और तुलसी नगर में पटाखे की दुकानें नहीं लगेंगी। प्रशासन ने कड़े निर्देश दिए हैं कि सभी पटाखा व्यापारियों निर्धारित मानकों का पालन करें। अगर मानकों के विपरीत जाते हैं तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर लाइसेंस रद्द कर दिया जायेगा।

## रामलीला मंचन में भरत मिलाप देख भावुक हुए दर्शक

सिरौली, बरेली। नगर सिरौली में 14 अक्टूबर से रामलीला क्लब कमेटी द्वारा चल रहे रामलीला के क्रम में रविवार की रात भरत मिलाप की सुंदर लीला का मंचन किया गया। मथुरा-वृंदावन से आए हुए कलाकारों द्वारा सुंदर रामलीला का मंचन किया जा रहा है रविवार की रात दिखाया गया कि भारत जब अपनी ननिहाल से लौट कर अयोध्या आए तब उन्हें पता चला कि भगवान राम भाई लक्ष्मण, माता जानकी के साथ 14 वर्ष के लिए बन को चले गए हैं। तब वह कड़ी नाराजगी जताते हुए राजपाठ को ठोकर मार कर वह भगवान श्री राम से मिलने स्वयं वन को चल दिए। भगवान श्री राम और भरत मिलाप की सुंदर लीला का मंचन देखकर दर्शक भावुक हो गए। जिसके बाद भगवान श्री राम ने भरत को समझा कर चरण पादुका देकर वापस अयोध्या के लिए भेज दिया। रामलीला का मंचन देखने आए दर्शकों ने भगवान श्री राम के जयकारे लगना शुरू कर दिए। रामलीला क्लब कमेटी द्वारा 24 अक्टूबर तक सुंदर रामलीला का मंचन दिखाया जाएगा। रामलीला क्लब कमेटी के संरक्षक एवं भाजपा वरिष्ठ नेता अतुल कुमार गुप्ता ने रामलीला में अधिक से अधिक दर्शकों के पहुंचने का आह्वान किया है। इस अवसर पर अध्यक्ष निगम कुमार गुप्ता, बंटी गुप्ता, सजल गुप्ता,अजय कुमार गुप्ता, अशोक पांडे, पवन गुप्ता, अंकित गुप्ता, अनिल प्रजापति मौजूद रहे।

## आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

बरेली। अधिवक्ता यासिर बेग पर जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपियों की अपर सत्र न्यायाधीश राकेश त्रिपाठी ने जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया है। सोमवार को अधिवक्ता यासिर बेग के मामले में आरोपी मुन्ना कुरैशी व ताबिश कुरैशी की जमानत को लेकर अपर सत्र न्यायाधीश राकेश त्रिपाठी की कोर्ट -3 में सुनवाई हेतु तिथि नियत थी। वादी यासिर बेग एडवोकेट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज हरित ने जोरदार बहस की और तमाम तथ्य अदालत में प्रस्तुत किए। बहस के बाद एडीजी राकेश त्रिपाठी ने मुन्ना कुरैशी और ताबिश कुरैशी की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

## नहीं रहे राजनीति के राजकुमार

- शहर के पहले मेयर रहे राजकुमार अग्रवाल का निधन



बरेली। सभी के दिलों पर एक खास छाप छोड़कर राजकुमार अग्रवाल अपनी अंतिम यात्रा पर रवाना हो गए। उन्होंने आज सुबह अंतिम सांस ली। बरेली के पहले मेयर रहे राजकुमार अग्रवाल एक हरदिल अजीज राजनेता थे। किसी वक्त में उन्होंने शहर विधानसभा के अपने टिकट को छोड़ा था, जिसके बाद डा. दिनेश जौहरी यहां से भाजपा के उम्मीदवार बने थे। सिटी शमशान भूमि पर उनके बड़े बेटे रवि अग्रवाल ने उनको मुखाग्नि दी। राजकुमार अग्रवाल एक दमदार व्यक्तित्व और बात के धनी राजनेता माने जाते थे। 1984 में भाजपा नेतृत्व ने उनको शहर विधानसभा से अपना उम्मीदवार घोषित किया, लेकिन उन्होंने यह चुनाव डॉ. दिनेश जौहरी को लड़वाना पसंद किया। राजकुमार जी ने मजबूती से उनके चुनाव को लड़ाया और जिताया। राजकुमार अग्रवाल भाजपा के महानगर अध्यक्ष भी रहे। 1989 के नगर महापालिका के चुनाव में भाजपा के 14 सभासद चुनकर आये थे। महापौर का प्रत्याशी राजकुमार अग्रवाल को बनाया गया। उस वक्त महापौर का चुनाव सीधे जनता से ना होकर सभासदों से होता था। राजकुमार अग्रवाल को उनके कई विकास कार्यों के लिए भी याद किया जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, लाल कृष्ण आडवाणी समेत भाजपा के कई शीर्ष नेताओं से उनके खास रिश्ते रहे। उनके दुखद निधन की खबर मिलते ही सुबह से ही उनके घर पर आने वालों का तांता लग गया। तीन बजे उनकी अंतिम यात्रा सिटी शमशान भूमि पर पहुंची। जहां उनके बेटे व पश्चिमी उप्र उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष, विद्या भवन्स स्कूल के चेयरमैन व जाने माने व्यावसायी रवि प्रकाश अग्रवाल ने उनको मुखाग्नी दी। उनके बेटे नवीन अग्रवाल व अन्य शोकाकुल परिजन भी साथ रहे। उनको श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में मेयर डा. उमेश गौतम, पूर्व मेयर डा. आईएस तोमर, विधायक संजीव अग्रवाल, विधायक डॉ. डीसी वर्मा, अनिल कुमार एडवोकेट, जाने माने उद्यमी घनश्याम खंडेलवाल, महेन्द्र अग्रवाल, समेत कई गणमान्यजन मौजूद रहे।

## दादा ने ही रस्सी से गला घोंटकर कर दी थी पोते की नृशंस हत्या

### जमीन -जायदाद बनी हत्या का मुख्य कारण

ललितपुर। जमीन जायदाद में हिस्सेदारी न देने पड़े, बस इसी बात को लेकर एक व्यक्ति ने अपने मासूम पोते की रस्सी से गला घोंट कर उसे मौत के घाट उतार दिया। हत्या के बाद गांव में हड़कम्प मच गया। वहीं सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना पूराकलां अंतर्गत ग्राम उगरपुर के मजरा गीदवर में रहने वाली माया अहिरवार ने बताया कि उसकी पहली शादी थाना बानपुर अंतर्गत ग्राम गमचाई में रहने वाले बबलू अहिरवार के साथ हुयी थी। लेकिन बबलू शराब पीकर आये दिन उससे अभद्रता करता था।

बताया कि बबलू के साथ रहते हुये उसके तीन बच्चे हुये थे और बबलू के गलत व्यवहार के कारण उसने एक वर्ष पहले आपसी रजामंदी के चलते रोहित अहिरवार से शादी कर ली। माया का आरोप है कि शादी के बाद से रोहित के पिता प्रीतम अहिरवार इस शादी से खुश नहीं थे। आये दिन प्रीतम अहिरवार उसे पुत्र रोहित अहिरवार को छोड़कर भाग जाने के लिए प्रेरित करते थे। माया ने बताया कि वह रोहित से शादी करने पर बबलू से हुये तीन बच्चों में से सबसे छोटे पुत्र मोहित को अपने साथ ले आयी थी।

आये दिन ससुर प्रीतम अहिरवार से होने वाले विवाद से आजीज आकर वह अपने दूसरे पति रोहित अहिरवार के साथ रुपये कमाने के लिए झांसी चले गये थे। बताया कि बीती 19 अक्टूबर को जब वह झांसी से घर आये तब भी ससुर से विवाद हुआ था और प्रीतम अहिरवार ने उसे अपनी जमीन जायदाद न देने की धमकी दी। इसके बाद अगले दिन 20 अक्टूबर की शाम करीब साढ़े आठ बजे वह अपने पति रोहित के साथ दुकान पर सौदा लेने के लिए गये हुये थे। तब उनका 6 वर्षीय पुत्र मोहित घर में अकेला था। आरोप है कि इसी समय का लाभ उठाते हुये उसके ससुर प्रीतम अहिरवार ने उसके छोटे पुत्र मोहित का रस्सी से गला घोंटकर मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर प्रीतम अहिरवार के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 103 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## जनपद में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है खाद

ललितपुर। जिला कृषि अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुये अवगत कराया है कि वर्तमान में जिले में डीएपी 2572 मी. टन उपलब्ध है तथा 1200 मी.टन डी.ए.पी. की रैक सोमवार को रैक प्वाईन्ट पर प्राप्त हुई है। साथ ही 2280 मी. टन 23 अक्टूबर 2024 तक प्राप्त हो जायेगी। इस प्रकार अगले 2 दिनों में लगभग 6000 मी. टन की उपलब्धता हो जायेगी। इस प्रकार जनपद में डी.ए.पी. की कमी नहीं है। इसके अलावा एनपीके उर्वरक 5716 मी. टन उपलब्ध है।

## डेयरी सहकारी समितियों को सशक्त किया जाये : सीडीओ



बिजनौर। जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में सोमवार को बजे कलेक्ट्रेट सभागार में नाबार्ड से संबंधित बैठक आयोजित हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि पांच साल की अवधि में देश में दो लाख नई बहुउ ?द्देशीय पैक्स, डेयरी या मत्स्य सहकारी समितियां बनाने का लक्ष्य है ताकि ग्रामीण परिदृश्य को सहकारी पारिस्थितिकी तंत्र से संतृप्त किया जा सके। डेटा विश्लेषण के अनुसार कार्यान्वयन एजेंसियों के पांच साल के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि नाबार्ड द्वारा देश भर में दो चरणों में नए एम पैक्स का गठन किया जायेगा।

मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने बताया कि एनडीडीबी डेयरी सहकारी समितियों के गठन और सुदृढीकरण करना सुनिश्चित करेगें। जिनमें से नई डेयरी सहकारी समितियों बनाई जाएंगी और मौजूदा डेयरी सहकारी समितियों को भारत सरकार के राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी) 2.0 के माध्यम से सशक्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एनएफडीबी मत्स्य सहकारी समितियों के गठन और सुदृढ़ीकरण करना सुनिश्चित करेंगे, जिसमें नई मत्स्य सहकारी समितियां बनाई जाएंगी और मौजूदा मत्स्य सहकारी समितियों को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) आदि सहित भारत सरकार की मौजूदा योजनाओं के माध्यम से सशक्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उपरोक्त के अतिरिक्त, राज्य सरकारों द्वारा भी नई एम-पैक्स/डेयरी/मत्स्य सहकारी समितियों का गठन किया जाएगा। उन्होंने उक्त के संबंध में संबंधित को निर्देश दिए कि जिला स्तर पर भी जोइंट वर्किंग कमेटी का गठन करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कमेटी के चेयरपर्सन को नामित करने, जनपद में निबंधित समस्त मत्स्य एवं दुग्ध समितियों की क्रियाशीलता, निष्क्रिय मत्स्य एवं दुग्ध समितियों के सक्रिय किये जाने की कार्ययोजना, बहु-उद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण समिति बहु-उद्देशीय डेयरी सहकारी समिति बहु-उद्देशीय मत्स्य सहकारी समिति ऐसी समितियां जो सक्रिय नहीं की जा सकती उनके परिसमापन किये जाने की कार्यवाही, कवर न किए गए और कम सुविधा प्राप्त ग्राम पंचायतों के लिए नए एम-पैक्स, एम-डीसीएस, एम-एफसीएस के जिला स्तरीय लक्ष्यों का समेकन सहित आदि बिन्दुओं पर गहन विचार विमर्श कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## राशन कोटेदारों की बढ़ी आफत, मानदेय की मांग करेंगे कोटेदार

बरेली। राशन वितरण प्रणाली के तहत गरीबों को हर महीने मुफ्त राशन देने के लिए कोटेदारों की भूमिका महत्वपूर्ण है। हाल ही में शासन ने इस प्रणाली में पारदर्शिता और निष्पक्षता लाने के लिए पॉश मशीन को बेइंग मशीन से जोड़ा है। इससे घटतौली पर अंकुश लगाने का प्रयास किया गया है, लेकिन यह व्यवस्था कोटेदारों के लिए चुनौतियाँ पैदा कर रही है। कोटेदारों का आरोप है कि उन्हें मिलने वाला मानदेय कम और काम की जटिलताएँ अधिक हो गई हैं। इस कारण दो दर्जन से अधिक कोटेदारों ने कोटा सरेंडर करने की अर्जी भी दी है। कोटेदारों रोहित, रूपेश, और नसीम का कहना है कि मुनाफा कम होने के कारण वे अन्य कार्यों की तलाश में हैं। हर महीने साढ़े सात लाख लोगों को राशन वितरित करने के बावजूद उन्हें विभाग की नजर में संदेह का सामना करना पड़ रहा है।

## फ्री हेल्थ कैंप में मुफ्त दवाइयां वितरित



नगीना, बिजनौर। आईजेबी चेरिटेबल हॉस्पिटल की तरफ से बढ़ापुर के फकीर चंद आर्य इंटर कॉलेज में फ्री हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सभी तरह की बीमारियों की मुफ्त ओपीडी व मुफ्त दवाइयां वितरित की गई है। कैंप में डेंटल सर्जन डॉक्टर अदीबा खान, जनरल फिजिशियन डॉक्टर आतिफ, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कहकशा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर इकबाल ने मुफ्त ओपीडी की सेवाएं दी और सभी तरह की दवाइयां बिलकुल मुफ्त में वितरित की गई।

कैंप के आयोजन पर वहां मौजूद आईजेबी चेरिटेबल हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर मौ0 फरहान अंसारी व बढ़ापुर की रहने वाली डॉक्टर अदीबा खान ने कहा कि इस तरह के फ्री हेल्थ कैंप बढ़ापुर में समय समय पर किए जाएंगे, जिससे हॉस्पिटल की सेवाएं आम और जरूरतमंद लोगों तक पहुंच सके, और भविष्य में और बड़े स्तर पर फ्री हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाएगा और साथ ही उन्होंने बताया कि हर जुमेरात/गुरुवार को फ्री ओपीडी आईजेबी चेरिटेबल हॉस्पिटल में किया जाता है जिसमे सभी डॉक्टर्स की ओपीडी मुफ्त में की जाती है। इस फ्री हेल्थ कैंप में आईजेबी चेरिटेबल हॉस्पिटल के इंचार्ज एमएम गिल, मोहम्मद अब्दुल्लाह, फैसल नफीस, मौ0 अरीब, अलाउद्दीन, मोहम्मद साहिल, शुमायला रईस, रेहान, असमा, अमन कुमार, मौ0 सैफ, खुशी रईस ने अहम योगदान दिया।

## मंदिर जाने वाली सड़क का डामरीकरण कराने की मांग

ललितपुर। थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम देवगढ़ निवासी अधिवक्ता शेरसिंह यादव ने एक शिकायती पत्र जिलाधिकारी को भेजते हुये पीडब्ल्युडी विभाग पर कागजी घोड़े दौड़ाते हुये श्रीशिव मंदिर व श्री हनुमान मंदिर के पास सड़क का डामरीकरण होना बताये जाने और मौके पर जीर्णशीर्ण सड़क होने का आरोप लगाते हुये जांच कर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। डीएम को दिये शिकायती पत्र में शेरसिंह यादव एड. ने बताया कि पर्यटन स्थल व तीर्थ क्षेत्र देवगढ़ जिला- ललितपुर में दशावतार मंदिर से श्री शिव मंदिर श्री हनुमान मंदिर तक पी.डब्ल्यू.डी. की सड़क डली हुयी है, जिसका डामरीकरण कई वर्षों से नहीं किया गया है। इससे उक्त सड़क जगह-जगह उखड़ गयी है और गड्ढे हो गये हैं, जिससे इस सड़क पर निकलने में राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रकरण को लेकर पूर्व में भी शिकायती पत्र दिया गया।

## बालू माफिया किसानों की जमीन से जबरन बना रहे रास्ता,डीएम से शिकायत



बांदा। केन नदी से बालू निकासी का काम शुरू होते ही माफियाओं की दबंगई दिखाई देने लगी है। बालू व्यवसायियों के गुर्गे किसानों की जमीनों पर जबरन कब्जा कर रास्ता निकालने मे जुट गये हैं। इससे परेशान होकर किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम नगेन्द्र प्रताप से जमीन बचाने की गुहार लगाई है। जिलाधिकारी की ड्योढ़ी पहुंचे तिंदवारी थाना क्षेत्र के बेंदा गांव के किसानों का कहना है कि बेंदा खंड संख्या-1 में मौरंग ठेकेदार के गुर्गों ने उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया है और वह जबरन खेतों से बालू निकालने के लिए रास्ता बना रहे हैं। जेसीबी तथा पोकलैंड मशीनों के जरिए उनकी जमीन बर्बाद की जा रही है। लगभग आधा दर्जन किसानों की खेती की जमीन पर दबंगई के बल पर रास्ता निकाला जा रहा है। इसके लिए किसानों की कोई सहमति नही ली गयी। बताते चलें कि बेंदाघाट खंड 1 में पहले भी अनियमितताएं देखी गयीं हैं। दो दिन पूर्व ही खनिज अधिकारी और एडीएम ने मौके का निरीक्षण किया था लेकिन उन्होने खदान संचालकों को क्लीन चिट दे दी थी। किसानों ने डीएम से अपनी जमीन बचाने की गुहार लगाई है।

# नागरिकता और घुसपैठ

भारत ही नहीं दुनिया के अनेक देश अवैध प्रवासियों की समस्या से परेशान हैं। भारत में असम सहित पूर्वोत्तर राज्यों में कई जिले तो ऐसे हैं जहां बांग्लादेश से अवैध रूप से आये प्रवासियों की संख्या इतनी अधिक हो गयी है कि मूल निवासी अल्पसंख्यक हो गये हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि सरकार नागरिकता को लेकर एक सुसंगत और व्यापक कानून लाये। इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय बेंच ने 1955 के नागरिकता कानून की धारा 6-ए को सही ठहराया है। कोर्ट ने 25 मार्च 1971 के कटऑफ को भी वैध करार दिया है। गौरतलब है कि इसी दिन पाकिस्तानी सेना ने पूर्वी पाकिस्तान में ऑपरेशन सर्चलाइन शुरू किया था। कोर्ट के फैसले से इस तिथि तक भारत में आने वालों के लिए नागरिकता का रास्ता साफ हो गया है, लेकिन इससे नागरिकता को लेकर असम और पूर्वोत्तर में जो विवाद है, वह कहां तक हल होगा यह देखने वाली बात है। जहां तक घुसपैठ की समस्या और नागरिकता कानून व असम समझौते के आलोक में नागरिकता देने और घुसपैठ की पहचान की बात है, तो यह इतनी जटिल समस्या है कि एक फैसले से इसका निदान संभव नहीं है। इसलिए भारत सरकार को देश की सुरक्षा, डेमोग्राफी और सीमित संसाधनों के संदर्भ में कोई व्यापक समाधान योजना बनानी होगी। इसके लिए राष्ट्रीय सहमति की भी जरूरत है। क्योंकि भारत में घुसपैठ की समस्या बहुत जटिल है। लंबे समय तक सीमाएं खुली रहीं और घुसपैठ होता रहा। अब यही घुसपैठिये तमाम तरह के दस्तावेज हासिल कर नागरिक बन गये हैं और कभी कभार देश की सुरक्षा को लेकर गंभीर खतरा भी पैदा करते हैं। जहां तक असम से जुड़े नागरिकता कानून की धारा 6-ए की संवैधानिकता का सवाल है तो इसकी पुष्टि अब सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने 4-1 के बहुमत से कर दी है। फैसला करीब 12 साल के बाद, 17 याचिकाओं पर विचार करने के बाद आया है। इस फैसले के बाद 1 जनवरी, 1966 और 25 मार्च, 1971 की अवधि के दौरान, भारतीय मूल के, जो बांग्लादेशी भारत में आये हैं और यहीं बसे हैं, उन्हें भारतीय नागरिकता मिल जाएगी। हालांकि तारीखों को लेकर भी सवाल है कि असम और शेष भारत में प्रवेश करने वाले अवैध प्रवासियों को नियमित करने के लिए अलग-अलग तारीखें तय की गई हैं। ऐसा क्यों किया जाना चाहिए? बहरहाल 25 मार्च, 1971 के बाद असम में आने वाले विदेशियों को भारतीय नागरिकता नहीं मिलेगी। 1970 और 1980 के दशक में असम विदेशी घुसपैठ के मुद्दे पर उबलता रहा, आंदोलन तक छिड़ गये और हिंसा भी हुई। असम भारत के पूर्वोत्तर का सीमावर्ती राज्य है। अपनी संस्कृति, सामाजिक पहचान, विरासत और भाषा को सुरक्षित और संरक्षित रखने के मकसद से असमिया बिरादरी ने खासकर बांग्लादेशी प्रवासियों का विरोध किया। आशंकाएं जताई गईं कि असम की संस्कृति और आबादी के समीकरण तक बदल सकते हैं और मुस्लिम आबादी बहुसंख्यक हो सकती है। असमिया लोगों का मताधिकार तक प्रभावित हो सकता है। भारत में अवैध प्रवास एक बेहद संवेदनशील मुद्दा है। 1985 में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी, असम सरकार और ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन के बीच एक त्रि-पक्षीय समझौता हुआ। प्रवास और प्रवेश की तारीखों को लेकर सहमति बनी और उसके बाद संसद में एक विधेयक पारित कर नागरिकता कानून में नई धारा-6 ए-जोड़ी गई। संविधान पीठ के चार न्यायाधीशों, जिनमें प्रधान न्यायाधीश धनंजय वाई. चंद्रचूड़ भी शामिल थे, ने इस धारा को संसदीय विधायी समाधान माना है, लिहाजा धारा 6-ए पूरी तरह से संवैधानिक धारा है। लेकिन जस्टिस पारदीवाला का मानना था कि धारा 6-ए राजनीतिक समझौते को कानूनी मान्यता देने के लिए लाई गई थी। इस समझौते का मतलब सिर्फ नागरिकता प्रदान करना नहीं था। वास्तव में यह असम के लोगों को शांत करने के लिए था कि ऐसे समावेश से राज्य में होने वाले चुनावों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। बहरहाल पूर्वोत्तर में नागरिकता और घुसपैठ का सवाल बहुत जटिल है और यह राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ मुद्दा है। इसलिए पर देश को बहुत सावधानी से आगे बढ़ना होगा।




**सुप्रीम कोर्ट ने नागरिकता कानून की धारा 6ए को वैध ठहराया है, लेकिन नागरिकता की जटिल समस्या का हल इस एक फैसले से होना कठिन है।**

### विचार

जो ब्रह्म है जो सबसे महान है, उसी को मनुष्य के सामने रखने से उसके मन को सांत्वना प्राप्त हो सकती है।

–रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

निश्चय पर पहुंचना ही विचार का उद्देश्य है और जब किसी बात का निश्चय हो जाये तो उस पर अमल करने में देर करना भूल है।

–तिरुवल्लुवर.

जो कुछ भी तुम आज कर सकते हैं उसको कल के भरोसे पर कभी मत छोड़िये।

–फ्रेंकलिन.

एक बार जो भूल हो गयी उसे हृदय से बुरा समझकर पुनः कदापि न करना चाहिए, इसके लिए सतत् प्रयत्नशील होकर अपनी गलती को जड़ से उखाड़ फेंक देना चाहिए।

–मुनि गणेश वर्णी.

शारीरिक क्षमता से बल प्राप्त नहीं होता, वह तो अदम्य इच्छा शक्ति से मिलता है।

–महात्मा गांधी.

# ब्रिक्स विकसित करेगा नयी भुगतान प्रणाली



वीना गौतम

**रूस की मेजबानी में आयोजित होने जा रहे ब्रिक्स नेताओं के 16वें वार्षिक शिखर सम्मेलन से पहले पुतिन का यह कहना बहुत मौजूं है कि अगर 10 देशों का यह समूह अपनी डिजिटल मुद्राओं के जरिये कारोबार की राह निकाल लेता है तो डॉलर का वर्चस्व अतीत की बात हो सकती है।**

आज यानी 22 अक्टूबर 2024 से रूसी संघ के एक घटक गणराज्य तातारस्तान की राजधानी कजान में 16वां 'ब्रिक्स' सम्मेलन शुरू हो रहा है, जिसमें भाग लेने के लिए भारत के प्रधानमंत्री मोदी भी गये हैं। मध्य पूर्व में तनाव और रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान हो रहा यह सम्मेलन जो कि 23 अक्टूबर 2024 तक चलेगा, कई मायनों में बहुत महत्वपूर्ण है। मसलन रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सम्मेलन की पूर्व संध्या पर कहा है कि ब्रिक्स पश्चिमी प्रतिबंधों से मुक्त 'स्विफ्ट' जैसी सीमा-पार भुगतान प्रणाली की संभावनाएं तलाश रहा है। गौरतलब है कि स्विफ्ट 'सोसायटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंसियल टेलीकम्युनिकेशन' एक अंतर्राष्ट्रीय भुगतान प्रणाली है, जिसका उपयोग दुनिया भर के बैंक और वित्तीय संस्थान सीमा पार लेनदेन के लिए करते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य दुनिया भर के बैंकों के बीच सुरक्षित और कुशल तरीके से वित्तीय संदेशों (जैसे कि भुगतान निर्देश) का आदान-प्रदान करना होता है। इस प्रणाली के माध्यम से बैंक और अन्य वित्तीय संस्थान एक दूसरे को सुरक्षित संदेश भेज सकते हैं, जिससे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और धन का स्थानांतरण तेज और सुरक्षित होता है।

पुतिन का मानना है कि अगर ब्रिक्स यानी ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका की अर्थव्यवस्थाएं, जिन्हें दुनिया की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाएं माना जाता है, अपना एक वैकल्पिक स्विफ्ट विकसित कर लें तो दुनियावी कारोबार में हावी अमेरिकी डॉलर के वर्चस्व को खत्म किया जा सकता है। इसकी शुरूआत के लिए रूस के राष्ट्रपति का सुझाव है कि ब्रिक्स समूह के देशों को आपसी भुगतान हेतु अपनी 'राष्ट्रीय डिजिटल मुद्राओं' के इस्तेमाल पर जोर देना चाहिए। पुतिन ब्रिक्स देशों को अपनी राष्ट्रीय डिजिटल मुद्राओं के इस्तेमाल को इसलिए प्रोत्साहित कर रहे हैं तो ये कई मायनों में पारम्परिक मुद्राओं के मुकाबले इस्तेमाल में किफायती साबित होती हैं। हालांकि उनके किफायती होने का स्तर इस बात पर निर्भर होता है कि किस प्रकार की डिजिटल मुद्रा की बात हो रही है? साथ ही किन स्थितियों में उनका उपयोग किया जा रहा है। दरअसल डिजिटल मुद्राओं के कई रूप हैं, जैसे कि क्रिप्टोकरेंसी, सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) और इलेक्ट्रॉनिक मनी (ई-मनी)। जहां तक क्रिप्टोकरेंसी की बात है तो कुछ देशों में तो इसकी स्वीकार्यता है मसलन जापान, स्विट्जरलैंड और सिंगापुर ने क्रिप्टोकरेंसी के उपयोग को अपनी वित्तीय प्रणाली में शामिल कर लिया है। इन देशों में क्रिप्टोकरेंसी को कानूनी मान्यता भी दी गई है। इसी तरह अमेरिका और यूरोपीय संघ में भी क्रिप्टोकरेंसी को अपने यहां मान्यता दी है। लेकिन इन सभी देशों के बीच आपसी व्यापार में क्रिप्टोकरेंसी को बहुत सीमित लगभग टेस्ट के स्तर पर ही उपयोग हो रहा है। यही नहीं इन ज्यादातर देशों की अपनी कोई क्रिप्टोकरेंसी भी नहीं है मसलन जापान को ही लें, जापान की कोई राष्ट्रीय क्रिप्टोकरेंसी नहीं है, लेकिन मोनाकॉइन या मोना नाम से एक क्रिप्टोकरेंसी है, जिसका इस्तेमाल ही मुख्य रूप से जापान में किया जाता है उस पर भी इन्होंने बहुत कड़े नियम लागू किए हैं।

### ब्रिक्स शिखर सम्मेलन

यही हाल अमेरिका और यूरोपीय संघ का भी है। इसलिए ब्रिक्स देशों के बीच जिस डिजिटल करेंसी में आपसी व्यापार की कल्पना की जा सकती है, उसमें कम से कम क्रिप्टो तो नहीं ही हो सकती। क्योंकि भारत और चीन तो साफ तौर पर क्रिप्टोकरेंसी के प्रति सख्त रुख अपनाते हैं। चीन ने लगभग सभी प्रकार की क्रिप्टोकरेंसी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया है, जबकि भारत में इस पर काफी नियम और विनियम लागू हैं, हालांकि पूर्ण प्रतिबंध यहां भी नहीं है। अब मुख्यतः बचती है सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी यानी सीबीडीसी। सवाल है क्या सीबीडीसी के जरिये ब्रिक्स देश आपसी व्यापार कर सकते हैं? यह एक संभावित विकल्प तो है और इस दिशा में कुछ कदम भी उठाए जा रहे हैं। क्योंकि सीबीडीसी वह डिजिटल मुद्रा होती है, जिसे किसी देश के सेंट्रल बैंक द्वारा जारी किया जाता है और नियंत्रित भी किया जाता है। इसलिए यह फिएट करेंसी (एक राष्ट्रीय मुद्रा है, जिसका मूल्य किसी भौतिक वस्तु की कीमत से जुड़ा नहीं होता) का डिजिटल संस्करण है और इसका उद्देश्य डिजिटल भुगतान को अधिक सुरक्षित, तेज और सस्ता बनाना होता है।

ब्रिक्स देशों के बीच सीबीडीसी का उपयोग करने के कई फायदे हो सकते हैं- जैसे कि आपसी व्यापार लेन-देन में बिचैलियों को हटाना, मुद्रा विनिमय लागत को कम करना और सीमा-पार भुगतान को तेज करना। चूंकि ब्रिक्स देश कई वर्षों से आपसी व्यापार में अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता को कम करने के लिए विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रहे हैं, इसलिए यह सबसे उपयुक्त विकल्प हो सकता है। चीन और रूस तो पहले से ही किसी हद तक ऐसा कर रहे हैं। चीन की डिजिटल मुद्रा युआन (ई-सीएनवाई) और रूस की डिजिटल रूबल के बीच आपसी कारोबार काफी आगे बढ़ चुका है। लेकिन जहां तक अपने देश की बात है, तो भारत अपनी डिजिटल मुद्रा 'ई-रुपी' का उपयोग मुख्य रूप से देश के भीतर ही करता है वह भी बहुत सीमित पैमाने पर। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हमने अभी तक किसी देश के साथ सीधे डिजिटल रुपये के माध्यम से कारोबार शुरू नहीं किया। हालांकि इसमें कोई दो राय नहीं है कि हम अपनी सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी) यानी ई-रूपी के विकास और विस्तार की योजना बना रहे हैं है। लेकिन यह योजना अभी पायलट चरण में है और केवल कुछ बड़े बैंकों और उपयोगकताओं तक सीमित है। अभी तक इसका सीमा-पार व्यापार या अंतर्राष्ट्रीय लेन-देन में कोई उपयोग नहीं किया गया है।

मगर इसके बारे में सोचा जा रहा है क्योंकि इसके कई फायदे साफ तौर पर दिख रहे हैं। सबसे पहले तो इससे डॉलर पर निर्भरता कम होगी। चूंकि अभी तक अधिकतर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अमेरिकी डॉलर में होता है, इसलिए वैश्विक कारोबार में अमेरिकी वित्तीय प्रणाली का वर्चस्व बना रहता है।

अगर ब्रिक्स देश अपनी डिजिटल मुद्राओं यानी सीबीडीसी में आपसी कारोबार शुरू करते हैं तो इनकी आर्थिक संप्रभुता मजबूत होगी। साथ ही यह भुगतान तेज और सस्ता होगा। चूंकि विभिन्न देशों की सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी सीधे उन देशों की सेंट्रल बैंक से नियंत्रित होती है, इसलिए पूरी तरह से अगर बिचैलियों की जरूरत खत्म न हुई तो भी कम होगी, जिससे लेन-देन की लागत और समय कम हो सकता है। साथ ही लेन-देन आज के मुकाबले कहीं ज्यादा पारदर्शी और सेंट्रल बैंकों के कारण सुरक्षित भी होगा। इससे मनी लॉन्ड्रिंग और अन्य अवैध गतिविधियों में भी कमी आ सकती है। लेकिन सब कुछ अच्छा ही नहीं है। कई चुनौतियां और बाधाएं भी हैं। सबसे पहले बड़ी बाधा तो यही है कि सभी ब्रिक्स देशों के अलग-अलग वित्तीय और कानूनी ढांचे हैं, इसलिए इन सभी को तुरत फुरत सीबीडीसी के साथ समायोजित करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इसके सफल उपयोग के लिए एक मजबूत और सुरक्षित तकनीकी ढांचे की भी आवश्यकता है। साथ ही सभी देशों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके डिजिटल सिस्टम सुरक्षित और हैक-प्रूफ हों। लेकिन इन चुनौतियों के बीच यह एक बड़ा मौका भी है अगर ब्रिक्स देश अपनी-अपनी डिजिटल मुद्राओं के माध्यम से एक साझा या समन्वित भुगतान प्रणाली विकसित कर लेते हैं, तो यह अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को सरल और स्वतंत्र बना सकता है।



### सोशल मीडिया



जब भी झारखंडियों के हितों की बात हमने की है, हमारे ऊपर अत्याचार हुआ है, पांच साल केन्द्र ने सिर्फ झारखंड और झारखंडियों के हितों का तिरस्कार करने का काम किया। हेमंत सोरेन.



आज महाराष्ट्र के अकोला में मुझ पर और भारत जोड़ो अभियान के साथियों पर जो हमला हुआ वह हर लोकतंत्र प्रेमी के लिए गंभीर चिंता का विषय है। योगेन्द्र यादव.



पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ, राष्ट्र सेवा में प्राणों को उत्सर्ग करने वाले देश के समस्त शहीद पुलिस जन को विनम्र श्रद्धांजलि। सीएम योगी.

# आंतरिक शक्तियां

### अंतर्दृष्टि

मनुष्य के रास्तों को कभी कठिनाइयां रोक नहीं पाती हैं। दुनिया के फलक पर ऐसे सितारों की बड़ी संख्या है जो तमाम अभावों का सामना करके आगे आये अपनी तीक्ष्ण बुद्धि, प्रतिभा, त्याग और उपदेश से पूरी दुनिया का मार्गदर्शन किया। विषम स्थितियों से सामना होने पर मनुष्य की भौतिक अंतः प्रतिभा जाग्रत होती है। सुप्त शक्तियों का विकास होता है। पत्थर पर रगड़ खाने वाला चाकू तेज होता है और वह अपने काम में अधिक कारगर साबित होता है। उसका स्वभाव, अनुभव और दिमाग मंज कर साफ हो जाता है, जिससे आगे बढ़ने में उसे बहुत सफलता मिलती है। इसके विपरीत जो लोग अमीर और साधन सम्पन्न घरों में पैदा होते हैं उन्हें जीवन की आवश्यक सामग्रियां प्राप्त करने के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ता। लाड़, दुलार, ऐश, आराम के कारण उनकी प्रतिभा निखरती नहीं, वरन बंद पानी की तरह सड़ जाती है। यह निष्क्रिय चाकू की तरह जंग लगकर निकम्मी हो जाती है। आमतौर पर आजकल ऐसा देखा जाता है कि अमीरों के लड़के अपने जीवन में असफल रहते हैं और गरीबों के लड़के आगे चलकर चमक जाते हैं। पुराने जमाने में राजा रईस अपने लड़कों को ऋषियों के आश्रम में इसलिए भेज देते थे कि यहां रहकर अभावग्रस्त जीवन व्यतीत करें और अपनी प्रतिभा को तीव्र बनायें। हमारा उद्देश्य यह कहने का नहीं है कि अमीरी कोई बुरी चीज नहीं है और अमीरों के घर में पैदा होने वाले उन्नत जीवन नहीं बिता सकते। जहां साधन है वहां तो और भी जल्दी उन्नति होनी चाहिए। बढ़ई के पास बढ़िया लकड़ी और अच्छे औजार हों तब तो वह बहुत ही सुंदर फर्नीचर तैयार करेगा यह तो निश्चित है। हमारा तात्पर्य केवल यह कहने का है कि यदि जिन्दगी जीने की कला आती हो तो अभाव, कठिनाई या विपरीत परिस्थिति भी कुछ बाधा नहीं डाल सकती। गरीबी या कठिनाई में साधनों की कमी का दोष है तो प्रतिभा को चमकाने का गुण भी है। अमीरी में साधनों की बाहुल्यता है तो लाड़ दुलार और ऐशो आराम के कारण प्रतिभा के कुन्द हो जाने का दोष भी है। दोनों ही गुण दोषयुक्त हैं। किन्तु जो जीवन जीना जानता है, वह चाहे अमीर हो या गरीब, अच्छी परिस्थितियों में अनुकूलता और आनन्द प्राप्त कर सकता है। आनन्दमय जीवन बिताने के लिए धन, विद्या, अच्छा सहयोग, स्वास्थ्य आदि की आवश्यकता है। परन्तु ऐसा न समझना चाहिए कि इन वस्तुओं के होने से ही जीवन आनन्दमय बन सकता है। एक अच्छी पुस्तक लिखने के लिए कागज, दवात, कलम की आवश्यकता है। जीवन में आनन्द के लिए संतोष की भी जरूरत होती है।

# हम चुनावी महोत्सव के देश हैं...

### व्यंग्यलोक

गुरु जी! हमारा देश अनादिकाल से ही उत्सवों, महोत्सवों, पर्वों की भूमि रहा है। यहां सूरज से लेकर धूर्त तक की पूजा, उपासना होती है। पूजा के मामले में हम बहुत लिबरल हैं। पर जबसे हम स्वतंत्र हुए हैं हमारी उत्सवों की धरती पर एक और महोत्सव मनाया जाने लगा है, और वह है, उत्सवों का उत्सव! विधानसभा चुनाव महोत्सव! और उत्सवों की आभा भले ही आज फीकी पड़ने लगी हो, पर चुनाव महोत्सव की चकाचौंध पिछले महोत्सव के मुकाबले अगले महोत्सव में दिन दुगुनी रात चौगुनी बढ़ती ही जा रही है। महोत्सव के दिनों होने वाले खर्चे को देखकर अब तो लक्ष्मी, कुबेर भी परेशान होने लगते हैं। पांच सालों के बागी, निष्कासित, दलबदलू अपने गले में फूलों की मालाएं डलवा अपने घर लौटने लगते हैं। कई अपने हितार्थ बंधन मुक्त होते हैं तो कई अपने विकास की संभावनाएं देख नए गठबंधन में बंधते हैं। महोत्सव नजदीक आते ही वे कुछ भी करने को आमादा दिखते हैं। शुरू शुरू में यह उत्सव बड़ी सादगी से मनाया जाता था। पर धीरे धीरे जैसे जैसे इस उत्सव में वोटरों को अपनी हिस्सेदारी का पता चला, उत्सव में जीतकर आने वालों को अपनी संभावनाओं का पता चला, तबसे यह उत्सव खर्चीला होता गया। चुनाव महोत्सव की खासियत यह है कि यह महोत्सव महोत्सव होने की संभावित तारीख से पहले ही मनना शुरू हो जाता है। तब चुनाव जीत कर उन्मांद पर बसे धीरे धीरे वोटरों के बीच उतरना शुरू करते हैं, एक दूसरे के कार्यकर्ता आपस में भिड़ना शुरू करते हैं। सक्रिय तो सक्रिय, निष्क्रिय भी एकशन मोड़ में आ जाते हैं। एक दूसरे के खजानों पर छापे डलवाने का दौर शुरू होता है। चोर के विरुद्ध सीना तानकर चोर खड़ा होता है। जैसे ही इस महोत्सव को मनाने की आधिकारिक घोषणा हो, महोत्सव मनाने की आदर्श आचार संहिता लागू होती है, चारों ओर हुड़दंग शुरू हो जाते हैं। वह उत्सव ही क्या जिसमें हुड़दंग न हो। वोटरों तो वोटरों, बाजार, घर की दीवारों, पेड़ों के तनों तक से ये वे गले लगे मिलते हैं। चुनाव महोत्सव में गंगा में पानी से भी अधिक पैसा गली, बस्तियों में बहाया जाता है। बुद्धिजीवियों तक को उल्लू, उल्लू का परदादा बनाया जाता है। इस महोत्सव के आरंभ होते ही हर टाइप के नेता लोग अपनी अपनी जेब में अपने अपने हिसाब का खर्च लेकर अपने अपने वोटरों को सर्च करने निकल पड़ते हैं। इस महोत्सव में नेताओं द्वारा एक दूसरे के कपड़े उतारे जाते हैं, एक दूसरे के कपड़े फाड़े जाते हैं। जो मन में आए बका जाता है। कोई किसी को कुछ नहीं कहता... और जैसे ही महोत्सव के आखिरी दिन वोटर अपने वोट का दान इन्हें देता है उसके तुरंत बार अगली घोषणा तक चुनाव महोत्सव बंद जाता है।



अशोक गौतम

# डिजिटल क्रांति ने लगा दिया लोक कलाओं को भी पंख



कला जगत

भारत में हर क्षेत्र में जो अतुलनीय विविधता देखने को मिलती है, यूं तो हर दौर में उसके विशिष्ट मायने थे। लेकिन इस भूमंडलीकरण और डिजिटल क्रांति के दौर में यह विविधता भारतीय कलाओं और रचनात्मकता का शिखर बनकर सामने आयी है। भारत की जो सांस्कृतिक विविधता और अनमोल धरोहर पहले सिर्फ हमारे संज्ञान तक ही सीमित थी, अब डिजिटल क्रांति की बदौलत समूची दुनिया इसके महत्व से परिचित हो रही है। ऐसा हो भी क्यों न। भारत में कई दूसरे क्षेत्रों के मुकाबले कला की विविधता अद्वितीय है।

राजस्थान की मिनिएचर पेंटिंग, मध्यप्रदेश की गोंड पेंटिंग, बंगाल की पाटचित्र और दक्षिण भारत की तंजावुर पेंटिंग। ये सब एक दूसरे से इतनी भिन्न और अंतस्थल में आपस में इतने गहरे तक जुड़ी हुई है कि यह देख और जानकर हैरानी होती है। सिर्फ चित्रण के स्तर पर ही नहीं बल्कि संगीत, नृत्य और मूर्तिकला के मामले में भी यह भिन्नता और गहरे तल में एकता ने न सिर्फ कला जगत को बल्कि नृशास्त्रीय विद्वानों को भी हैरान कर दिया है। लेकिन इस विविधता से पहले जिन दो चीजों का कला क्षेत्र में आज जिक्र करना बहुत जरूरी है, उसमें पहला यह है कि भले आज की युवा पीढ़ी सीधे सीधे कलाप्रेमी न दिखती हो, लेकिन देश में हुई डिजिटल क्रांति और जीवनशैली में शामिल हो गई सोशल मीडिया के कारण इस पीढ़ी ने न केवल इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब और फेसबुक के जरिये भारत की पारंपरिक कलाओं में अपनी रूचि दशार्या है बल्कि इनसे विशेष तरह की प्रेरणा भी हासिल करती हुई दिख रही है। यही कारण है कि नई पीढ़ी, अब के पहले के कई दशकों और शताब्दियों की पीढ़ियों के मुकाबले बिना किसी दावे के कहीं ज्यादा कलाप्रेमी बनकर उभर रही है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण आर्ट फेस्टिवल और आर्ट कार्यशालाओं में होने वाली जबर्दस्त भीड़ है। मुंबई में आयोजित काला घोड़ा फेस्टिवल और दिल्ली से सटे सूरजकुंड में हर साल फरवरी महीने में आयोजित होने वाले क्राफ्ट फेयर में युवाओं की दिखने वाली सक्रिय भीड़ ने साबित कर दिया है कि युवा पीढ़ी न सिर्फ भारत की पारंपरिक कलाओं बल्कि शिल्प और हस्तकौशल में भी जबर्दस्त रूचि रखती है। यह रूचि इतनी ऊर्जामय है कि कलाओं की पारखी न समझे जाने के बावजूद आज की नई पीढ़ी इनकी ठोस संरक्षक बनकर उभरी है। वास्तव में भारत की युवा पीढ़ी में उत्तर से लेकर दक्षिण और पश्चिम से लेकर पूर्व तक जो पारंपरिक लोककलाओं और शिल्प तथा दस्तकारी में रूचि देखने को मिली है, यह उसकी व्यापक जागरूकता का नतीजा है और यह जागरूकता उसकी पारंपरिक शिक्षा और साक्षारता से नहीं आयी बल्कि उस तक यह डिजिटल क्रांति के जरिये पहुंची है।

भले हमें अभी यह कहने में थोड़ा संकोच हो रहा हो कि डिजिटल प्लेटफॉर्म ने भारत की पारंपरिक लोक कलाओं और शिल्प व दस्तकारी जैसी परिवार कलाओं को नया जीवनदान दिया है, लेकिन सच्चाई यही है। यह डिजिटल क्रांति ही है, जिसकी बदौलत यह क्रांति भारत की इस अपार सांस्कृतिक समृद्धि के नजदीक पहुंची है। आज 20वीं और 19वीं शताब्दी के किसी भी दौर से ज्यादा भारतीय युवा देश की पारंपरिक कला और सांस्कृतिक गतिविधियों पर रूचि रखते हैं। यह छोटी मोटी बात नहीं है। इसके बहुत फायदे हुए हैं। सबसे पहली बात तो जिस भारत में हमेशा रचनात्मक कला के पुजारी आर्थिक दृष्टि से हमेशा परेशान रहा करते थे, इस दौर में ऐसी किसी भी रचनात्मक कला के नये कलाकार आर्थिक परेशानियों से नहीं जूझते। डिजिटल क्रांति ने सचमुच में युवा कलाकारों को ऐसा व्यापक मंच प्रदान कर दिया है कि वे अपनी कला का पारंपरिक प्रदर्शन न कर सकने के बावजूद इस डिजिटल मंच में प्रदर्शित करके न सिर्फ अपने इर्दगिर्द के समाज बल्कि समूची दुनिया में ख्याति प्राप्त कर रहे हैं। पहले जो कलाकार स्थानीय कला मेलों और छोटे कार्यक्रमों तक में भागीदारी के लिए संघर्ष किया करते थे, वे बिल्कुल नये नवोढ़े कलाकार आज डिजिटल मीडिया के जरिये न सिर्फ अपनी कला को देश के कोने कोने तक में बल्कि दुनिया के कोने कोने तक पहुंचा रहे हैं, जिससे उनकी कला के कद्रदान तो पैदा हो ही रहे हैं, उनको अपनी कला के लिए अनुकूल बाजार भी आसानी से मिल रहा है। आज नये से नये कलाकार के पास अगर अपनी कला के संबंध में कुछ विशिष्ट कहने के लिए बात है, तो वह डिजिटल मीडिया के जरिये न सिर्फ इसे आसानी से कह सकता है बल्कि वह ऑनलाइन वर्कशॉप आयोजित करके दुनियाभर के कलाकारों की इस संबंध में राय भी हासिल कर सकता है। **लोकमित्र.**

## आप की बात

### नये उद्यमियों की मदद जरूरी

तकनीकी प्रधान इस युग में स्टॉर्टअप कंपनियों ने लोगों के जीवन को आसान बनाने में महती भूमिका निभाई है। आज ये आम जनजीवन के लिए इतनी जरूरी हैं कि इनके विकास जीवन कठिन हो जायेगा। इसलिए सरकार को स्टाटॅअप कंपिनयों की मदद करनी चाहिए ताकि वे डूबने न पायें। अगर स्टॉर्टअप फेल होते हैं, तो इससे लोगों का भरोसा कमजोर होगा और देश तेजी से आगे बढ़ रहे स्टॉर्टअप के सामने चुनौतियों बढ़ेंगी। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। इसका परिणाम आज देश को एक बेहतर स्टॉर्टअप इको-सिस्टम के रूप में मिल रहा है। प्रौद्योगिकी के सहारे आइडिया के बाजीगरों ने तमाम स्टॉर्टअप खड़े किये। इनसे करोड़ों को लोगों को रोजगार मिला है और भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी लिखने में आज स्टॉर्टअप सबसे आगे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप को लेकर अनेक चिंताएं भी पैदा हुई हैं। अचानक स्टॉर्टअप के लुप्त हो जाने, लंबे समय तक घाटे में रहने और आक्रामक विस्तार के लिए अत्यधिक कर्ज लेने के कारण कई बार स्टॉर्टअप मुसीबत में आये हैं। यह भी कि स्टॉर्टअप जब शुरू होते हैं, तो सरकार उनको कई तरह के नियमों-कानूनों एवं रेग्युलेटरी कंप्लायंस में राहत देती है ताकि ये अपनी ऊर्जा का उपयोग प्रगति के लिए कर सकें। लेकिन जब स्टॉर्टअप बड़े हो जाते हैं, बिलियन डॉलर जितनी बड़ी कंपनी बन जाते हैं तब भी अगर वे नियमों-कानूनों को मानने में कोताही करते हैं, तो यह ठीक नहीं है। इसलिए यह समय की जरूरत है कि सरकार भी स्टॉर्टअप फ्रेंडली नीति बनाये और उनको सहयोग करे ताकि वे नियमों-कानूनों एवं रेग्युलेटरी गाइडलाइन का न्यूनतम पालन सुनिश्चित करें। इससे उनको बंद करने की नौबत नहीं आयेगी। हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप कंपनियों ने निवेशकों को भी नुकसान किया है, बैंकों को भी नुकसान पहुंचाया और कई बार खुद ही संकट में फंस गयीं। जब कोई बड़ी कंपनी फेल होती है तो सिर्फ उस कंपनी का ही नुकसान नहीं होता है बल्कि देश को भी नुकसान होता है।

**वीरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

### संविदाकर्मियों की समस्याएं

उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खाली पदों पर भर्ती करने के बजाय प्रदेश सरकार सेवा प्रदाताओं के माध्यम से भर्तियां करती हैं। इससे जो युवा नौकरी में जाते हैं उनका दोहरा शोषण होता है। एक तो अधिकांश सरकारी सेवा प्रदाता कंपनियां युवाओं से घूस लेकर भर्तियां करती हैं, दूसरे उनको बहुत मामूली वेतन मिलता है और तीसरे उनकी नौकरी को भी हमेशा खतरा बना रहता है। यह स्थितियां इसलिए बनी हैं कि अगर सरकार सीधे संविदा पर भर्ती करे तो जो लोग एक बार भर्ती हो जायेंगे वे नौकरी में बने रहने के लिए यूनियन बनाकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे, स्थायी करने की मांग करेंगे और फिर वेतन बढ़ाने और बात-बात पर हड़ताल भी करेंगे। कुछ लोगों की मनमानी के कारण आज पूरा युवा परिणाम भुगत रहा है। सरकार अपनी तरफ से संविदा नौकरियों पर भी भारी पैसा खर्च करती है, लेकिन सेवा प्रदाता कंपनी पूरा पैसा नहीं देती हैं। वह खुद भी मुनाफा काटती हैं, उसके कर्मचारी घूस लेते हैं और मामूली वेतन पर युवाओं को रखकर उनका शोषण करती हैं। युवाओं का शोषण रोकने और उनको अच्छा वेतन व सुविधाएं देने के लिए यह जरूरी है सरकार चाहे स्थायी नौकरी दे या संविदा पर रखे, लेकिन भर्तियां सीधे करें। भर्ती में बिचौलिया कंपनियों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। हां अगर सरकार को यह डर हो कि यूनियनबाजी होगी तो पहले से ही यह बांड भरा लेना चाहिए कि संविदा नौकरी संविदा ही रहेगी।

**महेश कुमार श्रीवास्तव, बहराइच.**

संक्षेप

## खेलों व खिलाड़ियों को बढ़ाने के लिए करेंगे काम : क्रीड़ाधिकारी



सुलतानपुर (वीओएल)। यहां तैनात रहे क्रीड़ाधिकारी सर्वेंद्र सिंह चैहान को कुछ महीनों से सैफई का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया था। बीते दिनों उन्हें वहां पर स्थायी नियुक्ति दे दी गई। इसके बाद आजमगढ़ में तैनात क्रीड़ाधिकारी सिराजुद्दीन को जिले का कार्यभार सौंपा गया है। सोमवार को स्टेडियम पहुंचकर उन्होंने कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने बताया की इसके पूर्व एटा, जालौन, भदोही में भी तैनात रहे। खेलों व खिलाड़ियों को बढ़ाने के लिए काम करेंगे। कार्यभार ग्रहण करते समय पूर्व क्रीड़ाधिकारी सर्वेंद्र सिंह चैहान भी मौजूद रहे।

## भैंस चोरी, पीड़ित ने दी तहरीर

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। घर पर बांधी गई भैंस को चोरों ने खोलकर पिकअप पर लादकर फरार हो गए। कोतवाली क्षेत्र के जफरपुर गांव के राजेंद्र प्रसाद शर्मा की भैंस उनके घर पर बांधी थी। आरोप है कि रविवार की रात लगभग 12:00 बजे एक पिकअप उनके दरवाजे पर आई। पिकअप पर से उतरे चोरों ने उनकी भैंस को खोलकर पिकअप पर लद लिया। चोर पिकअप लेकर जाने लगे तो राजेंद्र बाइक से चोरों का पीछा कर लिया। थोड़ी दूर जाने के बाद चोर पिकअप को तेज भागते हुए भैंस लेकर फरार हो गए। पीड़ित का कहना है कि उसकी भैंस की कीमत लगभग अस्सी हजार है। सोमवार को पीड़ित की दी गई। तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने भैंस चोरी के मामले में अज्ञात चोरों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया।

## मारपीट मामले में दो अज्ञात पर केस दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। पुस्तैनी आबादी की जमीन के विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति को काफी चोट आई है। कोतवाली क्षेत्र के खरगूपुर गांव के चंद्रभान विश्वकर्मा का विपक्षियों से पुस्तैनी आबादी की जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। वे 19 अक्टूबर को अपनी पुस्तैनी आबादी की जमीन पर निर्माण कार्य कर रहे थे। आरोप है कि उसी समय विपक्षी मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रोकना शुरू कर दिया। मना करने पर गाली-गलौज देते हुए लाठी डंडों से मारा पीटा। जिससे चंद्रभान विश्वकर्मा को काफी चोट आई। सोमवार को पीड़ित की दी गई तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही मुन्नालाल एवं दो अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

## बाइक की टक्कर से महिला की मौत

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। बाइक के टक्कर मार देने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। सोमवार को दोपहर लगभग बारह बजे कोतवाली क्षेत्र लौहारा गांव की लखना (62) पत्नी लहुरी मालापुर गांव के पास सड़क पार कर रही थी। तभी अचानक आई बाइक ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें सीएचसी कादीपुर लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में हुई गवाही

सुलतानपुर (वीओएल)। जिला जज जय प्रकाश पांडेय के न्यायालय मे अधिवक्ता हत्याकांड में सोमवार को चश्मदीद साक्षी सुहेल का बयान लिखा गया। जिरह के लिए मंगलवार की तिथि नियत है। सहायक शासकीय अधिवक्ता मनोज दुबे ने बताया कि कोतवाली देहात थाने के अलहदादपुर निवासी अधिवक्ता आजाद अहमद की 6 अगस्त 23 को भुलकी चैराहे के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गोलीबारी में अधिवक्ता का भाई मुनव्वर गंभीर रूप से घायल हुआ था। मृतक के पिता सलीम ने कोतवाली नगर के लोलेपुर गांव निवासी सिराज अहमद उर्फ पप्पू, घरहां निवासी इस्माइल उर्फ प्रिंस, सोहराब, मेराज, सलमान समेत कई आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना में आठ लोग हत्या व साजिश में आरोपित पाए गए, जिन्हें जेल भेजा गया था। प्रिन्स एक पुराने मुकदमें में लखनऊ के न्यायालय में समर्पण कर जेल चला गया था। सिराज आज तक फरार है।

# मिठाइयों की जांच करने पहुंची, दी चेतावनी




मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। त्योहारों के मद्देनजर बाजारों में की गई मिठाइयों की जांच। जयसिंहपुर तहसील के दियरा बाजार व कादीपुर तहसील के पांडेयबाबा बाजार में खाद्य सुरक्षा अधिकारी कादीपुर संदीप यादव व जयसिंहपुर अंजनी कुमार मिश्र ने फूड सेफ्टी वैन से व्यापारियों के मिठाईयों की जांच कर चेतावनी भी दी। पांडेयबाबा बाजार में भैयाराम मोदनवाल के यहां कलाकंद व बर्फी, राजीव गुप्ता की हल्दी, धनिया, जीरा, राजेंद्र हलवाई का बेसन पपड़ी, रमेश मोदनवाल का लड्डू, प्रेमसागर वर्मा की बर्फी व पेड़ा, कन्हैयालाल मोदनवाल के यहां पेड़ा मिठाई की जांच किया तो सही पाया। वहीं दियरा बाजार में अमित के लड्डू में रंग की मात्रा ज्यादा पाए जाने पर नष्ट कराते हुए चेतावनी दी गई। इसी बाजार में दीपक कुमार के यहां बर्फी, पेड़ा व बेसन लड्डू जांच में सही पाया गया। दियरा में पूनम देवी के यहां भी जांच में सब कुछ ठीक ठाक मिला। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि त्योहारों के चलते जांच का अभियान चल रहा है, व्यापारियों व लोगों को खाद्य पदार्थ में मिलावट जांचने की घरेलू विधियां बताते हुए जागरूक भी किया जा रहा है।

# एसडीएम के आदेश का मखौल उड़ा रहे राजस्व कर्मी

- दो महीने से तहसील, थाने और कलेक्ट्रेट के चक्कर लगा रहा परिवार

अमेठी। पीपरपुर थाने के अन्तर्गत बालीपुर डुहिया ग्राम में ग्राम प्रधान की मनमानी से एक दलित परिवार परेशान है। ग्राम प्रधान एस डी एम की ओर से मना करने के बाद भी दलित के घर के बगल जबरन कूड़ा प्रबंधन केंद्र का निर्माण करा रहे हैं। रविवार को अवकाश के दिन ग्राम प्रधान ने दबंगई से निर्माण करना शुरू किया, पीड़ित परिवार की शिकायत पर एस डी एम और तहसीलदार ने राजस्व निरीक्षक और लेखपाल को मौके पर जाकर निर्माण कार्य रोकने के लिए कहा। लेखपाल ने आदेश के अनुपालन की बजाय छुट्टी ले लिया और कानूनगो मौके पर नहीं गए। पीड़ित परिवार इस मामले को लेकर पिछले दो महीने से तहसील, थाने और कलेक्ट्रेट के चक्कर लगा रहा है। तहसील और थाने के अधिकारियों की लापरवाही के चलते मामले का हल नहीं हो पा रहा है। सोमवार को पीड़ित परिवार प्रभारी मंत्री से मिलने गौरीगंज गया था। वहां अधिकारियों ने फरियादियों को मंत्री से मिलने नहीं दिया और सभी दर्खास्तें डी एम के स्टेनो ने लेकर फरियादियों को वापस कर दिया। लेखपाल प्रवीण सिंह ने पूर्व में नवीन परती खाते की जमीन गाटा संख्या -797ख पर आर आर सी सेंटर के निर्माण का प्रस्ताव किया था। यह जमीन एक दलित परिवार के घर के पास होने के कारण उसने डी एम से शिकायत की थी। नायब तहसीलदार नम्रता मिश्रा की जांच रिपोर्ट के अनुसार एस डी एम आशीष सिंह ने ग्राम प्रधान को उपरोक्त भूखंड पर निर्माण करने से मना कर दिया और लेखपाल को दूसरी खाली भूमि प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। आरोप है कि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शिवनाथ तिवारी गलत नीयत से एक दलित परिवार को परेशान कर रहे हैं। दलित परिवार का कहना है कि उसने पंचायत चुनाव में ग्राम प्रधान आस्था तिवारी को वोट नहीं दिया था, इसलिए उसे परेशान किया जा रहा है। गौरतलब है कि इस गांव में एक दर्जन से अधिक परिवार लम्बे समय से नवीन परती खाते की जमीन पर बसे हुए हैं, तहसीलदार की ओर से सबके विरुद्ध बेदखली की कार्रवाई की जा चुकी है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने स्वयं भी ग्राम समाज के खाते की जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है। एस डी एम आशीष सिंह ने कहा कि ग्राम प्रधान को विवादित भूमि पर कूड़ा निस्तारण केंद्र का निर्माण करने से मना किया गया था, रविवार को जबरन निर्माण की शिकायत पुनः प्राप्त हुई है। संयुक्त टीम को निर्माण रोकने के लिए गांव में भेजा गया है। तहसीलदार सूरज प्रताप ने कहा कि ग्राम प्रधान को विवादित भूमि पर कूड़ा निस्तारण केंद्र के निर्माण से मना किया गया है।

# पुलिस ने किया वाहन चोर गैंग का भंडाफोड़, पांच दबोचे

बरेली। पुलिस ने वाहन महंगी गाड़ियों का लॉक तोडकर चोरी करने वाले गैंग का पदार्फाश करते हुए पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर अलग-अलग स्थानों से चोरी की गई तीन कारें बरामद कीं। इन आरोपियों के पास से वाहन चोरी के लिए इस्तेमाल होने वाले महंगे आधुनिक उपकरण जैसे टैबलेट भी मिले। कोतवाली थाना क्षेत्र में सोमवार को पुलिस ने वाहन चोर गैंग का खुलासा करते हुए निवासी मोहनपुर थाना अकराबाद जिला अलीगढ़ निवासी लविश चौधरी उर्फ शेरा पुत्र विजेंद्र सिंह, जिला बरेली के थाना बारादरी के आशीष रॉयल पार्क निवासी भगवंत सिंह पुत्र स्वर्गीय सुरजीत सिंह, जिला बदायूं के बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव सिरासौल पट्टी जशा निवासी जतिन वर्मा पुत्र प्रमोद वर्मा यही के समीर वर्मा उर्फ प्रवेश वर्मा उर्फ सेठी उर्फ लाला उर्फ गुरु पुत्र राजेंद्र वर्मा को गिरफ्तार कर लिया उनकी निशानदेही पर पुलिस ने अलग-अलग स्थान से चोरी की गई अलग-अलग कंपनियों की तीन कार खड़े हुए वाहनों के लॉक तोड़कर या चाबी बनाने वाले आधुनिक उपकरण टैबलेट आदि बरामद किये पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किए गए गैंग सदस्यों ने बताया कि वह दिल्ली और उत्तर प्रदेश में अलग-अलग स्थान से वाहनों को चोरी करने के बाद दिल्ली से चोरी किए गए। वाहनों को उत्तर प्रदेश में और उत्तर प्रदेश से चोरी किए गए वाहनों को दिल्ली में बेचते थे। तलाशी के दौरान ऑटो लिफ्टरो के पास से दो तमंचे और कारतूस भी बरामद किए गए पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# विकास कार्यों को लेकर सीडीओ ने कसे जिम्मेदारों के पेंच



सुलतानपुर। मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा एवं निमार्णाधीन परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा उ0प्र0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से आयोजित की गयी। उक्त बैठक में विभागवार संचालित परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा कार्यदायी संस्था व सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों के साथ की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने समीक्षा बैठक में सेतु निगम, विद्युत आपूर्ति ग्रामों का ऊर्जीकरण, जल जीवन मिशन, पर्यटन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की प्रगति, सेतुओं का निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण/शहरी), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल, नई सड़कों का निर्माण, राज्यमार्गों का अनुरक्षण, कृषि विभाग, कृषि रक्षा रसायन, बेसिक शिक्षा आदि विभागों की योजनाओं का गहन समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने आवास विकास, एम्बुलेन्स, फैमिली आईडी निर्माण की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य में प्रगति लाते हुए रैंक में सुधार करें। उन्होंने जल जीवन मिशन, पर्यटन सहित अन्य कई विभागों की रैंक में सुधार होने पर सराहना किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 ओम प्रकाश चैधरी, परियोजना निदेशक अशोक सिंह, डीसी मनरेगा के0डी0 गोस्वामी, उप कृषि निदेशक रामाश्रय यादव, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी ददन कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# पुलिस स्मृति दिवस पर वीर शहीदों को किया याद



अमेठी। सोमवार को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमेठी व अन्य अधि0, कर्म0गणों द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन अमेठी में कर्तव्य के पथ पर अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को याद कर पुष्प चक्र अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। सोमवार को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री अनूप कुमार सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, थानो के प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन व जनपद के अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन अमेठी में उत्तर प्रदेश पुलिस के जवान जो अपने कर्तव्य का पालन करते हुए अदम्य साहस का परिचय देते हुए बदमाशों से मुठभेड़ मे लड़ते-लड़ते अपने प्राणो को न्यौछावर करने वाले अमर शहीद जवानों को याद किया गया तथा पुष्पचक्र, श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए श्रंद्धाजलि दी गई। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा परेड को सम्बोधित करते हुए कहा कि पुलिस के जवान जो अपने कर्तव्य का पालन करते हुए अदम्य साहस एवं वीरता के साथ बदमाशों से मुठभेड़ मे लड़ते-लड़ते अपने प्राणो को न्यौछावर कर दिए मैं उन वीर सपूतों को सैल्यूट करते हुए उनके परिजनों के अच्छे स्वास्थ्य व उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ। आपके द्वारा देश के लिये जो बलिदान दिया गया है उसका पूरा देश सदैव ऋणी रहेगा। शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशाँ होगा।

# किसान सभा का आयोजन

अमेठी। जनपद के बहादुरपुर ब्लॉक में सोमवार को कृषि रक्षा इकाई केंद्र पर इफको द्वारा नैनो उर्वरकों पर आधारित किसान सभा का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि रमेश सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी संदीप कुमार, मंडल अध्यक्ष चंद्र पाल यादव, इफको क्षेत्राधिकारी अमेठी शिशु पाल, बीजेपी महामंत्री आर.पी. यादव, अपर जिला सहकारी अधिकारी संत लाल, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता सुखदेव प्रसाद, सहायक विकास अधिकारी कृषि कृष्ण कुमार सिंह, राजकीय कृषि बीज भंडार प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता, ब्लॉक तकनीकी सहायक बब्लू, इफको किसान सेवा केंद्र जायस प्रभारी अनिल कुमार श्रीवास्तव व एटीएम कृषि मुनीश बाबू उपस्थित रहे। इफको क्षेत्राधिकारी शिशु पाल द्वारा इफको नैनो उर्वरकों के बारे में जानकारी दी गई कि कैसे नैनो उर्वरक दानेदार उर्वरकों के अच्छे विकल्प के रूप में कारगर साबित होंगे तथा नैनो उर्वरक करीब 50 प्रतिशत दानेदार उर्वरक की बचत कर सकते हैं जिससे किसानों की उन पर होने वाली निर्भरता कम कर खेती में कम लागत पर गुणवत्तापूर्ण उपज ले सकते है। नैनो उर्वरक पारंपरिक यूरिया (267 रुपये प्रति बोरी)/डीएपी (1350 रुपये प्रति बोरी) से सस्ता नैनो यूरिया प्लस 225 रुपये/500 एम.एल. बोतल, नैनो डीएपी 600 रुपये/500 एम.एल. बोतल क्रमशः 42 रुपये एवं 750 रुपये की सीधे किसानों की बचत करता है। नैनो डीएपी (तरल) से गेहूं, चना, सरसों, आलू, गन्ना बीज एवं पौध उपचार करने पर बीज अंकुरण में वृद्धि एवं जड़ क्षेत्र का अधिक विकास, सभी फसलों के लिए उपयोगी, पैदावार में करें बढोत्तरी नैनो डीएपी (तरल) का बीज उपचार में 5 एम.एल. प्रति किलो ग्राम बीज की दर से करें एवं उपचारित बीजों को 20 से 30 मिनट तक छांव में सुखाने के उपरांत ही बुवाई करें। रोपाई वाली फसलों के लिए 5 एम.एल. नैनो डीएपी (तरल) को प्रति लीटर पानी में घोल बना लें जड़ों को 30 मिनट तक डुबो का रखे।

## नि:शुल्क पराली उठवायें किसान : एसडीएम

बहेड़ी, बरेली। उप जिलाधिकारी रतनिका श्रीवास्तव ने ग्राम बहीपुर परगना चौमहला में किसानों की एक सभा का आयोजन कर किसानों से खेतों में पराली न जलाने की अपील की। उप जिलाधिकारी ने बताया कि जागरूक कृषक गुरमीत सिंह, हरविंदर सिंह व शेर सिंह निवासीगढ़ ग्राम बहीपुर, मनुआपट्टी, टांडाछंगा, फिरोजपुर व फाजिलपुर के कृषकों द्वारा बेहद बड़े पैमाने पर धान के अवशेष पराली उठाने का कार्य निशुल्क किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से उनके नंबर पर संपर्क कर नि शुल्क पराली उठवाने को कहा उन्होंने कहा कि वातावरण को प्रदूषित होने से रोकना हम सब की जिम्मेदारी है और सभी लोगों को उन्होंने एनजीटी द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने कृषकों द्वारा उठाए जा रही पराली की व्यवस्था को भी देखा और कृषकों के इस सराहनीय कदम की प्रशंसा की।

# विद्यार्थी को संयमित, सजग, ईमानदार और सदाचारी होना चाहिए

- केएनआईसीई करौंदिया में संस्कारशाला का हुआ आयोजन




सुलतानपुर (वीओएल)। करौंदिया (विवेक नगर) स्थित कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड एजुकेशन में एक विशेष संस्कारशाला का आयोजन किया गया, जिसका संचालन प्रधानाचार्य डॉ. एन.डी. सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर और पत्रकार सत्य प्रकाश श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कक्षा 9 की छात्रा पांडेय ने जिला विद्यालय निरीक्षक से प्रश्न पूछा कि विद्यार्थी धर्म क्या है? जिसके उत्तर में उन्होंने बताया कि विद्यार्थी को संयमित, सजग, ईमानदार और सदाचारी होना चाहिए। इसी तरह, कक्षा- 12 की छात्रा आराध्या मिश्रा ने छात्र रुचि एवं अभिभावक अपेक्षा पर सवाल उठाया, जिसका उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार प्रोत्साहित करने से परिणाम बेहतर होते हैं। कक्षा 12 के छात्र शुभम मौर्य ने पूछा कि छात्र अपने दैनिक जीवन में अनुशासन कैसे बनाए रखें।

इस पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि छात्र जीवन ज्ञानार्जन का एक सुनहरा समय होता है और सकारात्मक सोच से अनुशासन में मदद मिलती है। इसी क्रम में, छात्र आशुतोष तिवारी ने चिंतन और विचार विमर्श को लेकर सवाल किया, जिसका उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि चिंतन आवश्यक है, लेकिन चिंता से मुक्त रहना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. एन.डी. सिंह ने कहा कि अनुभव ही सर्वोत्तम मार्गदर्शक होता है और संघर्ष ही सफलता का मूलमंत्र है। उन्होंने यह भी कहा कि सुखमय जीवन और सम्मान हर व्यक्ति का लक्ष्य होना चाहिए। इस मौके पर उपप्रधानाचार्य तन्वी गोयल समन्वयक रेनू सिंह वरिष्ठ शिक्षक जगराम भार्गव, विश्वास मणि त्रिपाठी, नितिन जायसवाल, अस्मित गुप्ता, अंकित सोनी, विनय मौर्य, नरेंद्र पाण्डेय, देवब्रत सिंह, आशीष कुमार शुक्ल, अमरदीप कौर, ज्योति श्रीवास्तव, गीता मिश्रा, विनीता मिश्रा, अंकिता गुप्ता, प्रियंका सिंह, गया प्रसाद शर्मा, शुभम सिंह, शालू सिंह आदि मौजूद रहे।

# बालक और बालिका वर्ग कबड्डी स्पर्धा में हमजाबाद प्रथम



मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। न्याय पंचायत पहाड़पुर सराय भीखम की बाल क्रीडा प्रतियोगिता प्राथमिक विद्यालय करौंदी में आयोजित हुई। हमजाबाद स्कूल ने कबड्डी मे बालक व बालिका वर्ग ने प्रथम स्थान पर बाजी मारी। बीईओ बलदेव प्रसाद यादव ने विजेता उप विजेता मेडल प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अध्यक्षता समाजसेवी कामता प्रसाद शुक्ल ने किया। सोमवार को करौदी स्कूल मे आयोजित बाल क्रीडा प्रतियोगिता की शुरूआत शिक्षक संघ मोतिगरपुर अध्यक्ष अखिलेश उपाध्याय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। श्रीमती रूपम वर्मा, नेहा सिंह, सीमा पाल ने आकर्षक रंगोली को सराहा गया। 50 मीटर दौड़ में शशि यादव डड़वा प्रथम, किंजल धरसौली द्वितीय, प्राथमिक बालिका वर्ग व बालक संवर्ग में सुनील धरसौली प्रथम, साकिब चैहानपुर द्वितीय, खो-खो में प्राथमिक संवर्ग में चैहानपुर प्रथम, बालक संवर्ग में डड़वा प्रथम, पीटी में प्राथमिक स्तर बालक संवर्ग में मलवा व जूनियर हाईस्कूल बालिका संवर्ग में हमजाबाद प्रथम, कबड्डी में जूनियर हाईस्कूल बालिका संवर्ग में हमजाबाद प्रथम स्थान पर रहे, ऊंची कूद में इरफान प्रथम तथा निखिल द्वितीय स्थान पर, बालिका संवर्ग में प्रिया प्रथम और प्रियंका धरसौली द्वितीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता में घनश्याम पांडेय, मैथिली शरण मिश्र, प्रदीप कुमार, अरुण कुमार, त्रिभुवन पांडेय, मनीष सिंह, चंद्रभान, आसाराम यादव आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## अयोध्या मंडल की टीम में आठ खिलाड़ियों का चयन



सुलतानपुर (वीओएल)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष पर आयोजित राज्य स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता के लिए जिले से आठ खिलाड़ियों का चयन अयोध्या मंडल की टीम में हुआ। ये खिलाड़ी 23 से 25 अक्टूबर तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय चित्रकूट धाम में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। चयनित खिलाड़ियों में अंशिका, साक्षी, शहनूर, चारू, समृद्धि, साजिया, रिया, काजल के अलावा अतिरिक्त खिलाड़ी में कामाक्षी शामिल हैं। यह जानकारी वालीबाल कोच प्रदीप यादव ने दी।

## इंटरलाकिंग निर्माण कार्य मे घटिया सामग्री का प्रयोग

जगदीशपुर अमेठी इंटरलाकिंग निर्माण कार्य हेतु दोनो किनारों पर जुडाई करने के लिए पीली ईंटों व घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है जो टिकाऊ ना होकर कुछ दिनों बाद ही क्षतिग्रस्त हो सकता है जिम्मेदार विभागीय अधिकारी बेखबर हैं। विकास खंड के अन्तर्गत स्थित ग्राम पंचायत मरौंचा तेतारपुर के पूरे लाला गांव के निकट इंटरलाकिंग निर्माण कार्य के लिए सड़क के दोनो किनारों पर चल रहे चुनाई कार्य मे पीली ईंटों का प्रयोग करके घटिया मसाले से जुड़ाई जारी है ग्रामीणो ने बताया कि मानक के विपरीत कराए जा रहे कार्य से कुछ दिनों बाद ही सड़क क्षतिग्रस्त हो सकती है तथा विभागीय अधिकारीगणों से मामले की जांच पड़ताल कर मानक के अनुरूप कार्य कराने की मांग किया। इस संबंध में जब खंड विकास अधिकारी से दूरभाष द्वारा बात करने की कोशिश की गई तो उन्होने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा।

## दरवाजे पर खड़ी बाइक ले उड़े चोर

जगदीशपुर -अमेठी। बीती रात अज्ञात चोर दरवाजे पर खडी बाइक लेकर फरार हो गए सुबह भुक्तभोगी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाई की मांग किया।

कमरौली थानाक्षेत्र के अंतर्गत लपकना मजरे डुढेहरी गांव निवासी मनीष मौर्य ने पुलिस को तहरीर के माध्यम से अवगत कराया कि मैं रिश्तेदार की बाइक चलाने हेतु लाया था जो बीती रात दरवाजे पर खडी करके सोने चला गया सुबह उठने पर बाइक नदारद मिलने पर आसपास खोजबीन की लेकिन कुछ अता-पता नहीं चला थकहार कर भुक्तभोगी ने थाने पहुंच कर पुलिस को मामले से अवगत कराते हुए तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की। इस संबंध मे कमरौली पुलिस ने बताया कि तहरीर मिली है जांच पड़ताल जारी है।

## पांच वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी। सोमवार को थाना गौरीगंज पर सूचना प्राप्त हुई ग्राम गुवांवा मजरे शीतला बक्श का पुरवा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी में बद्री प्रसाद पुत्र स्व0 छोटेलाल निवासी ग्राम पूरे शीतला बक्श मजरे गुवांवा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी की संदिग्ध स्थिति में मृत्यु हो गयी है। थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा मौके पर शव को पोस्टमॉर्टम हेतु भेजा गया था। मृतक की माँ श्रीमती धनाउ पत्नी स्व0 छोटेलाल की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 353/24 धारा 103(1) बीएनएस बनाम रजनीशा एवं कुछ लोग अज्ञात पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा घटना में शामिल अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गए थे। जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को श्याम नारायण पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक गौरीगंज मय हमराह द्वारा तलाश वांछित व देखभाल क्षेत्र के दौरान मु0अ0सं0 353/24 धारा 103(1), 3/5 बीएनएस थाना गौरीगंज जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्ता, रजनीशा लोध पत्नी स्व बद्री प्रसाद उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम पूरे शीतला बक्श मजरे गुवांवा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी को अभियुक्ता के घर से समय करीब 11:00 बजे दिन में नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्ता ने बताया कि मेरे पति को हमारे व सुभाष के साथ संबन्ध के बारे में जानकारी हो गयी थी जिस कारण मेरे पति मेरे साथ आये दिन झगड़ा व मारपीट करते थे। इसलिए हमने दिनांक 20.10.2024 की रात को अपने प्रेमी सुभाष चन्द्र व उनके साथियों, साहिल इन्द्र कुमार, परमानन्द, 3. अनिल कुमार के साथ मिलकर रात में अपने पति बद्री प्रसाद की गला दबाकर हत्या कर दी थी। अभियुक्ता की निशानदेही पर घटना मे संलिप्त प्रकाश में आये अभियुक्त, सुभाष चन्द्र सरोज पुत्र हरिश्चचन्द्र उम्र करीब 32 वर्ष . परमानन्द पुत्र राम आसरे उम्र करीब 32 वर्ष, . अनिल कुमार पुत्र मेवालाल उम्र करीब 22 वर्ष निवासीगण ग्राम पूरे शीतला बक्श मजरे गुवांवा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी, . साहिल इन्द्र कुमार पुत्र इन्दल राम नरेश निवासी अर्जुनपुर मजरे अन्नीबैजल थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 25 वर्ष को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया।

## अमेठी के मई गांव के चन्द्रदीप तिवारी ने उत्तीर्ण की संस्कृत विषय से नेट की परीक्षा

अमेठी भेंटुआ। अमेठी जनपद के भेंटुआ ब्लॉक मई गाँव के निवासी चन्द्रदीप तिवारी ने परम्परागत संस्कृति विषय से यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। चन्द्रदीप की इस सफलता पर गाँव व क्षेत्र वालों खुशी की लहर दौड़ गईं है। बसावन तिवारी का पूरवा में अवधेश नारायण तिवारी के छोटे सुपुत्र चन्द्रदीप की प्रारंभिक शिक्षा श्रीमत परमहंस महाविद्यालय टीकरमाफी अमेठी में हुई है। अचार्य सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्याल से सम्बद्ध टीकरमाफी के महाविद्यालय से हीं चंद्रदीप ने संस्कृति विषय में हीं शास्त्री एवं आचार्य की उपाधि प्राप्त की थी। इसी विषय में हीं इस वर्ष यूजीसी नेट जून 2024 की परीक्षा उत्तीर्ण कर इन्होने अमेठी का नाम रोशन किया है।

संक्षेप

## आपसी झगड़े में जमकर चले ईंट-पत्थर

मथुरा। शहर के सौंख रोड स्थित हैण्डपम्प वाली के पास बीतीरात हुये विवाद और मारपीट की घटना ने बड़ा रूप ले लिया। दोनों ओर से जमकर लाठी डण्डे चले और ईंट- पत्थर फेंके गये।इस दौरान चोट लगने से एक व्यक्ति घायल भी हुआ है। मंडी चौराहे के पास फल बेचने वाले युवक का एक व्यक्ति से झगड़ा हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि लाठी- डण्डे चलने गये।कुछ ही देर ने इस झगड़े ने बड़ा रूप ले लिया और दोनों ओर से ईंट-पत्थर फिंकने लगे तो भगदड़ मच गयी।इस घटना से संबंधित एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि सड़क पर ईट-पत्थर बिखरे हुये हैं। घटना की जानकारी लगते ही इलाका पुलिस भी मौके पर पहुंची और हुड़दंगियों की तलाश की लेकिन तब तक दोनों पक्षों के लोग भाग चुके थे। बताया गया कि झगड़े में एक व्यक्ति घायल हुआ है। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में एक पक्ष के आजाद का कहना है कि झगड़े के बाद वह रिपोर्ट दर्ज करने के लिए चैकी आए थे। यहां से जैसे ही वह घर पहुंचे तो दूसरे पक्ष के लोग हमलावर हो गये और उन पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना की सूचना लगते ही कृष्णा नगर और कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी की। पुलिस का कहना है कि झगड़े की सूचना मिली थी, तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

## पट्टा शिविर 28 से 6 नवम्बर तक

मथुरा। उप जिलाधिकारी मांट अभिनव जैन ने अवगत कराया है कि तहसील मांट के अन्तर्गत मत्स्य पालन हेतु तालाबों को 10 वर्षीय पट्टे पर उठाये जाने हेतु तहसील मांट मुख्यालय पर 28.10.2024 एवं 06.11.2024 को प्रातः 11:00 बजे से शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसमें गांव जावरा, सूरज, दीवाना, सुरीर विजऊ बांगर, नीमगांव, थोकज्ञान, बिबावली, बकला, नगला देह, बिन्दुबुलाकी, सुरीर कलां बांगर, आसफाबाद ईखू, सुल्तानपट्टी, बरौठ बांगर, डहरूआ, कल्याणपुर मावली बांगर, मावली खादर, हमजापुर, मडायरा, तिरवाया, ढकू, गोंगा, नागल, शिवली, सिकन्दरपुर, जरारा, लमतौरी, खायरा, खावल, भदनवारा, हरनौल, नगला बीरबला, कराहरी, बिलन्दपुर, पब्बीपुर, भालई, एवं बदनपुर के इच्छुक व्यक्तियों से पट्टा प्राप्त करने हेतु आवेदन लिये जायेंगे।

## मारपीट में घायल युवक की मौत,आरोपी गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना उत्तर क्षेत्रान्तर्गत झलकारी नगर मौहल्लें में दो पक्षों में आपसी झगडे में एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति की पिटाई कर दी जिसमें एक व्यक्ति कन्हिया बुरी तरह घायल हो गया। घायल को परिजन ट्रामा सेण्टर फिरोजाबाद ले गए जहां डॉक्टरों ने घायल को मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि कन्हिया पुत्र रामसनेही निवासी इंद्रपुरी थाना उत्तर अपने दो साथियों अंशुल और कुनाल के साथ बाइक से जा रहा था। झलकारी नगर मोहल्ला पर अजय और उसके 4 साथियों ने कन्हिया को बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया परिजन कन्हिया को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई अखलेश की तहरीर पर थाना उत्तर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमें थाना उत्तर पुलिस ने मुख्य अभियुक्त अजय को गिरफ्तार कर लिया है। और आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# नींद की झपकी ने ली 3 लोगों की जान

## तड़के एक्सप्रेस वे पर राया के पास हुआ हादसा



जिला संवाददाता(vol)

आगरा/मथुरा। रात के सुबह समय की ड्राइविंग कितनी खतरनाक हो सकती है, यह कई बार सामने आ चुका है लेकिन इसके बाद भी लोग सावधानी नहीं बरत रहे। खासकर एक्सप्रेसवे पर। आज तड़के मथुरा जिले में यमुना एक्सप्रेसवे पर हुए हादसे से एक बार फिर यह साबित हो गया। तेज गति से दौड़ती वैगन आर कार एक्सप्रेस वे पर खड़े वाहन में घुसने से तीन लोगों की मौत हो चुकी है जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

मृतक बिहार और दिल्ली के निवासी बताए जा रहे हैं। तड़के 4:00 बजे के बाद राया क्षेत्र में इनकी वैगन आर कार एक खड़े वाहन में पीछे से जा घुसी।हादसा इतना भीषण था कि मृतकों के शव गाड़ी के अंदर ही बुरी तरह से फंस गए थे, जिन्हें बमुश्किल पुलिस ने बाहर निकाला। माना जा रहा है कि ड्राइवर को नींद की झपकी लगने से यह हादसा हुआ। आगरा लखनऊ एक्सप्रेस हो या यमुना एक्सप्रेसवे, इन दोनों पर इस तरह के हादसे बहुत हो रहे हैं।, जिसमें तेज गति से दौड़ती गाड़ियां आगे चलते वाहनों में जा घुसी हैं। यह सारे हिस्से ज्यादातर रात 2 बजे से सुबह 5 बजे के बीच में तब हुए हैं जब लोगों को नींद सता रही होती है। चूंकि एक्सप्रेसवे पर गाड़ियां आसानी से चलती हैं, कोई झटका आदि भी नहीं लगता, इसीलिए सुबह 4 से--5 बजे का समय ड्राइवर को झपकी लग ही जाती है और इस हालत में ही गाड़ियां बेकाबू होकर या तो पलट जाती हैं या फिर सामने चलते वाहन में घुस जाती हैं।दुर्घटनाग्रस्त कार में पांच लोग सवार थे। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए, जिनकी हालात भी चिंताजनक बनी हुयी है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार, इंस्पेक्टर क्राइम दिनेश कुमार चौकी हाइवे प्रभारी केके सिंह घटनास्थल पर पहुंच गए और घायलों को बड़ी मशक्कत के बाद गाड़ी से निकालकर जिला अस्पताल भिजवाया। निर्मल कुमार पुत्र बिजेंद्र प्रसाद निवासी मुकुंदपुर थाना भलसवा दिल्ली और अंकित पुत्र शिवप्रसाद निवासी द्वारिका मोड़ दिल्ली बुरी तरह घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल मथुरा भेज दिया। पुलिस ने मृतकों के शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि कार सवार सभी लोग बनारस से दिल्ली जा रहे थे, जिसमें पंकज वर्मा पुत्र देशराज निवासी स्वरूप नगर, दिल्ली, भवेश पुत्र बलराम यादव निवासी अरइला जनपद दरभंगा विहार , रोहित पुत्र राजकुमार निवासी चन्वोरा बाजार रसूलपुर जनपद छपरा सारन विहार की मौके पर मौत हो गयी।

## मध्यान्ह भोजन में कीड़े निकलने की घटना पर बीएसए सख्त, जांच समिति की गठित



मथुरा। विकासखंड नौहझील व विकास खंड मांट के कई स्कूलों में अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा मध्यान्ह भोजन में भेजे जाने वाले खाने में शनिवार को खाने में कीड़े निकलने के समाचार प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित हुए।इसको गंभीरता से लेते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने खंड शिक्षा अधिकारी मांट की अध्यक्षता में कमेटी का गठन कर स्कूलों का स्थलीय निरीक्षण कर तीन दिन में साक्ष्य सहित जांच आख्या उपलब्ध कराने को कहा है।समिति में खंड शिक्षा अधिकारी मांट, खंड शिक्षा अधिकारी राया व खंड शिक्षा अधिकारी बलदेव को रखा गया है। साथ ही बीएसए द्वारा प्रबंधक अक्षय पत्र फाउंडेशन वृंदावन व मांट को भी नोटिस जारी करते हुए तीन कार्य दिवस के अंदर अपना पक्ष साक्ष्य सहित रखने को कहा है। विदित रहे शनिवार को विकास खंड मांट के प्राथमिक स्कूल तेहरा प्रथम,प्राथमिक स्कूल तेहरा द्वितीय,उच्च प्राथमिक स्कूल नगला सपेरा, उच्च प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर(1-8) विकास खंड नौहझील के जमुना प्रसाद श्रीराम इंटर कॉलेज सुरीर, राष्ट्रीय इंटर कॉलेज सुरीर, प्राथमिक स्कूल लमतौरी, उच्च प्राथमिक स्कूल लमतौरी, प्राथमिक स्कूल नगला बघेल आदि में शनिवार को आए मिड डे मील के खाने के चावल में मिश्रित सोयाबीन के अंदर सुरेरी आदि कीट पड़े बच्चों को दिखाई दिए। शिक्षकों ने भी कीड़े देख कर सुपरवाइजरों को अवगत कराया।

## विज्ञान भारती का 34 वां स्थापना दिवस मनाया

फिरोजाबाद। जनपद फिरोजाबाद में विज्ञान भारती का स्थापना दिवस समर्पण दिवस के रूप में श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन एवं विद्यार्थी विज्ञान मंथन ब्रज प्रान्त के राज्य मीडिया समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में किया गया।नीरज कुमार जैन ने बताया कि विज्ञान भारती की शुरूआत स्वदेशी विज्ञान आंदोलन के रुप में आई आई एस सी बेंगलुरु से हुई थी। उन्होंने जनपद में विज्ञान भारती के कार्यों एवं उद्देश्यों को अग्रसर करने के लिए अश्वनी कुमार जैन एवं समस्त साथियों की प्रशंसा की।

## पुलिस की मिली भगत से अवैध निर्माण जारी



आगरा। जनपद के थाना लोहा मंडी क्षेत्र के मौजा खटेना में न्यायालय के आदेश की खूब धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। आदेश की अनदेखी कर अवैध निर्माण कार्य लगातार जारी है। मेहराज उद्दीन ने उपजिलाधिकारी को शिकायत पत्र सौंपकर न्यायालय के आदेश का पालन कराने की मांग भी की है।, लेकिन क्षेत्रीय पुलिस की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। शिकायत के अनुसार, खसरा संख्या 367, 368, 389, 393, 392, और 394 के अभिलेखों में मेहराज उद्दीन का मालिकाना हक दर्ज है, लेकिन कुछ दबंग लोगों ने उनकी जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। न्यायालय सिविल जज द्वारा लगभग दो माह पूर्व उक्त भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया गया था, अफसोस की बात इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी है। इस अवैध गतिविधि पर पुलिस की चुप्पी ने उसकी भूमिका को संदिग्ध बना दिया है।

## एसएसपी ने थाना एका का किया निरीक्षण



फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना एका का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जहां उन्होंने सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा थाना एका का औचक निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने जनसुनवाई रजिस्टर अपराध रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर त्यौहार रजिस्टर एवं सीसीटीएनएस पर चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए आईजीआरएस यूपी कॉप एवं महिला अपराधों से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया साथ ही सीसीटीवी कैमरों को चैक किया गया। तत्पश्चात उन्होंने अभिलेखों को अद्यावधिक रखने हेतु सम्बन्धित को दिशा-निर्देश दिये गये साथ ही बिना सूचना दिये थाने से गैर हाजिर होने एवं अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने पर आरक्षी आजाद अली को लाइन हाजिर किया गया।

## खाद्य सुरक्षा जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन

फिरोजाबाद। शासन से प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन में जनपद के खाद्य सुरक्षा विभाग की जिला स्तरीय समिति का आयोजन जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी रमेश रंजन के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी फिरोजाबाद शत्रुघन वैश्य द्वारा विभागीय योजनाओं एवं कार्यवाहियों की समीक्षा की गयी। सहायक आयुक्त खाद्य-2 फिरोजाबाद चन्दन पाण्डेय द्वारा बैठक को सम्बोधित करते हुए विभाग द्वारा एफ.एस.एस.ए.आई की योजनाओं पर अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अवलोकन कर निम्नानुसार निर्देश निर्गत किये गये। एफ.एस.एस.ए.आई एफ.डी.ए विभाग की योजनाओं को जनपद के आंगनवाडी स्कूल आवासीय विद्यालयों पर लागू कराने हेतु निर्देश निर्गत किये गये। जिला स्तरीय अधिकारियों को खाद्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित करने व आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया। व्यापार मण्डल पदाधिकारियों से आवश्यक प्रचार प्रसार करने तथा कारोबार कताओं को जागरुक करने हेतु निर्देशित किया गया। शासन की मंशा के अनुरुप आबकारी विभाग में पंजीकृत देशी विदेशी मदिरा, बियर विक्रेताओं को खाद्य लाइसेंस प्राप्त करने के कडे निर्देश निर्गत किये गये। शासन की मंशा के अनुरुप खाद्य एवं रसद विभाग से सम्बन्धित राशन वितरकों को खाद्य लाइसेंस प्राप्त करने के कड़े निर्देश निर्गत किये गये। शासन की मंशा के अनुरुप उद्यान विभाग में पंजीकृत कोल्ड स्टोरेज शीत गृहों को खाद्य लाइसेंस प्राप्त करने के कडे निर्देश निर्गत किये गये। जनपद के विद्यालयों को ईट राइट स्कूल की श्रेणी में लाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से सहयोग प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में नगर मजिस्ट्रेट, सहायक आयुक्त खाद्य, आगरा मण्डल, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के आर.आई, सीएमओ कार्यालय के प्रतिनिधि, एफ.डी.ए विभाग से मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनोज कुमार कुँवर एवं समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जिला आपूर्ति अधिकारी, आबकारी अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, व्यापार मण्डल से वी.एस. गुप्ता, अनिल मैनेजर आदि उपस्थित रहे।

# सीएम योगी आज मथुरा में, करेंगे शिरकत

## मुख्यमंत्री लेंगे ब्रज तीर्थ विकास परिषद बोर्ड की बैठक



जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को मथुरा आ रहे हैं। यहां परखम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात करेंगे।इससे पूर्व योगी मथुरा में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की बोर्ड बैठक लेंगे। इस दौरान ब्रज तीर्थ विकास परिषद के माध्यम से जनपद के विकास से जुड़ी सैकड़ों करोड़ की प्रस्तावित योजनाओं पर अपनी मुहर लगाएंगे।

मंगलवार को परिषद की सातवीं बोर्ड बैठक होने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के अध्यक्ष हैं। बैठक की तैयारियां सोमवार को सिविल लाइन स्थित उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद कार्यालय में नजर आईं। संबंधित अधिकारी बोर्ड बैठक को लेकर की व्यवस्थाओं को लेकर जुटे रहे। जिला प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने भी मुख्यमंत्री के आगमन के मद्देनजर वेटरनेरी विवि हेलीपैड और परिषद कार्यालय की व्यवस्थाओं को देखा।

उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की बोर्ड बैठक शाम 4 बजे शुरू होगी। परिषद की बैठक में एक दर्जन से अधिक विभागों के प्रमुख सचिव परिषद बोर्ड के सदस्य होने के नाते बैठक में प्रतिभाग करेंगे। इस बार उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के बोर्ड में डेढ़ दर्जन से अधिक प्रस्ताव रखे जाएंगे। करोड़ों रुपए के इन प्रस्तावों पर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मुहर लगाई जाएगी।

मुख्यमंत्री का आगमन उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय वेटरनेरी यूनिवर्सिटी कैंपस स्थित हेलीपैड पर होगा। बोर्ड बैठक के बाद मुख्यमंत्री शाम छह बजे के पश्चात परखम के लिए रवाना हो जाएंगे। शाम सात बजे परखम में मुख्यमंत्री की संघ प्रमुख से मुलाकात होनी है।

## एकजुटता के बिना समाज का विकास संभव नहीं : सुजीत



मथुरा। स्वर्णकार कुल शिरोमणि महाराजा अंबरीश जी जयंती महोत्सव बलदेव स्थित कृष्णा पेइंग गेस्ट हाउस में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य धूमधाम के साथ मनाया गया।कार्यक्रम में उपस्थित स्वर्णकार समाज के बंधुओं ने महाराज अंबरीश के चित्र पर फूल माला पहनाकर, आरती उतारी वइस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य हवन पूजा भी हुई। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में सभी ने विचार व्यक्त करते हुए स्वर्णकार समाज की एकता पर बल दिया। इस अवसर पर अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुजीत वर्मा ने महाराजा अंबरीश की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज को मजबूत बनाने के लिए समाज का हर एक अंग मजबूत होना चाहिए। एकजुटता के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। हमें अपने समाज पर गर्व करना चाहिए।हमें अपनी शक्ति को पहचानना चाहिए। वर्तमान में स्वर्णकार समाज के बच्चे चिकित्सक, इंजीनियर, बैंकिंग के साथ-साथ शासन प्रशासन स्तर पर समाज को गौरवांवित कर रहे हैं।हमें एक दूसरे को पैर पकड़ कर पीछे नहीं बल्कि हाथ पकड़ कर आगे खींचने की पहल करनी चाहिए।कार्यक्रम की अध्यक्षता राम प्रकाश वर्मा ने व संचालन हरिओम वर्मा ने किया।धन्यवाद ज्ञापन रिंकू सोनी ने किया। इस अवसर पर रामप्रकाश वर्मा,अजीत वर्मा,सोनल वर्मा,रिंकू सोनी,हरिओम वर्मा,उमाशंकर सोनी,राम सोनी,मुकेश वर्मा,भगवती वर्मा,घनश्याम सोनी,अप्पू राजा ,गोपाल प्रसाद वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## गोदाम में आग लगने से मचा हड़कंप लाखों रुपये की संपत्ति स्वाहा



मथुरा। सरस्वती कुंड क्षेत्र स्थित एक क्रोकरी फैक्ट्री के गोदाम में भयंकर आग लग गई, जिससे लाखों रुपए मूल्य का कच्चा माल जलकर राख हो गया। घटना स्थल के आसपास फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी कैमरे और उसकी डिवाइस टूटी पड़ी मिली है, जिससे लगता है कि आगजनी कुछ जानकार लोगों द्वारा ही की गई है।

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस और फायरबिग्रेड की टीम जांच में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार गोविन्द नगर थाना क्षेत्र में सरस्वती कुंड अग्रवाटिका के पिछवाड़े कृष्ण मुरारी वर्मा की खाटू श्याम के नाम से क्रोकरी फैक्ट्री है। जिसमें देर रात भयंकर आग लग गई। फैक्ट्री परिसर से धुआं उठता देख आसपास के लोगों ने इसकी सूचना फायरबिग्रेड और इलाका पुलिस के साथ-साथ फैक्ट्री स्वामी से की। बताया गया कि काफी विकराल रूप धारण कर चुकी थी। लगभग डेढ़ घंटे के प्रयास के बाद अग्निशमन विभाग की दो दमकलों ने आग पर काबू पाया। फैक्ट्री मालिक कृष्ण मुरारी वर्मा ने बताया कि दीपावली के त्यौहार को लेकर एकसप्ताह पहले उन्होंने आठ लाख रुपए का कच्चा माल मंगाया था, जिससे क्रोकरी का निर्माण किया जाना था, लेकिन इससे पहले आगजनी की यह घटना हो गई, जिससे उन्हें बड़ा नुकसान हुआ है।

## नदी में डूबे किशोर का मिला शव

जिला संवाददाता(vol)



आगरा। माता पिता की आंखों का तारा सुमित अब कभी भी नजर नहीं आएगा। एक दिन पहले उटंगन नदी में डूबे किशोर का शव दूसरे दिन गोताखोरों ने बरामद कर लिया ।बबले का सुमित अब कभी नहीं दिखेगा आखों का तारा उटंगन में गिरे किशोर का शव ही बाहर आया मामला कुछ इस प्रकार है।

गांव पिढौरा में उटंगन नदी पर बने बांध से गुजरते समय पैर फिसलने से 16 साल का सुमित नदी में गिर गया था। गहरे पानी में डूबकर लापता हो गया था। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया, मगर कोई सफलता नहीं मिली। दूसरे दिन पीएसी के गोताखोरों ने मोटर बोट की मदद से किशोर के शव को नदी के पानी से मृत अवस्था में बाहर निकाला तो कोहराम मच गया। पिढौरा के बबले कुमार का पुत्र सुमित पशुओं के लिए नदी पार से चारा लेकर घर लौट रहा था कि बांध पर यह हादसा हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई वर्षों से नदी पर पुल निर्माण की मांग करते आ रहे हैं, मगर किसी भी जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया गया। बांध से गुजरते समय पहले भी कई लोगों की जान जा चुकी है। नदी पर पुल होता तो बबले के परिवार का चिराग न बुझा होता।

## एक नवंबर को मनायी जायेगी दीपावली

मथुरा। दीपावली उत्सव तिथि का सटीक निर्णय करने के लिए दिल्ली के अनेक माने हुए पंचांगकर्ताओं, ज्योतिषियों, दैवज्ञों की एक बैठक बिरला मंदिर में संपन्न हुई। जिसमें सनातन धर्म के प्रामाणिक ग्रंथों धर्मसिंधु और निर्ण सिंधु के आधार पर दीपोत्सव मनाने के दिन के ऊपर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से निर्णय किया गया कि 31 अक्टूबर को 15.52 बजे अमावस्या लग जाएगी जो कि प्रदोष काल में व्याप्त होगी। अगले दिन 1 नवम्बर को भी अमावस्या प्रदोष काल यानी 18.16 बजे तक रहेगी। शास्त्रानुसार दोनों दिन प्रदोष काल में अमावस्या विद्यमान होने पर दीपावली दूसरे ही दिन मनाई जाएगी। अतः शुक्रवार 1 नवम्बर को ही सारा दिन दीपावली पूजन के लिए शुभ है। इस बैठक में विद्वानों ने चिंता व्यक्त की कि कुछ लोग त्योहार मनाए जाने के संबंध में जल्दी बाजी में निर्णय लेकर व्हाट्सऐप के माध्यम से तथ्य रहित सूचना डाल देते हैं। जिससे जन सामान्य श्रद्धालु लोग भ्रमित हो जाते हैं। एक ही त्योहार दो-दो दिन होने की समस्या को दूर करने के लिए विभिन्न संस्थाओं के विद्वानों ने सर्वसम्मति से हल निकाला है। इस बैठक में आचार्य रामगोपाल शुक्ला (महामंत्री अर्चक महासंघ एवं प्रधान सेवक बिरला मंदिर), महामंडलेश्वर स्वामी राघवानंद महाराज (दिल्ली संत महामंडल), डॉ० अरुण बंसल एवं आचार्य शुभेश शर्मन (अखिल भारतीय ज्योतिष संघ, अध्यक्ष अखिल भारतीय संत समिति धर्म समाज) पं० कौशल किशोर कौशिक जी (संपादक ब्रजभूमि पंचांग एवं राजधानी पंचांग), आचार्य डी.पी. शर्मा, पं० गोस्वामी जी (संस्कृत स्वाध्याय तथा ज्योतिष परिषद), पं० अरुण कुमार द्विवेदी एवं आचार्य अनमोल ( सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा दिल्ली), पं० अमित कुमार शर्मा ज्योतिषाचार्य (ह्रिं ज्योतिष संस्थान गाजियाबाद), पुजारी संघ दिल्ली के अध्यक्ष आचार्य पंडित गिरधारी लाल शर्मा, यज्ञाचार्य चंद्रमणि मिश्रा, पं० प्रेम नारायण शर्मा (राष्ट्रीय विद्वत परिषद, अर्चक महासंघ), आचार्य पं० कृष्णकांत कौशिक (श्री सत्य सनातन ब्राह्मण महासभा), आचार्य अंकितानंद गोस्वामी, आचार्य अखिलेश, आचार्य ललित शर्मा, पं० योगेश मिश्रा, पं० सर्वेश दुबे, पं० मोहन, पं० भुवनेश दीक्षित, आचार्य रामकरण भारद्वाज, आचार्य लव कुश पांडे, आचार्य ऋषि मिश्रा, पंडित काशीनाथ दीक्षित, पं० बृजमोहन पाठक, आचार्य शांति प्रसाद आदि उपस्थित विद्वानों ने मिलकर यह निर्णय लिया कि पूरे देश में दीपावली का पर्व 1 नवंबर 2024 शुक्रवार को मनाना शास्त्र सम्मत है।

## एकरूपता अपनायें विद्वान

मथुरा। पंडित नवीन चतुर्वेदी ने अनुरोध किया है कि देश के सभी पंचांग निमार्ता विद्वानों का प्रतिनिधि समूह वर्ष में एक बार बैठक आयोजित करके बैठक में हिन्दू पर्व त्यौहारों की शास्त्र सम्मत सटीक गणना करके ही पंचांगों में प्रकाशन करें, जिससे सभी पंचांगों में पर्वों की एकरूपता आएगी और हमारे सनातन धर्म में दो त्यौहारों की व्यवस्था को विराम लगेगा।

## पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को किया याद



मथुरा ।16 वी वाहिनी सीआरपीएफ ने अपने रांची बागर, मथुरा स्थित कैम्प में आज पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीदों को याद किया।इस अवसर पर नितिन कुमार, कमाण्डेन्ट 16 बटा सीआरपीएफ ने बल के गौरवमयी इतिहास को दोहराते हुये बताया कि यह सीआरपीएफ ही था, जिसने 21 अक्टूबर 1959 को हॉट सिंप्रग, लद्दाख में चीनी आक्रमण के प्रथम हमले के दंश को बर्दाश्त किया, जब सीआरपीएफ के छोटे से गश्ती दल पर काफी अधिक संख्या वाली चीनी सेना द्वारा घात लगाकर हमला किया गया था। इस भिड़ंत में सीआरपीएफ के 10 जवानों ने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। इसलिए आज 21 अक्टूबर को उनकी शहादत को पुरे देश में पुलिस स्मृति दिवस के रुप में मनाया जाता है। नितिन कुमार, कमाण्डेन्ट 16 बटा सीआरपीएफ ने विगत वर्ष के दौरान शहीद हुए जवानों के नाम पढ़कर सुनाये और उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की। इस अवसर पर वाहिनी कमाण्डेन्ट नितिन कुमार, जुगल किशोर जोशी (द्वितीय कमान अधिकारी), के साथ वाहिनी के समस्त अधिकारीगण, एवं कार्मिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अमर शहीद जवानों को श्रद्धा-सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

जिला संवाददाता(vol)



फिरोजाबाद। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व अन्य पुलिस अधिकारियों कर्मचारीगणों द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस के अमर शहीद जवानों को श्रद्धा-सुमन पुष्प चक्र अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई।

21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट-स्प्रिंग के पास उप्फ्व्रफ(केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) की पेट्रोलिंग पार्टी के तीन ऑफिसर्स को भारत-तिब्बत बॉर्डर पर चीनी सैनिकों ने अपनी हिरासत में ले लिया अगले दिन जब उनकी तलाश में सीआरपीएफ की टीमें गई तो उन पर पहले से घात लगाकर बैठे चीनी सैनिकों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी । सीआरपीएफ के जवानों ने भी उस हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया लेकिन उस अचानक हुए हमले में सीआरपीएफ के 10 जवान शहीद हो गए तथा सात अन्य जवान घायल हो गए, उसी दिन से उन 10 वीर सीआरपीएफ जवानों की शहादत को याद करते हुए प्रत्येक वर्ष संपूर्ण भारतवर्ष में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। जनवरी 1960 में भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस महानिरीक्षकों की वार्षिक बैठक में लिए गए निर्णय के बाद से प्रत्येक वर्ष ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाने वाले और लद्दाख में शहीद हुए वीर पुलिसकर्मियों के बलिदान के सम्मान में हर वर्ष 21 अक्टूबर को (पुलिस स्मृति दिवस) नेशनल पुलिस डे मनाया जाता है।

पुलिस लाइन में प्रत्येक वर्ष की भाँति आज दिनांक 21-10-2024 को पुलिस स्मृति दिवस-2024 पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर कर्तव्यपथ पर अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले शहीद पुलिस कर्मियों को भावभीनी श्रद्धान्जलि अर्पित कर सलामी दी गयी ।इस दौरान एसएसपी ने पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ के संदेश से सभी पुलिसकर्मियों को अवगत कराते हुए विगत एक वर्ष में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शहीद हुए पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को याद करते हुए उनकी शहादत के विषय में अवगत कराया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर व ग्रामीण,समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक, समस्त थाना प्रभारी, पीआरओ एसएसपी सहित अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# निवेशकों ने की निकासी, सेंसेक्स गिरा



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुरुआती तेजी को बरकरार नहीं रख पाये और गिरावट के साथ बंद हुए। विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी के बीच कोटक महिंद्रा बैंक में तेज गिरावट से बाजार नुकसान में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 73.48 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,151.27 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में यह 545 अंक चढ़ गया था लेकिन बाद में बिकवाली दबाव से नीचे आया और एक समय नीचे में 80,811.23 अंक तक आ गया। सूचकांक में ऊंचे और निचले स्तर के बीच 958.79 अंक की घट-बढ़ हुई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 72.95 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,781.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से कोटक महिंद्रा बैंक में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। बैंक का तिमाही परिणाम निवेशकों की उम्मीदों के अनुरूप नहीं होने से इसका शेयर नीचे आ गया। दूसरी तरफ, एचडीएफसी बैंक करीब तीन प्रतिशत चढ़ा। बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ सितंबर तिमाही में छह प्रतिशत बढ़कर 17,825.91 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। इससे बैंक के शेयर में तेजी रही। लाभ में रहने वाले अन्य शेयरों में एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, मारुति और टेक महिंद्रा शामिल हैं। घरेलू बाजार में काफी उतार-चढ़ाव देखा गया... इस बीच, कंपनियों के कमजोर वित्तीय परिणाम और मूल्यांकन संबंधी चिंताओं के कारण एफआईआई ने चीन में अपनी रणनीतिक खरीदारी जारी रखी, जबकि भारत में बिकवाली की। कंपनियों के दूसरी तिमाही के परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहे हैं। निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंकों ने विशेष रूप से निराश किया है। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने बाजार की गिरावट को थामने में कुछ मदद की। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप 1.63 प्रतिशत और छोटी कंपनियों से संबंधित स्मॉलकैप सूचकांक 1.51 प्रतिशत नीचे रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 5,485.70 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 5,214.83 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त में रहे।

# चांदी 5000 रुपये के जोरदार उछाल के साथ उच्चस्तर पर, सोने का भी नया रिकॉर्ड



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 750 रुपये की तेजी के साथ 80,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। वहीं चांदी की कीमत 5,000 रुपये के जबर्दस्त उछाल के साथ सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है।

चांदी की कीमतों में लगातार चौथे दिन बढ़त जारी रही और यह 5,000 रुपये के उछाल के साथ 99,500 रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। शुक्रवार को चांदी की कीमत 94,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थीं। जिंस बाजार के विशेषज्ञों के अनुसार, चांदी बाजार में जारी तेजी का मुख्य कारण औद्योगिक मांग और सोने में आई तेजी है। चांदी की तेजी मजबूत दिख रही है। उन्होंने कहा कि निवेशक गिरावट को खरीदारी के अवसर के रूप में देखते रहेंगे, जिससे आने वाले सत्रों में चांदी को अच्छा समर्थन मिलेगा। इसके अलावा, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 750 रुपये चढ़कर 80,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 79,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था, जबकि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 79,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सर्राफा कारोबारियों ने सोने की कीमतों में उछाल की वजह त्योहारी और शादी-विवाह के मौसम में बढ़ी मांग को पूरा करने के लिए स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की खरीदारी में आई तेजी को बताया। इसके अलावा, विदेशी बाजारों में सकारात्मक रुख के साथ-साथ शेयर बाजारों में गिरावट ने सोने की सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में मांग को बढ़ा दिया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज के वायदा कारोबार में दिसंबर डिलिवरी वाला सोने का अनुबंध 493 रुपये बढ़कर 78,242 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

## संक्षेप

### ग्लैंजा का विशेष फेस्टिव लिमिटेड एडिशन लॉन्च

बैंगलोर। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आज त्यौहारी उत्साह को ध्यान में रखते हुए, टोयोटा ग्लैंजा के 'फेस्टिवल लिमिटेड एडिशन' की शुरूआत की घोषणा की। ग्राहक अब डीलर द्वारा फिट किए गए टोयोटा जेनुइन एक्सेसरी (टीजीए) पैकेज का आनंद ले सकते हैं। इसे इस त्यौहारी अवधि के दौरान ग्लैंजा की बेहतर स्टाइल, प्रदर्शन और आराम के साथ उनके ड्राइविंग अनुभव को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। अपनी उन्नत तकनीक, आकर्षक डिजाइन और उच्च ईंधन दक्षता के लिए 2019 से जानी-पहचानी सीमित संस्करण वाली टोयोटा ग्लैंजा 13 विशेष टीजीए पैकेज से युक्त है जो 20,567 रुपये मूल्य के हैं। वाहन की प्रीमियम खासियतें - क्रोम और ब्लैक बॉडी साइड मोल्डिंग, बैक डोर गार्निश क्रोम और ओआरवीएम गार्निश क्रोम अलग से जानी-पहचानी हैं। अन्य खास बातों में अतिरिक्त आराम के लिए 3डी फ्लोरमैट, डोर वाइजर प्रीमियम और नेक (गर्दन के लिए) कुशन (ब्लैक और सिल्वर रंगों में) शामिल हैं। टोयोटा ग्लैंजा की स्टाइलिश अपील को रियर बम्पर, फेंडर के साथ-साथ रियर रिफ्लेक्टर और वेलकम डोर लैंप पर क्रोम गार्निश के साथ और भी समृद्ध किया गया है, जो इसे एक प्रीमियम टच देता है।

### टाटा को मिला 1000 बस चेसिस की आपूर्ति का ऑर्डर

मुंबई। वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली भारत की सबसे बड़ी कंपनी टाटा मोटर्स ने यह घोषणा की है कि उसे उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) से एक प्रतिष्ठित ऑर्डर मिला है। इसके तहत यूपीएसआरटीसी को टाटा एलपीओ 1618 डीजल बस चेसिस की 1000 यूनिट्स की आपूर्ति की जाएगी। टाटा मोटर्स को यह ऑर्डर सरकारी निविदा प्रक्रिया के माध्यम से हुई एक प्रतिस्पर्द्धी ई-बिडिंग प्रोसेस के बाद मिला है। बस चेसिस की आपूर्ति पारस्परिक सहमति वाली शर्तों के अनुसार चरणबद्ध तरीके से होगी। कंपनी को पिछले साल इसी तरह का एक बड़ा ऑर्डर मिला था, जिसमें 1350 बस चेसिस की आपूर्ति होनी थी। कंपनी ने उस ऑर्डर को सफलतापूर्वक पूरा किया और यह चेसिस अभी यूपीएसआरटीसी द्वारा चलाये जा रहे हैं। शहर के भीतर और लंबी दूरी की सुरक्षित यात्रा के लिये डिजाइन किया गया टाटा एलपीओ 1618 डीजल बस चेसिस बेहतरीन परफॉर्मेंस देता है। इसमें यात्रियों को भी पूरा आराम मिलता है और इसके स्वामित्व का कुल खर्च बेहद कम है।

### कैग ने सेशेल्स के ओएजी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये

नयी दिल्ली। भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) ने सेशेल्स के साथ लेखा परीक्षा में सहयोग और विशेषज्ञता का आदान-प्रदान बढ़ाने के लिए सेशेल्स के महालेखा परीक्षक कार्यालय (ओएजी) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कैग ने सोमवार को बयान में कहा कि यह समझौता ज्ञापन (एमओयू) लेखा परीक्षा करने की क्षमता विकसित करने के लिए लेखा परीक्षा पेशेवरों के बीच ज्ञान और अनुभव के द्विपक्षीय आदान-प्रदान के लिए एक सहयोग मंच स्थापित करता है। इस अवसर पर कैग गिरीश चंद्र मुर्मू ने उम्मीद जताई कि यह समझौता भारत और सेशेल्स के सर्वोच्च लेखा परीक्षण संस्थानों के बीच ज्ञान साझा करने और क्षमता निर्माण पहल के लिए अधिक अवसर खोलेगा। सेशेल्स गणराज्य की महालेखा परीक्षक गामिनी हेराथ ने ओएजी को पेशेवर रूप से मजबूत बनाने में भारत के कैग अधिकारियों के योगदान को रेखांकित किया। मुर्मू ने अपनी यात्रा के दौरान सेशेल्स की नेशनल असेंबली के स्पीकर रोजर मैनसिएन के साथ भी बैठक की।

### विक्रम देव दत्त ने कोयला सचिव का पदभार संभाला

नयी दिल्ली। विक्रम देव दत्त ने सोमवार को कोयला सचिव का पदभार संभाल लिया। दत्त ने वी एल कांता राव का स्थान लिया। राव वर्तमान में खान सचिव के रूप में कार्यरत हैं। कोयला मंत्रालय ने बयान में कहा कि अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश कैडर के 1993 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी दत्त इससे पहले डीजीसीए में महानिदेशक के रूप में कार्यरत थे। राव से पहले अमृत लालकोयला सचिव के पद पर कार्यरत थे। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 बैच के अधिकारी मीणा को उनके गृह कैडर बिहार वापस भेजा गया। वहां उन्हें मुख्य सचिव नियुक्त किया गया।

# लोगों को सरकारी लाभ पाने में आधार ने की मदद

नयी दिल्ली। नोबेल पुरस्कार से सम्मानित पॉल रोमर ने सोमवार को कहा कि आधार इस समय दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी प्रणाली है और इसने लोगों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण सहित सरकारी लाभ पाने में मदद की है। रोमर ने एनडीटीवी वर्ल्ड समिट में कहा कि अमेरिका में ऐसा मंच सफलतापूर्वक स्थापित नहीं किया जा सका क्योंकि वहां निजी क्षेत्र का एकाधिकार था।

उन्होंने कहा कि आधार इस समय दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी प्रणाली है। आधार ने केवल एक समस्या का समाधान किया है। किसी व्यक्ति को मेरे सामने पेश करें, और मैं आपको बता दूंगा कि उस व्यक्ति का नंबर क्या है। उन्होंने आगे कहा कि इस आधार पर उन बेहतरीन सेवाओं का निर्माण किया जा सकता है, जिनका आप अब आनंद ले रहे हैं। वर्ष 2018 के अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार विजेता ने कहा कि भारत में सरकार यह बताने से नहीं डरती कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) जैसी सेवाओं में इसका उपयोग कैसे किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में लोगों ने देखा कि वे आधार का एक ऐसा मंच बना सकते हैं जो सरकार द्वारा नियंत्रित हो और जिसका उपयोग लोगों के लाभ के लिए किया जाए।

# कपड़ा क्षेत्र में पीएम मित्र, पीएलआई योजना से 95,000 करोड़ के निवेश की उम्मीद: सचिव



नयी दिल्ली। कपड़ा सचिव रचना शाह ने सोमवार को कहा कि देश के कपड़ा क्षेत्र में अगले तीन से पांच साल में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क और मानव निर्मित कपड़ों तथा तकनीकी कपड़ा उत्पादों के लिए पीएलआई योजना से 95,000 करोड़ रुपये का निवेश आने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि कपड़ा क्षेत्र दो योजनाओं के अलावा एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) जैसे कई अन्य माध्यमों से भी निवेश आकर्षित करेगा। मानव निर्मित कपड़े, परिधान और तकनीकी कपड़ा जैसे उभरते क्षेत्रों को बढ़ावा देने पर सरकार का पूरा ध्यान है। कपड़ा सचिव ने कहा कि अगले साल फरवरी में होने वाले भारत टेक्स 2025 में न केवल समझौते बल्कि निवेश और व्यापार सृजन के संदर्भ में काफी ठोस परिणाम आने की उम्मीद है। देश के कपड़ा उद्योग को वैश्विक ब्रांड के रूप में स्थापित करने के मकसद से भारत टेक्स 2025 का दूसरा संस्करण 14 से 17 फरवरी 2025 को आयोजित किया जाएगा। यह प्रदर्शनी तकनीकी कपड़ा और परिधान से जुड़े उत्पादों पर विशेष रूप से केंद्रित रहेगी। इस चार दिन की प्रदर्शनी में 5,000 से अधिक उद्यमी अपने उत्पादों को प्रदर्शित करेंगे। हमारे पास सात टेक्सटाइल पार्क हैं। उनमें से प्रत्येक से 10,000 करोड़ रुपये का निवेश आने की उम्मीद है। यह करीब 70,000 करोड़ रुपये बनता है। इसके अलावा तकनीकी और मानव निर्मित कपड़ों के लिए पीएलआई योजना के तहत 25,000 करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है।

# रुपया 84.07 प्रति डॉलर पर स्थिर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 84.07 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर अपरिवर्तित रुख के साथ बंद हुआ। प्रमुख वैश्विक प्रतिस्पर्धी मुद्राओं की तुलना में डॉलर के मजबूत होने तथा विदेशी कोषों की सतत निकासी के बीच डॉलर के मुकाबले रुपया अपरिवर्तित रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण निवेशक सतर्क रहे और जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियों से दूर रहे। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.06 प्रति डॉलर पर खुला और पूरे सत्र के दौरान यह लगभग अपरिवर्तित बना रहा। कारोबार के अंत में रुपया 84.07 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर अपरिवर्तित रुख के साथ बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में रुपया एक पैसे की गिरावट के साथ 84.07 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 प्रतिशत बढ़कर 103.50 हो गया। वायदा कारोबार में अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 1.42 प्रतिशत बढ़कर 74.10 डॉलर प्रति बैरल हो गया। घरेलू शेयर बाजार में बीएसई सेंसक्स 73.48 अंक घटकर 81,151.27 अंक पर और एनएसई निफ्टी 72.95 अंक की गिरावट के साथ 24,781.10 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे।

# कर्नाटक ने दर्ज की 10.2 प्रतिशत जीएसडीपी वृद्धि



बेंगलुरु। कर्नाटक ने वित्त वर्ष 2023-24 में 10.2 प्रतिशत की मजबूत जीएसडीपी वृद्धि दर्ज की है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के आंकड़ों का हवाला देते हुए राज्य सरकार ने बयान में कहा, राज्य ने राष्ट्रीय औसत 8.2 प्रतिशत को काफी हद तक पार कर लिया है।

बयान में कहा गया कि शुरुआत में राष्ट्रीय सांख्यिकी अनुमान (एनएसई) ने कर्नाटक के लिए चार प्रतिशत की मामूली सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) वृद्धि का अनुमान लगाया था, लेकिन वित्त वर्ष के अंत तक इसे संशोधित कर 13.1 प्रतिशत कर दिया गया जो दर्शाता है कि राज्य को शुरुआत में कमतर आंका गया था। सरकार ने बताया कि यह उपलब्धि कई गंभीर चुनौतियों के बावजूद हासिल की गई, जिनमें एक दशक का सबसे खराब सूखा तथा वैश्विक आईटी बाजार में मंदी शामिल है। बयान में कहा गया, कर्नाटक की प्रति व्यक्ति जीएसडीपी देश में सबसे अधिक है, जो तेलंगाना के बराबर है जो दोनों राज्यों में कांग्रेस नीत सरकार की मजबूती को दर्शाता है। राज्य सरकार ने अपनी पांच गारंटियों सहित जन-हितैषी नीतियों को इसका श्रेय देते हुए कहा कि इन नीतियों ने यह सुनिश्चित किया है कि वृद्धि का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचे।

# सिग्निफाई का फिलिप्स स्मार्ट लाइट हब स्टोर शुरू



लखनऊ। सिग्निफाई ने लखनऊ में फिलिप्स स्मार्ट लाईट हब (एसएलएच) स्टोर शुरू किया है। यह 3000 वर्गफीट से ज्यादा क्षेत्र में फैला स्टोर है, जहाँ 450 से अधिक स्टॉक कीपिंग यूनिट्स (एसकेयू) उपलब्ध होंगी। इसलिए इस स्टोर में लाईटिंग की सभी जरूरतें पूरी हो सकेंगी। इस स्टोर को एक रोचक और इंटरैक्टिव वातावरण के साथ डिजाईन किया गया है ताकि ग्राहक स्मार्ट लाईटिंग टेक्नोलॉजी में हो रहे नए इनोवेशन देखकर उनका अनुभव ले सकें। इस स्टोर के उद्घाटन के साथ ही सिग्निफाई ने भारत में 300 फिलिप्स स्मार्ट लाईट हब खोलने की एक बड़ी उपलब्धि भी हासिल कर ली है। सिग्निफाई ग्रेटर इंडिया के सीईओ एवं एमडी सुमित जोशी ने कहा कि नवाबों का शहर, लखनऊ एक महत्वपूर्ण बाजार के रूप में उभर रहा है। यहाँ पर होम डेकोर की बढ़ती रुचि के साथ स्मार्ट लाईटिंग के ग्राहक बढ़ रहे हैं। इसलिए हमारे सबसे बड़े फिलिप्स स्मार्ट लाईट हब की शुरूआत हमारी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे इनोवेशन और ग्राहकों को पूरी संतुष्टि प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है।

# सरकार भारत में विमानों के डिजाइन और विनिर्माण की दिशा में काम करेगी: नायडू



नयी दिल्ली। विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने सोमवार को कहा कि सरकार उद्योग जगत की मदद से भारत में विमानों की डिजाइनिंग तथा विनिर्माण की दिशा में काम करेगी।

भारतीय वायुयान विधेयक 2024 को अगस्त में लोकसभा द्वारा पारित किया गया था। इसमें विमान के डिजाइन तथा विनिर्माण को विनियमित करने के प्रावधान शामिल हैं, जो आत्मनिर्भर भारत पहल को बल देता है। मंत्री ने कहा कि हम भारत में ही विमानों को डिजाइन और उनका विनिर्माण करना चाहते हैं। हम एचएएल (हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड), एनएएल (नेशनल एयरोस्पेस लैबोरेटरीज) तथा अन्य उद्योग भागीदारों से सहायता ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में हम ऐसी स्थिति चाहते हैं जहां हम न केवल घरेलू मांग के लिए बल्कि पूरी दुनिया की मांग के लिए भी विमानों का निर्माण करें... हम इस दिशा में आगे बढ़ने जा रहे हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की एचएएल पहले से ही छोटे नागरिक विमानों का विनिर्माण कर रही है, लेकिन छोटे पैमाने पर। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक है। भारतीय विमानन कंपनियों ने 1,200 से अधिक विमानों का ठेका दे रखा है। भारत विमान विनिर्माताओं बोइंग और एयरबस के लिए एक प्रमुख बाजार भी है। नायडू ने पिछले महीने कहा था कि सरकार भारत में वाणिज्यिक विमानों का विनिर्माण शुरू करने की योजना को आगे बढ़ाने के लिए एक विशेष इकाई स्थापित करेगी।

## पेज एक का शेष

### गैर-मान्यता प्राप्त

के सिफारिश पर कार्वाई नहीं की जानी चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने यह भी कहा कि इसके परिणामस्वरूप किए गए राज्यों के आदेश भी स्थगित रहेंगे। न्यायालय ने मुस्लिम संस्था को उत्तर प्रदेश और त्रिपुरा के अलावा अन्य राज्यों को भी अपनी याचिका में पक्षकार बनाने की अनुमति दी।

### लद्दाख को लेकर

पूरी हो गई है। जयशंकर ने कहा मुझे लगता है कि यह एक अच्छा कदम हैअ यह एक सकारात्मक घटनाक्रम है और मैं कहूंगा कि यह बहुत ही संयमित और बहुत ही दृढ़ कूटनीति का नतीजा है। एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्री ने संकेत दिए कि भारत देपसांग और अन्य इलाकों में गश्त करने में सक्षम होगा। उन्होंने कहा हमारे बीच एक सहमति बनी है, जो न सिर्फ देपसांग में, बल्कि और भी इलाकों में गश्त की अनुमति देगी। मेरी समझ से इस सहमति के जरिये हम उन इलाकों में गश्त करने में सक्षम होंगे, जहां हम 2020 में (गतिरोध से पहले) कर रहे थे। जयशंकर ने कहा कि दोनों पक्ष गतिरोध खत्म करने के लिए सितंबर 2020 से बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा एक तरफ हमें स्पष्ट रूप से जवाबी तैनाती करनी थी, लेकिन साथ-साथ हम बातचीत भी करते रहे। सितंबर 2020 से बातचीत कर रहे हैं, जब मैंने मॉस्को में अपने चीनी समकक्ष वांग यी से मुलाकात की थी। विदेश मंत्री ने कहा यह बहुत ही संयमित प्रक्रिया रही है और शायद यह जितना हो सकती थी और होनी चाहिए थी, उससे कहीं अधिक जटिल थी। उन्होंने कहा कि 2020 से पहले एलएसी पर शांति थी और हमें उम्मीद है कि हम उस स्थिति को बहाल कर सकेंगे। जयशंकर ने कहा यह हमारी प्रमुख चिंता थी, क्योंकि हमने हमेशा कहा है कि अगर आप शांति और स्थिरता में खलल डालते हैं, तो आप संबंधों के आगे बढ़ने की उम्मीद कैसे कर सकते हैं? वार्ता की कठिन डगर पर जयशंकर ने कहा आप सकते हैं कि कई मौकों पर, लोगों ने लगभग उम्मीदें छोड़ दी थीं।

### सीएम योगी

राजपत्रित और अराजपत्रित कार्मिकों को प्रदान किए गए। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में 2017 के बाद पुलिस विभाग के विभिन्न पदों पर 1,54,000 से अधिक भर्तियां की गयीं। इसमें 22,000 से अधिक महिला कार्मिक शामिल हैं। वहीं विभिन्न राजपत्रित पदों पर एक लाख 41,000 से अधिक कार्मिकों को पदोन्नति दी गयी। वर्तमान में 60,000 से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। सीएम ने कहा कि प्रदेश में शांति और कानून का राज्य स्थापित करने के लिए पिछले 7 वर्ष में 17 जवानों ने अप्रतिम शौर्य का प्रदर्शन करते हुए वीरगति को प्राप्त किया जबकि 1,618 पुलिसकर्मी घायल हुए। प्रदेश में अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए गैंगस्टर एक्ट के तहत 77,811 और 9,23 अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। माफिया और अपराधी गिरोहों के 68 मुकदमों में प्रभावी पैरवी कर 31 माफिया तथा उनके 66 सहयोगियों को आजीवन कारावास की सजा दिलायी गयी। इसके अलावा दो को फांसी की सजा हुई है। माफिया और उनके गैंग के सदस्यों द्वारा अर्जित चार हजार 57 करोड़ की अवैध संपत्ति को जब्त किया गया। सीएम ने कहा कि एंटी रोमियो स्क्वायड द्वारा 22 मार्च 2017 से 2 अक्टूबर 2024 तक 1 करोड़ 2 लाख से अधिक स्थानों पर चेकिंग की। साथ ही 3 करोड़ 68 लाख से अधिक व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान 23,375 अभियोग पंजीकृत कर 31 हजार 517 के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गयी जबकि एक करोड़ 39 लाख से अधिक व्यक्तियों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। प्रदेश के हर थाने में महिला बीट आरक्षित तथा महिला हेल्थ डेस्क की स्थापना की गई। सभी जनपदों में 15,130 महिला पुलिसकर्मी को नियुक्त करते हुए 10,378 महिला बीट आवंटित की गयी। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत 11 लाख 71,000 से अधिक सीसीटीवी स्थापित किए गए। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में एक अभियान के तहत धार्मिक स्थलों से 1,08,037 से अधिक लाउडस्पीकर उतारे गए या उच्चतम न्यायालय की गाइडलाइन के अनुसार उनकी ध्वनि नियंत्रित की गयी। 31 मई 2017 से 2 अक्टूबर 2024 तक पुलिस द्वारा दो करोड़ 68 लाख से अधिक स्थानों पर फुट पेट्रोलिंग के माध्यम से सुरक्षा का एक बेहतर वातावरण प्रस्तुत किया गया। सीएम योगी ने कहा कि पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की कर्तव्य पालन के दौरान मृत्यु होने पर जो विभिन्न प्रकार की शिकायतें शासन के पास उपलब्ध होती रही हैं, उसी क्रम में उन कर्मियों के परिवारजनों खासतौर पर उनकी पत्नी तथा माता-पिता के जीवित न रहने की दिशा में शासन आदेश में वर्णित व्यवस्था के अनुसार मृतक के परिवार को पूर्ण धनराशि नहीं मिलने की समस्या बताई गई थी। इस पर विचार करते हुए निर्णय लिया गया है कि वर्तमान शासन आदेश को संशोधित करते हुए अनुग्रह की संपूर्ण धनराशि 25 लाख या 50 लाख रुपए जैसी अनुमान्यता है को पूर्णतया मृतक की पत्नी, माता-पिता या जो भी कानूनी वारिस हो उसको उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर मंत्री असीम अरुण, महापौर सुषमा खर्कवाल, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, डीजीपी प्रशांत कुमार, अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक सुजीत पांडेय और मंडलायुक्त रोशन जैकब आदि शामिल हुए।

### दिल्ली के रोहिणी

टीम तैनात की गई हैं। अधिकारी ने कहा अगर टीम कोई संदिग्ध गतिविधियां देखती हैं तो तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करेंगी। अधिकारी ने कहा कि पैदल और मोटरसाइकिल आधारित, दोनों तरह की गश्त पहले ही बढ़ा दी गई है।

उन्होंने कहा कि श्वान दस्तों और बम निरोधक टीमों की मदद से रेल की पटरियों पर तोड़फोड़ रोधी जांच नियमित रूप से की जा रही है। इसके अलावा आसपास के कई शहरों के रेलवे कर्मचारियों को रेलवे स्टेशनों और रेलवे पटरियों के आसपास कड़ी निगरानी करने के लिए कहा गया है। आतंकवादी हमलों के खतरे के कारण आमतौर पर एजेंसियां दिवाली से पहले अलर्ट पर रहती हैं, लेकिन कानून-व्यवस्था बनाए रखने और कड़ी निगरानी रखने के लिए राष्ट्रीय राजधानी और इसके विभिन्न बाजारों में सुरक्षा और बढ़ा दी गई है।

### विश्व में

क्रांतियों का लाभ नहीं उठा पाया। अब, यह उद्योग 4.0 का समय है और हम तैयार हैं क्योंकि अब हम गुलाम नहीं हैं। देश उद्योग 4.0 के लिए आवश्यक कौशल विकास कर रहा है और बुनियादी ढांचे के निर्माण पर काम कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एक विकासशील देश होने के साथ-साथ एक उभरती हुई शक्ति भी है। उन्होंने कहा हम गरीबी की चुनौतियां भी समझते हैं और प्रगति का रास्ता बनाना भी जानते हैं। हमारी सरकार तेजी से नीतियां बना रही है, निर्णय ले रही है, नए सुधार कर रही है। उन्होंने कहा आज भारत हर सेक्टर में, हर क्षेत्र में जिस तेजी से काम कर रहा है, वह अभूतपूर्व है। भारत की गति, भारत का पैमाना अप्रत्याशित है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की अवधारणा जन चेतना का हिस्सा बन गई है और जन शक्ति राष्ट्र शक्ति को शक्ति प्रदान कर रही है।

### अलग-अलग

गए। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक त्रिगुण बिसेन ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब साढ़े चार बजे राया क्षेत्र की है, जब कार वाराणसी से दिल्ली जा रही थी। संभवतः कार चालक को झपकी आ गई होगी, जिसके कारण यह टक्कर हुई इस दुर्घटना में दिल्ली के स्वरूप नगर निवासी पंकज वर्मा, बिहार के दरभंगा जिले के निवासी भावेश यादव और बिहार के सारण जिले के निवासी रोहित की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की उम्र 25 से 30 वर्ष के बीच बताई जा रही है। दो अन्य घायलों को अस्पताल ले जाया गया है जहां उनका उपचार किया जा रहा है। जबकि, बाराबंकी शहर स्थित बड़ेल चौराहे के पास कार की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गयी। रविवार रात शहर कोतवाली क्षेत्र स्थित बड़ेल चौराहे के पास एक कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस घटना में दोपहिया वाहन पर सवार मुल्कराज (25) और कमलेश कुमार (21) गम्भीर रूप से घायल हो गये। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# बहराइच हिंसा के बाद महसी क्षेत्र में सन्नाटा

लखनऊ। हाई कोर्ट से राहत मिलने के बाद भी बहराइच हिंसा के आरोपितों के दिल से बुलडोजरका खौफ निकल नहीं पा रहा है। सोमवार को ज्यादातर आरोपितों ने इस भय से अपने घरों और दुकानों से दूरी बनाए रखी। महाराजगंज कस्बे में अभी भी सन्नाटा पसरा हुआ है। बहराइच जिले के महसी इलाके के महराजगंज कस्बे में विसर्जन जुलूस पर हुई पत्थरबाजी व रामगोपाल मिश्रा हत्याकांड के बाद लोक निर्माण विभाग ने मुख्य आरोपी अब्दुल हमीद समेत 23 घरों पर अतिक्रमण का नोटिस चस्पा किया था। जिसमें तीन दिन के अंदर अपना पक्ष रखते हुए अतिक्रमण हटाने की बात कही गई थी। जिस पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है और मोहलत को 15 दिन बढ़ा दिया है। अब जिन घरों पर नोटिस चस्पा हुआ था, वे 15 दिन के भीतर अपना जवाब दे सकते हैं। हाईकोर्ट की रोक के बाद सोमवार को कस्बे के लोगों में खुशी रही। हालांकि नोटिस चस्पा वाले अधिकांश घरों पर लोग मौजूद नहीं रहे। महराजगंज कस्बे में शांति व्यवस्था कायम रही और पुलिस व पीएसी जवानों का कड़ा पहरा देखने को मिला। महराजगंज कस्बे में हुए रामगोपाल मिश्रा हत्याकांड के बाद 23 घरों पर अवैध अतिक्रमण का नोटिस चस्पा किया गया था।

# युवक का अपहरण कर मांगी 40 लाख की फिरौती

जौनपुर। जिले के सुरेरी थाना क्षेत्र के हनुमानगंज अड़ियार गांव निवासी युवक का भोर में टहलने के दौरान अपहरण हो गया। अपहर्ताओं ने परिजनों से 40 लाख रुपये की फिरौती मांगी है और 24 घंटे में फिरौती न देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

हनुमानगंज अड़ियार गांव निवासी सूरज गुप्ता टहलने के लिए घर से निकला था। काफी समय बीत जाने के बाद जब घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी, देर शाम तक कहीं कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने आस-पड़ोस और रिश्तेदारों के यहां उसकी तलाश कराई। कहीं से कोई जानकारी नहीं मिल सकी। शनिवार की सुबह युवक के चाचा राजीव गुप्ता के मोबाइल पर भतीजे के ही मोबाइल से व्हाट्सएप मैसेज भेजकर 40 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई। मैसेज में चेताया गया था कि 24 घंटे के अंदर रकम नहीं मिली तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहें। संदेश देखते ही परिजनों के होश उड़ गए। तब तक चार पहिया वाहन में बैठाए हुए युवक का फोटो भी परिजनों को भेजा गया। इससे परिजन किसी अनहोनी की शंका से दहशत में आ गए। शाम को ही युवक के पिता प्रदीप गुप्ता ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस अपहरण का मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच में जुट गई लेकिन 48 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस युवक का पता नहीं लगा सकी है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामले में मुकदमा पंजीकृत कर खोजबीन की जा रही है। सीओ विवेक सिंह ने बताया कि घटना के संबंध में तीन टीम लगातार कार्य कर रही है लेकिन युवक का पता अभी तक नहीं चल पाया है।




## ऑस्ट्रेलिया दौरे पर दावा मजबूत करने के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने की जरूरत : शमी



गुरुग्राम। भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने सोमवार को कहा कि उन्हें अब जरा भी दर्द महसूस नहीं हो रहा है और अगले महीने शुरू होने वाले आस्ट्रेलिया के दौरे के चयन के लिए अपना दावा मजबूत करने के लिए उन्हें कम से कम एक या दो घरेलू मुकाबले खेलकर फिटनेस साबित करनी होगी। शमी पिछले साल नवंबर में वनडे विश्व कप फाइनल के बाद से नहीं खेले हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु में समाप्त हुए भारत के शुरूआती टेस्ट के बाद नेट पर गेंदबाजी की। हालांकि कुछ दिन पहले कप्तान रोहित शर्मा ने खुलासा किया था कि उनके घुटने में सूजन है जिससे पिछले साल लगी टखने की चोट से उबरने के लिए चल रहा उनका रिहैबिलिटेशन प्रभावित हुआ।

यूजेनिक्स हेयर साइंसेस द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान इस 34 साल के गेंदबाज ने अपनी क्रिकेट यात्रा के बारे में बात करते हुए कहा, मैंने कल जिस तरह गेंदबाजी की, उससे मैं खुश हूं। मैं इससे पहले आधे रन-अप से गेंदबाजी कर रहा था क्योंकि मैं ज्यादा दबाव नहीं लेना चाहता था। लेकिन कल मैंने पूरे रन-अप से गेंदबाजी की। शमी ने कहा, मुझे अब कोई दर्द नहीं है। हर कोई लंबे समय से सोच रहा है कि मैं ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के लिए।

## बजरंग और विनेश के ट्रायल्स में छूट लेने से विरोध प्रदर्शन की छवि प्रभावित : साक्षी



नयी दिल्ली। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पूर्व पहलवान साक्षी मलिक ने कहा कि पिछले साल विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया का एशियाई खेलों के ट्रायल्स से छूट लेने के फैसले से बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ उनके विरोध प्रदर्शन की छवि प्रभावित हुई क्योंकि इससे यह अभियान स्वार्थी दिखने लगा। साक्षी इस विरोध प्रदर्शन के तीन मुख्य पहलवानों में से एक थीं, उन्होंने हाल में रिलीज हुई अपनी किताब विटनेस में इसके अलावा अपने करियर के संघर्षों के बारे में भी लिखा है।

उन्होंने इसमें बताया कि जब बजरंग और विनेश के करीबी लोगों ने उनके दिमाग में लालच भरना शुरू किया तो उनके विरोध प्रदर्शन में दरार आने लगी। इन तीनों ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख शरण सिंह पर अपने कार्यकाल के दौरान महिला पहलवानों के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था और मामला दिल्ली की अदालत में चल रहा है। डब्ल्यूएफआई के निलंबन के बाद तदर्थ समिति ने कुश्ती का कामकाज देखना शुरू किया जिसने बजरंग और विनेश को 2023 एशियाई खेलों के ट्रायल्स में छूट दी लेकिन साक्षी ने अपने साथियों के सुझाव के बावजूद ऐसा नहीं करने का फैसला किया।

## संक्षेप

### ओलंपिक एशिया पैसिफिक की मेजबानी करेगा भारत

नयी दिल्ली। भारत 18 से 23 नवंबर तक यहां पहली बार विशेष ओलंपिक एशिया पैसिफिक बॉची एंड बॉलिंग प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा जिसमें 15 देशों के 250 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। पिछले साल बर्लिन में विशेष ओलंपिक विश्व खेलों में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाली शिवानी को टूर्नामेंट की एथलीट दूत बनाया गया। टूर्नामेंट में पूर्व एशिया, यूरोप यूरेशिया और एशिया पैसिफिक के देश जैसे ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, मकाऊ, थाईलैंड, हांगकांग, फिलीपींस, इंडोनेशिया, म्यामां, उज्बेकिस्तान और सिंगापुर हिस्सा लेंगे। विशेष ओलंपिक भारत की अध्यक्षा डा. मल्लिका नड्डा ने टूर्नामेंट की जर्सी का अनावरण किया। पिछले साल 198 भारतीय खिलाड़ियों ने वर्ल्ड समर गेम्स में हिस्सा लिया था और 202 पदक जीते थे जिसमें 76 स्वर्ण, 75 रजत और 51 कांस्य पदक शामिल थे।

### एआईटीए करेगा चार प्रतियोगिताओं की मेजबानी

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने सोमवार को पुष्टि की कि देश फरवरी 2025 में चार एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा, जिसकी शुरुआत चेन्नई में एटीपी 100 टूर्नामेंट से होगी। एआईटीए ने एक विज्ञप्ति में कहा, एटीपी ने चैलेंजर स्पर्धाओं के लिए तारीखों और स्थानों को मंजूरी दे दी है। चेन्नई तीन फरवरी से इसकी मेजबानी करेगा। इसके बाद बेंगलुरु (10 फरवरी से), पुणे (17 फरवरी से) और नयी दिल्ली (24 फरवरी से) में चैलेंजर टूर्नामेंटों का आयोजन होगा। चेन्नई, बेंगलुरु और पुणे में टूर्नामेंट एटीपी 100 स्तर की जबकि दिल्ली में चौथा टूर्नामेंट एटीपी 75 स्तर की प्रतियोगिता होगी। एटीपी 100 में एकल खिताब विजेता को 100 रैंकिंग अंक के साथ 17,500 डॉलर की पुरस्कार राशि मिलती है, जबकि एटीपी 75 रैंकिंग प्रतियोगिता में चैंपियन को 11,200 डॉलर की पुरस्कार राशि मिलती है। भारत ने 2024 तीन चैलेंजर स्तर की प्रतियोगिताओं की मेजबानी की थी। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक एआईटीए 2025 सत्र के दौरान देश में और अधिक चैलेंजर प्रतियोगिता लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### चक दे इंडिया देखकर हॉकी स्टिक थामी

नयी दिल्ली। शाहरूख खान के जबर्दस्त फैन आदित्य अर्जुन लालगे को चक दे इंडिया फिल्म ने इतना प्रभावित किया कि उन्होंने परिवार में किसी का खेल से दूर दूर तक नाता नहीं होने के बावजूद हॉकी खिलाड़ी बनने की ठानी और अब जर्मनी के खिलाफ इस सप्ताह होने वाले दो टेस्ट के जरिये भारतीय टीम में पदार्पण का मौका मिल रहा है। महाराष्ट्र के सातारा के एक किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले लालगे को 23 और 24 अक्टूबर को जर्मनी के खिलाफ मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर होने वाले दो टेस्ट मैचों के लिये भारतीय टीम में जगह मिली है। पिछले साल कुआलालम्पुर में जूनियर हॉकी विश्व कप में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम के लिये छह मैचों में तीन गोल करने वाले 21 वर्ष के युवा फॉरवर्ड लालगे ने भाषा को दिये इंटरव्यू में कहा , बचपन से मैं शाहरूख खान का फैन रहा हूं। मैने चक दे इंडिया फिल्म देखी जिसमें वह हॉकी कोच बने हैं और उसके बाद ही मुझे हॉकी खेलने का शौक लगा। उनकी ख्वाहिश एक दिन शाहरूख से मिलने की भी है। उन्होंने कहा, अभी तक उनसे कभी मुलाकात नहीं हुई लेकिन एक दिन मिलना चाहता हूं। चार भाई बहनों में सबसे छोटे आदित्य ने पुणे में महाराष्ट्र सरकार की अकादमी में दस साल की उम्र से हॉकी खेलना शुरू किया और परिवार ने इसमें उनका पूरा साथ दिया। उन्होंने कहा , भले ही मेरे परिवार में कोई खेलता नहीं था।

# मुंबई ने महाराष्ट्र को नौ विकेट से हराया

**महाराष्ट्र को पहली पारी में 126 रन पर आउट करने के बाद 17 वर्ष के म्हात्रे के 176 रन और श्रेयस अय्यर के 142 रन की मदद से 441 रन बनाये**

एजेंसी

मुंबई। पहले मैच में बड़ौदा से मिली करारी हार से उबरते हुए गत चैम्पियन मुंबई ने महाराष्ट्र को रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के दूसरे मैच में नौ विकेट से हराकर अपने अभियान को ढर्रे पर लाया। जीत के लिये 74 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई ने रविवार को बिना किसी नुकसान के 13 रन बना लिये थे।

आयुष म्हात्रे (15) के आउट होने से उसे बोनस अंक नहीं मिल सका। पृथ्वी साव (36 गेंद में 39 रन) और हार्दिक तामोर (26 गेंद में 21 नाबाद) ने 13 . 3 ओवर में टीम को जीत तक पहुंचाया। पहले मैच में 42 बार की चैम्पियन मुंबई की टीम को बड़ौदा ने 84 रन से हराया था। मुंबई ने महाराष्ट्र को पहली पारी में 126 रन पर आउट करने के बाद 17 वर्ष के म्हात्रे के 176 रन और श्रेयस अय्यर के 142 रन की मदद से 441 रन बनाये। महाराष्ट्र ने दूसरी पारी में 388 रन बनाये लेकिन वह नाकाफी थे। शिलांग में त्रिपुरा ने मेघालय को एक पारी और 17 रन से हराया। त्रिपुरा के आठ विकेट पर 377 रन के जवाब में मेघालय ने 222 और 138 रन बनाये। दिल्ली में युवा ऑफ स्पिनर महेश पिथिया के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 169 रन देकर नौ विकेट (दूसरी पारी में छह विकेट) से



बड़ौदा ने सेना पर 65 रन से जीत दर्ज की। सेना की टीम 341 रन के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए 275 रन प सिमट गई। पिथिया को 19 साल के तेज गेंदबाज राज लिम्बानी (47 रन देकर तीन विकेट) का पूरा साथ मिला। सेना के लिए अर्जुन शर्मा नाबाद 79 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि रजत पालिवाल और लवकेश बसंल ने क्रमशः 47 और 39 रन बनाये। यह बड़ौदा की सत्र की लगातार दूसरी जीत थी। कटक में जम्मू कश्मीर और ओडिशा के बीच मैच ड्रॉ रहा।

**रणजी ट्रॉफी : दिल्ली ने तमिलनाडु को ग्रुप डी में जीत से रोका**

नयी दिल्ली। सलामी बल्लेबाज सनत सांगवान की 83 रन की संयमित पारी से दिल्ली ने सोमवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच में तमिलनाडु को जीत दर्ज करने से रोक दिया। दिल्ली ने सुबह पहली पारी आठ विकेट पर 264 रन से शुरू की और बचे हुए दो विकेट महज दो रन जोड़कर गंवा दिये जिससे शतकवीर यश धुल (नाबाद 105 रन) दूसरे छोर पर नाबाद रहे।

फॉलो ऑन खेलते हुए दिल्ली ने शुरू में ही धुल का विकेट गंवा दिया लेकिन सांगवान ने बल्ले से शानदार जज्बा दिखाते हुए 231 गेंद में 12 चौके से अर्धशतकीय पारी खेली। उन्हें कप्तान हिम्मत सिंह (36 रन) और जोंटी सिद्धू (23 रन) से अच्छा सहयोग मिला। दिल्ली ने अंतिम दिन 83 ओवर में आठ विकेट पर 193 रन बनाकर मैच ड्रॉ कराया। भारतीय खिलाड़ी वाशिंगटन सुंदर (45 रन देकर तीन विकेट), सोनू यादव (37 रन देकर दो विकेट) और अजीत राम (52 रन देकर दो विकेट) ने तमिलनाडु के लिए विकेट झटके। तमिलनाडु को मैच से तीन अंक मिले। गुवाहाटी में चंडीगढ़ ने असम को नौ विकेट से हराकर पूरे अंक हासिल किये। सात विकेट पर 144 रन से आगे खेलते हुए असम की दूसरी पारी 185 रन पर सिमट गई जिससे चंडीगढ़ को जीत के लिए 78 रन का लक्ष्य मिला जिसे उसने 17.2 ओवर में हासिल कर लिया। उसके लिए मनन वोहरा 51 रन बनाकर नाबाद रहे।

## कर्नाटक की सिमरन और शरण्या ने अपनी-अपनी स्पर्धाओं में जीते स्वर्ण

एजेंसी

पणजी। कर्नाटक की सिमरन और शरणया ने सोमवार को यहां राष्ट्रीय पैरा तैराकी चैम्पियनशिप के दूसरे दिन क्रमशः महिलाओं की 50 मीटर बैकस्ट्रोक एस6 और एस7 श्रेणियों में स्वर्ण पदक जीते। सिमरन ने ।:00.35 मिनट के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि ओडिशा की कविता और तमिलनाडु की गजप्रिया ने 50 मीटर बैकस्ट्रोक एस6 वर्ग में क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किया।

शरणया ने 50 मीटर बैकस्ट्रोक एस7 वर्ग में ।:01.46 मिनट के समय के साथ राज्य के लिए एक और स्वर्ण पदक जीता। इस स्पर्धा में राजस्थान की डिंपल और कर्नाटक की पंकजा दूसरे और तीसरे पायदान पर रहे। एस8 और एस9 वर्ग का स्वर्ण पदक राजस्थान के खिलाड़ियों के नाम रहा। पूरन (56.69 सेकंड) ने एस8 में बाजी मारी जबकि किरण (52.18 सेकंड) ने एस9 का खिताब अपने नाम किया। पुरुषों के वर्ग में केरल के टॉमी जोसेफ ने एस11 वर्ग के 50 मीटर बैकस्ट्रोक में 54.45 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। ओडिशा के रंजन कुमार और दिल्ली के मुन्ना क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। एस12 वर्ग में पश्चिम बंगाल के विश्वजीत ने स्वर्ण, राजस्थान के भागीरथ और गणेश ने रजत और कांस्य



अर्जित किया।

**दीपिका ने तीरंदाजी विश्व कप फाइनल में पांचवां रजत पदक जीता**

टिलेक्सकला (मैक्सिको)। भारत की शीर्ष रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी ने विश्व कप फाइनल में पांचवां रजत पदक जीता। वह फाइनल में चीन की लिजियामैन से 0 .6 से हार गई। दिसंबर 2022 में अपनी बेटी के जन्म के बाद विश्व कप फाइनल में लौटी चार बार की ओलंपियन दीपिका को आठ तीरंदाजों में तीसरी वरीयता मिली थी। सेमीफाइनल तक दीपिका को कोई दिक्कत नहीं हुई लेकिन स्वर्ण पदक के मुकाबले में वह पेरिस ओलंपिक में टीम स्पर्धा का रजत पदक जीतने वाली जियामैन से हार गई। दीपिका नौवीं बार विश्व कप फाइनल खेल रही थी। भारत के लिये विश्व कप फाइनल में सिर्फ डोला बनर्जी ने स्वर्ण पदक जीता था जब दुबई में 2007 में वह अव्वल रही थी। पुरूषों के रिकर्व वर्ग में धीरज बोम्मादेवरा 4 . 2 से आगे रहने के बावजूद पहले दौर में पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता दक्षिण कोरिया के ली वू सियोक से हार गए।

पांच सदस्यीय भारतीय दल में तीन कंपाउंड और दो रिकर्व तीरंदाज थे। भारत की झोली में सिर्फ एक पदक गिरा। सेमीफाइनल में मैक्सिको की अलेजांद्रा वालेंशिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाली दीपिका उस लय को कायम नहीं रख सकी। पहला सेट उसने एक अंक से (26 . 27) गंवाया। दूसरे सेट में वापसी की लेकिन ली ने 30 . 28 से जीता। तीसरे सेट में ली ने 27 . 25 से जीत दर्ज की।

## कार्लसन टाटा स्टील शतरंज भारत में होंगे स्टार आकर्षण



एजेंसी

कोलकाता। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी ग्रैंड मास्टर मैग्नस कार्लसन 13 से 17 नवंबर तक यहां होने वाले टाटा स्टील शतरंज भारत के छठे सत्र में मुख्य आकर्षण होंगे। नॉर्वे का यह खिलाड़ी दूसरी बार इस टूर्नामेंट का हिस्सा बनेगा। उन्होंने इससे पहले 2019 में इसमें भाग लिया था और इसके विजेता बने थे।

बुडापेस्ट में हाल ही में शतरंज ओलंपियाड में अच्छा प्रदर्शन करने वाले अर्जुन एरिगैसी, आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती जैसे युवा भारतीय खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। टूर्नामेंट के ओपन वर्ग में निहाल सरीन और एसएल नारायणन भी इसमें भारतीय चुनौती को पेश करेंगे। पिछले सत्र तरह टूर्नामेंट में ओपन और महिला वर्ग की श्रेणियों में रैपिड और ब्लिट्ज मुकाबलों के लिए समान पुरस्कार राशि होगी। महिला वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व कोनेरू हम्पी, आर वैशाली, डी. हरिका, दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल करेंगी। शतरंज के दिग्गज विश्वनाथन आनंद टूर्नामेंट के ब्रांड दूत बने रहेंगे।

आनंद ने कहा, टाटा स्टील शतरंज भारत में वापस आने का इंतजार कर रहा हूं। यह भारत में एक प्रमुख टूर्नामेंट बन गया है। इस साल इस आयोजन में मैग्नस कार्लसन के नेतृत्व में दुनिया का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं विशेष रूप से उत्साहित हूं कि महिलाओं के आयोजन में भारतीय शतरंज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन होगा। यह साल भारतीय शतरंज के लिए उत्सव की तरह है और इस आयोजन से उसे और बढ़ावा मिलेगा। टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सेवाओं के उपाध्यक्ष, चाणक्य चौधरी ने कहा।

## लेवांडोवस्की व टोरे के गोल से बार्सीलोना ने सेविला को रौंदा



एजेंसी

मौड्रिड। रॉबर्ट लेवांडोवस्की ने दो और गोल करके स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग ला लीगा में अपने गोलों की संख्या 12 तक पहुंचा दी जिससे बार्सीलोना ने सेविला को 5- । से शिकस्त दी। बार्सीलोना के लिए रविवार को खेले गये इस मैच में पाब्लो टोरे ने भी दो जबकि पेड्रि ने एक गोल किया। इस जीत से बार्सीलोना ने चिर प्रतिद्वंद्वी रीयाल मैड्रिड पर तीन अंक की बढ़त के साथ तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। यह दोनों टीमें इस सप्ताह जब आपस भी भिड़ेंगी तो बार्सीलोना के हौसले बुलंद होंगे। बार्सीलोना के लिए दिग्गज मिडफील्डर गावी ने घुटने की चोट से उबर कर लगभग एक साल के बाद मैदान पर वापसी की। वह मैच के 83वें मिनट में पेड्रि की जगह मैदान पर उतरे। पोलैंड के दिग्गज लेवांडोवस्की ने मैच के 24 वें मिनट और 39वें मिनट में गोल दागे। पेड्रि ने 28वें मिनट जबकि टेरी (82वां और 88वां मिनट) ने छह मिनट के अंदर दो गोल कर टीम की जीत के अंतर को बढ़ाया। सेविला के लिए स्टानिस इडूम्बो ने सांत्वना गोल किया। अन्य मैचों में एटलेटिको मैड्रिड ने लेगानेस को 3- । हराया जबकि विलारीयाल और गेटाफे का मैच ।- । की बराबरी पर छुटा। मैलोर्का ने रेयो वैलेकैनो को ।-0 से शिकस्त दी।

रोनाल्डो और अल नासर का एसीएल मैच सुरक्षा कारणों से ईरान की बजाय दुबई में

वॉशिंगटन। क्रिस्टियानो रोनाल्डो और अल नासर क्लब का तेहरान के एस्तेगलाल क्लब के खिलाफ एएफसी चैम्पियंस लीग एलीट फुटबॉल मैच ईरान में सुरक्षा चिंताओं के कारण अब संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में होगा।



## मंत्री ने संभाला मोर्चा, मध्य प्रदेश ने पंजाब को जीत से रोका

एजेंसी

मुल्लांपुर (पंजाब)। सलामी बल्लेबाज हिमांशु मंत्री की धैर्य पूर्ण बल्लेबाजी की मदद से मध्य प्रदेश ने सोमवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच को ड्रॉ करा कर पंजाब को जीत से वंचित किया। मध्य प्रदेश के सामने 400 रन का लक्ष्य था और एक समय उसका स्कोर आठ विकेट पर 121 रन था और उसकी हार निश्चित लग रही थी। हिमांशु और आवेश खान ने हालांकि पंजाब को पूरे अंक हासिल नहीं करने दिए।

हिमांशु ने केवल 41 रन बनाए लेकिन सबसे महत्वपूर्ण यह रहा कि उन्होंने इसके लिए 225 गेंद खेली। दसवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरने वाले आवेश ने 60 गेंद पर 10 रन बनाए। मध्य प्रदेश ने आखिर में अपनी दूसरी पारी में आठ विकेट पर 146 रन बनाकर मैच ड्रॉ कराया। इस बीच हरप्रीत सिंह ने 35 रन बनाए। पंजाब की तरफ से गुरनूर बरार ने तीन जबकि अर्शदीप सिंह और सुखविंदर सिंह ने दो-दो विकेट लिए। लखनऊ में



खेले गए मैच में हरियाणा ने उत्तर प्रदेश के खिलाफ ड्रॉ छूटे मैच में पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किए। उत्तर प्रदेश ने मैच के चौथे दिन अपनी पहली पारी छह विकेट पर 267 रन से आगे बढ़ाई और 367 रन बनाए। हरियाणा ने अपनी पहली पारी में 453 रन बनाए थे।

उत्तर प्रदेश की तरफ से कप्तान आर्यन जुयाल ने 119 रन बनाए। निचले क्रम के बल्लेबाजों में यश दयाल ने नाबाद 41 और अंकित राजपूत ने 40 रन का योगदान दिया। हरियाणा की तरफ से स्पिनर जयंत यादव ने चार विकेट लिए। हरियाणा ने मैच ड्रॉ समाप्त घोषित किए जाने से पहले अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 72 रन बनाए थे।

## नागवासवाला की गेंदबाजी से गुजरात ने आंध्र को हराया

एजेंसी

अहमदाबाद। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अरजान नागवासवाला ने चार विकेट और मुश्किल परिस्थितियों में नाबाद 16 रन बनाए जिसके दम पर गुजरात ने सोमवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच के चौथे दिन आंध्र पर एक विकेट से रोमांचक जीत हासिल की। आंध्र की टीम दिन की शुरुआत चार विकेट पर 203 रन से करते हुए अपनी दूसरी पारी में 297 रन पर आउट हो गयी। गुजरात को जीत के लिए 144 रन का लक्ष्य मिला।

खब्बू स्पिनर ललित मोहन ने सात विकेट लेकर गुजरात की मुश्किलें बढ़ा दी। गुजरात ने 131 रन पर नौवां विकेट गंवा दिया। टीम पर हार का खतरा मंडरा रहा था लेकिन नागवासवाला ने 22 गेंद में नाबाद 16 रन की पारी खेल टीम को जीत दिला दी। नागवासवाला के हरफनमौला खेल से गुजरात की टीम मैच से छह अंक हासिल करने में सफल रही। इससे पहले फॉलोऑन मिलने के बाद कोना भरत (42), नीतिश रेड्डी (34) और हनुमा विहारी (32) के उपयोगी योगदान से आंध्र ने दूसरी पारी में 297 रन बनाये। गुजरात की पहली पारी में 367 रन के जवाब में आंध्र की



पहली पारी 213 रन पर सिमटी थी। ग्रुप के अन्य मैचों में उत्तराखंड ने हैदराबाद को 78 जबकि विदर्भ ने पुडुचेरी को 120 रन से हराया।

देहरादून में खेले गये मैच में उत्तराखंड ने पहली पारी में 33 रन की बढ़त लेने के बाद दूसरी पारी में 235 रन बनाये। जीत के लिए 269 रन का पीछा करते हुए हैदराबाद की टीम 190 रन पर आउट हो गयी। स्वप्निल सिंह ने उत्तराखंड के लिए 59 रन पर छह विकेट लिये। विदर्भ ने पुडुचेरी के खिलाफ दूसरी पारी में 128 रन बनाने के बावजूद 120 रन से बड़ी जीत दर्ज की। जीत के लिए 203 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पुडुचेरी की दूसरी पारी महज 82 रन पर सिमट गयी। विदर्भ की यह लगातार दूसरी जीत है।

## भारतीय टीम विश्व ब्रिज खेलों में पेश करेगी मजबूत चुनौती

नयी दिल्ली। विनय देसाई के नेतृत्व में मजबूत भारतीय दल 22 अक्टूबर से तीन नवंबर तक ब्यूनस आयर्स में होने वाले 16वें विश्व ब्रिज खेलों की सभी चार श्रेणियों में चुनौती पेश करने के लिए तैयार है। भारतीय दल में 2018 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता प्रणव बर्धन (सीनियर वर्ग), राजू तालानी और जैग्गी शिवदासानी (ओपन वर्ग) जैसे कई दिग्गज खिलाड़ी शामिल है। इस प्रतियोगिता के ओपन वर्ग में 34 जबकि महिला वर्ग में 24 देश प्रतिस्पर्धा करेंगे। टूर्नामेंट के पहले चरण में राउंड रोबिन मुकाबले होंगे। इससे क्वालीफाई करने वाली टीमें अंतिम 16 के नॉकआउट चरण में प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रतियोगिताएं ओपन, वरिष्ठ, महिला और मिश्रित श्रेणियों में आयोजित की जाएंगी। डब्ल्यूबीएफ (विश्व ब्रिज महासंघ) के अध्यक्ष जान कामरास ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, डब्ल्यूबीएफ यह सुनिश्चित करने के लिए कई नए उपाय कर रहा है कि सभी प्रतिभागियों हमारे आदर्श वाक्य बुरे व्यवहार के लिए शून्य सहनशीलता का सम्मान किया जाए।

## रेलवे ने इंडियन ऑयल को हराकर महिला हॉकी खिताब जीता

एजेंसी

नयी दिल्ली। रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) ने इंडियन ऑइल को 3 . । से हराकर सीनियर महिला अंतर विभाग राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप जीत ली और पिछले साल मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया। मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर खेले गए फाइनल में भारत की कुछ शीर्ष महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इंडियन आइल के लिये 18वें मिनट में दीपिका ने गोल दागा। रेलवे के लिये भारत की सबसे अनुभवी खिलाड़ी वंदना कटारिया ने एक मिनट बाद ही गोल दागा। चौथे क्वार्टर में रेलवे की कप्तान नवनीत कौर ने फिर टीम को बढत दिलाई। वहीं भारतीय कप्तान सलीमा टेटे ने विजयी गोल दागा। सलीमा को प्लेयर आफ द मैच चुना गया। इससे पहले केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने भारतीय खेल प्राधिकरण को 3 . 2 से हराकर कांस्य पदक जीता। निर्धारित समय तक स्कोर बराबर रहने पर मुकाबला पेनल्टी शूटआउट तक गया था।



**हॉकी का ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर होना तय, सीजीएफ, एफआईएच ने साधी चुप्पी**

मेलबर्न। हॉकी का 2026 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर होना तय है क्योंकि मेजबान शहर ग्लासगो लागत में कटौती करना चाहता है।

इसकी जानकारी यहां कई मीडिया रिपोर्ट में दी गई है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) और राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) दोनों इस मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं। हॉकी को 1998 में राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल किया गया था और तब से वह इन खेलों का अभिन्न अंग बना रहा लेकिन मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि ग्लासगो खेलों के आयोजक नेट बॉल और रोड रेसिंग के साथ हॉकी को भी खेलों से हटाना चाहते हैं। राष्ट्रमंडल खेल 2026 आयोजन पहले ऑस्ट्रेलिया के राज्य विक्टोरिया में होना था लेकिन वह बढ़ती लागत के कारण मेजबानी से हट गया था। इसके बाद स्कॉटलैंड ने इन खेलों की मेजबानी करने के लिए कदम बढ़ाया। खेलों का कार्यक्रम मंगलवार को घोषित किया जाना है। इस संदर्भ में पीटीआई ने जब अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) से संपर्क किया तो उसने कार्यक्रम के आधिकारिक तौर पर जारी होने तक टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

# व्यर्थ नहीं जायेगा पुलिस कर्मियों का बलिदान

## आतंकवाद, घुसपैठ, धार्मिक तनाव के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी : अमित शाह



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि भले ही देश ने जम्मू कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सल प्रभावित इलाकों में अपेक्षाकृत शांति स्थापित कर ली है लेकिन आतंकवाद, घुसपैठ और धार्मिक तनाव पैदा करने की साजिश के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी।

पुलिस स्मृति दिवस के मौके पर यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि शहीद पुलिस कर्मियों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और देश निश्चित रूप से 2047 तक पूरी तरह विकसित राष्ट्र बन जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में जम्मू कश्मीर, पूर्वोत्तर क्षेत्र तथा वामपंथी चरमपंथ से प्रभावित क्षेत्रों में अपेक्षाकृत शांति स्थापित की गयी है। हालांकि, हमारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। हम मादक पदार्थ, साइबर अपराध, धार्मिक तनाव पैदा करने की साजिश, घुसपैठ और आतंकवाद के खिलाफ लड़ते रहेंगे जो हमारे लिए चुनौतियां पैदा करते रहे हैं। गृह मंत्री ने कहा कि आजादी के बाद से 36,438 पुलिसकर्मियों ने देश की सुरक्षा के लिए अपनी जान दी है जिनमें से 216 लोगों ने पिछले साल प्राण न्यौछावर किए। उन्होंने कहा कि देश की विकास यात्रा में बलिदान के लिए देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा। शाह ने कहा कि मैं शहीदों के परिवार के सदस्यों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। देश सुरक्षित रहेगा, किसी भी चुनौती के बावजूद अपने लक्ष्य को हासिल करेगा और भारत 2047 तक निश्चित रूप से एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। एक जुलाई से लागू हुए तीन नए आपराधिक कानूनों के संदर्भ में उन्होंने कहा कि नए कानूनों के क्रियान्वयन के लिए बुनियादी ढांचा स्थापित करने पर काम पांच साल पहले शुरू हुआ था और बाकी का काम अगले तीन साल में पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं देश को बताना चाहता हूं कि भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली दुनिया में सबसे आधुनिक होगी और प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई तक पूरा न्याय दिया जा सकता है। पुलिस कर्मियों के हित में उठाए कदमों के बारे में जानकारियां देते हुए शाह ने कहा कि पुलिसकर्मी और उनके परिवार के सदस्य आयुष्मान सीएपीएफ योजना लागू होने के बाद किसी भी आयुष्मान अस्पताल में इलाज करा सकते हैं। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) कर्मियों को आवास उपलब्ध कराने पर उन्होंने कहा कि 13,000 मकानों के निर्माण के लिए स्वीकृति दी गयी है जिनमें से 11,276 अगले साल मार्च तक तैयार हो जाएंगे।

# स्वतंत्रता आंदोलन के भूले-बिसरे नायकों की भूमिका को उजागर करें इतिहासकार : धनखड़



अलीगढ़ (उप्र)। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि अगली पीढ़ी के इतिहासकारों को भारत के स्वाधीनता आंदोलन के भूले-बिसरे नायकों की भूमिका को उजागर करना चाहिए।

उप राष्ट्रपति ने अलीगढ़ स्थित राजा महेन्द्र प्रताप विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय एक ऐसी हस्ती की याद में स्थापित किया गया है जो वास्तव में भारत के स्वाधीनता आंदोलन के भूले-बिसरे नायक हैं। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि अगली पीढ़ी के इतिहासकारों को भारत के स्वाधीनता आंदोलन के ऐसे नायकों की भूमिका को उजागर करना चाहिये जिन्हें समय के साथ भुला दिया गया है। धनखड़ ने कहा कि राजा महेन्द्र प्रताप 20वीं सदी के महान स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने भारत की आजादी और देश में आधुनिक शिक्षा के लिये अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनके नाम पर विश्वविद्यालय स्थापित किया जाना उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है।

उन्होंने कहा कि राजा महेन्द्र प्रताप वर्ष 1915 में काबुल में निर्वासन में बनी भारत की पहली अस्थायी सरकार के संस्थापक थे। अपनी जिंदगी का एक लंबा समय निर्वासन में गुजारने वाले राजा महेन्द्र प्रताप भारत की आजादी के लिये निरंतर संघर्ष करते रहे। उप राष्ट्रपति ने कहा कि राजा महेन्द्र प्रताप आधुनिक शिक्षा के भी बड़े पैरोकार थे। उन्होंने मथुरा में प्रेम महाविद्यालय नाम से एक शिक्षण संस्थान स्थापित किया था और उन्होंने इसके लिये काफी जमीन भी दान की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अलीगढ़ के लोधा खंड में स्थित राजा महेन्द्र प्रताप विश्वविद्यालय का 14 सितंबर 2021 को शिलान्यास किया था।

### संक्षेप

## अमेरिकी और कनाडाई युद्धपोत ताइवान जलडमरूमध्य से गुजरे

ताइपे। चीन द्वारा ताइवान के पास बड़े पैमाने पर युद्धाभ्यास किए जाने के लगभग एक सप्ताह बाद अमेरिका और कनाडा के युद्धपोत रविवार को ताइवान जलडमरूमध्य से गुजरे। चीन ताइवान को अपना क्षेत्र बताता है। अमेरिकी नौसेना के 7वें बेड़े ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि सभी देशों के लिए नौवहन की स्वतंत्रता के सिद्धांत को कायम रखने के लिए विध्वंसक पोत यूएसएस हिगिंस और कनाडाई युद्धपोत एचएमसीएस वैंकूवर ताइवान जलडमरूमध्य से नियमित रूप से गुजरे। अमेरिकी नौसेना के पोत चीन को ताइवान से अलग करने वाले संवेदनशील जलमार्ग से नियमित रूप से गुजरते हैं। ऐसे में कभी-कभी अमेरिका के मित्र देशों के पोत भी उसके साथ होते हैं। चीन ने अमेरिका और कनाडा के इस संयुक्त युद्धाभ्यास की निंदा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि ताइवान का मुद्दा नौवहन की स्वतंत्रता के बारे में नहीं है बल्कि यह चीन की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता से संबंधित है। चीन किसी भी देश द्वारा नौवहन की स्वतंत्रता के नाम पर चीन की संप्रभुता और सुरक्षा को खतरा पैदा करने या उकसावे की कार्रवाई किए जाने का कड़ा विरोध करता है।

# इजराइल ने तीन सैनिकों की मौत पर अफसोस जताया

यरुशलम। इजराइल की सेना ने दक्षिणी लेबनान में एक दिन पहले हमले में तीन लेबनानी सैनिकों के मारे जाने पर सोमवार को अफसोस जताते हुए कहा कि वह देश की सेना से नहीं लड़ रही है।

इजराइल ने कहा कि उसके सैनिकों को लगा कि वे आतंकवादी संगठन हिजबुल्ला के वाहन को निशाना बना रहे थे। गाजा में हमास के शीर्ष नेता याह्या सिनवार के मारे जाने के बाद पिछले हफ्ते हिजबुल्ला ने कहा कि वह हमलावर इजराइली सैनिकों के खिलाफ अपनी लड़ाई में एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है। सिनवार पिछले साल सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल पर हमले का मुख्य साजिशकर्ता था, जिसके बाद भीषण जंग शुरु हुई थी। इजराइल के सहयोगी देशों, गाजा के निवासियों और अन्य ने आशा व्यक्त की है कि सिनवार के मारे जाने से युद्ध की समाप्ति का मार्ग प्रशस्त होगा, लेकिन इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और हमास दोनों ने अपने लक्ष्य प्राप्त होने तक लड़ाई जारी रखने का संकल्प जताया है। नेतन्याहू ने हमास को खत्म करने और समूह द्वारा बंधक बनाए गए दर्जनों लोगों को मुक्त कराने का वादा किया है।

# भाजपा किसानों की सबसे बड़ी दुश्मन

## महाराष्ट्र की जनता महापरिवर्तन के लिए तैयार : खरगे



नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महाराष्ट्र के किसानों की सबसे बड़ी दुश्मन है तथा राज्य की जनता महापरिवर्तन के लिए तैयार है।

महाराष्ट्र में सभी 288 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को मतदान होना है। मतगणना 23 नवंबर को होगी। खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, भाजपा, महाराष्ट्र के किसानों की सबसे बड़ी दुश्मन है। 20,000 किसानों ने आत्महत्या की, खेती में धन आवंटन की भारी कटौती की गई, 20,000 करोड़ रुपये के जलग्रिड का वादा झूठा निकला, महाराष्ट्र को सूखा मुक्त बनाने का वादा जुमला है, अन्नदाता को मुआवजा देने से इनकार कर दिया गया, लेकिन बीमा कंपनियों पर 8000 करोड़ रुपये की बौछार की गई। उन्होंने दावा किया कि निर्यात प्रतिबंध और अत्यधिक निर्यात शुल्क से प्याज़ और सोयाबीन किसानों पर बोझ पड़ा है तथा कपास और गन्ने के उत्पादन में ज़बरदस्त गिरावट से किसान बेहाल हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र ने तय किया है कि भाजपा की डबल इंजन सरकार को सत्ता से हटाकर ही किसानों का भला होगा। महाराष्ट्र मांगे महापरिवर्तन।

# पाकिस्तान में 64 साल बाद किया जा रहा हिंदू मंदिर का जीर्णोद्धार

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक हिंदू मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए एक करोड़ पाकिस्तानी रुपये का बजट आवंटित किया गया है जिससे इस मंदिर के जर्जर होने के 64 साल बाद इसके जीर्णोद्धार का पहला चरण शुरू होगा। मीडिया में आयी एक खबर में सोमवार को यह जानकारी दी गयी।

डॉन न्यूज की खबर के अनुसार, पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के पूजा स्थलों की देखरेख करने वाली संघीय संस्था इवेक्यूई ट्रस्ट प्रोपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) ने पंजाब में रावी नदी के पश्चिमी तट पर स्थित नारोवाल शहर के जफरवाल नगर में बावली साहिब मंदिर का निर्माण शुरू कर दिया है। यह मंदिर 1960 में जर्जर हो गया था। अभी नारोवाल जिले में कोई हिंदू मंदिर नहीं है जिससे हिंदू समुदाय को धार्मिक अनुष्ठान घर पर ही करने पड़ते हैं या उसके लिए सियालकोट और लाहौर के मंदिरों में जाना पड़ता है। पाक धर्मस्थान कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रतन लाल आर्या ने कहा कि बावली साहिब मंदिर पर ईटीपीबी के नियंत्रण के कारण वह जर्जर हो गया और नारोवाल में 1,453 से अधिक हिंदू पूजा स्थल से वंचित हो गए।

# धर्मेंद्र प्रधान स्कूली शिक्षा व अनुसंधान सहयोग पर की चर्चा



नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मुलाकात की। इस दौरान प्रधान और वोंग ने दोनों देशों के बीच स्कूली शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने और इसका विस्तार करने पर चर्चा की।

यहां जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, दोनों नेताओं की बातचीत तीन आधार स्तंभो प्रतिभा, संसाधन और बाजार के जरिये साझेदारी को मजबूत करने पर केंद्रित रही। विज्ञप्ति के मुताबिक, प्रधान ने जोर दिया कि भारत, सिंगापुर को भरोसेमंद ज्ञान साझेदार के तौर पर देखता है, खासतौर पर गहन प्रौद्योगिकी, स्टार्टअप और नवोन्मेष पारिस्थितिकी के क्षेत्र में। इसमें कहा गया, शिक्षा मंत्री ने रेखांकित किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके सिंगापुर के समकक्ष ने भारत-सिंगापुर सहयोग को एक व्यापक साझेदारी में बदलने के लिए एक मजबूत रूपरेखा तैयार की है, जिसमें महत्वपूर्ण और उभरते क्षेत्रों में सहयोग भी शामिल है। इससे पहले प्रधान ने दिन में सिंगापुर के अपने समकक्ष चान चुआन सिंग से मुलाकात की और शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के तौर तरीकों पर चर्चा की। प्रधान ने भारत की शिक्षा प्रणाली के अंतरराष्ट्रीयकरण को सुविधाजनक बनाने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के महत्व को रेखांकित किया। दोनों मंत्रियों ने विदेश में इंटर्नशिप कार्यक्रमों पर चर्चा की ताकि भारतीय छात्रों को सिंगापुर की कंपनियों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने की सहूलियत मिल सके।

# दिल्ली में वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में पहुंची

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में सोमवार को धुंध की एक परत छाई रही और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) इस मौसम में पहली बार बहुत खराब श्रेणी में पहुंचा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 307 रहा, जबकि आनंद विहार सबसे ज्यादा प्रभावित रहा, जहां एक्यूआई 361 रहा। शून्य से 50 के बीच का एक्यूआई अच्छा माना जाता है। एक्यूआई 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

# पुरी और सागर द्वीप से गुजरेगा भीषण चक्रवाती तूफान



भुवनेश्वर। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना निम्न दबाव का क्षेत्र सोमवार को और मजबूत हो गया और 23 अक्टूबर तक इसके चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की आशंका है जो ओडिशा के पुरी तथा पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप के बीच से गुजरेगा।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अपने नवीनतम संदेश में कहा है कि मौसम की यह प्रणाली अपनी गति जारी रखते हुए 24 अक्टूबर की रात और 25 अक्टूबर की सुबह के समय एक गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में पुरी और सागर द्वीप के बीच उत्तरी ओडिशा तथा पश्चिम बंगाल के तटों को पार कर सकती है, जिसकी हवा की गति 100-110 किमी प्रति घंटा से लेकर 120 किमी प्रति घंटा तक हो सकती है। राष्ट्रीय मौसम एजेंसी ने कहा कि बंगाल की खाड़ी और उससे सटे अंडमान सागर के ऊपर बना निम्न दबाव का क्षेत्र पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ गया है तथा सोमवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे यह बंगाल की खाड़ी के पूर्व-मध्य क्षेत्र के ऊपर एक सुस्पष्ट निम्न दबाव वाले क्षेत्र के रूप में स्थित था। आईएमडी ने कहा कि इसके पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ने तथा 22 अक्टूबर की सुबह तक दबाव के क्षेत्र में तब्दील होने तथा 23 अक्टूबर तक पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की पूरी संभावना है। इसके बाद, इसके उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ने तथा 24 अक्टूबर की सुबह तक ओडिशा-पश्चिम बंगाल के तटों के पास उत्तरपश्चिम बंगाल की खाड़ी तक पहुंचने की पूरी आशंका है। आईएमडी ने मछुआरों को सोमवार शाम तक किनारे पर लौट आने और 26 अक्टूबर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी है। चक्रवाती तूफान का सबसे ज़्यादा असर ओडिशा पर पड़ने की संभावना है।

### इंटरटेनमेंट...

# दीपिका व कटरीना 'रईस' की पहली पसंद



**मुंबई।** पाकिस्तानी एक्ट्रेस माहिरा खान ने साल 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'रईस' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। फिल्म में माहिरा को शाहरुख खान के अपोजिट लीड रोल में कास्ट किया गया था। हालांकि, माहिरा से पहले इस रोल के लिए मेकर्स ने दीपिका पादुकोण, करीना कपूर और अनुष्का शर्मा जैसी एक्ट्रेसेस को भी अप्रोच किया था।

हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में फिल्म के डायरेक्टर राहुल ढोलकिया ने बताया कि इतनी बड़ी एक्ट्रेसेस को अप्रोच करने के बाद माहिरा को इस रोल में क्यों कास्ट किया गया। 'कई एक्ट्रेसेस की फीस बहुत ज्यादा थी' कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा के पॉडकास्ट में राहुल ने यह किस्सा शेयर किया। राहुल ने कहा- 'हम फिल्म में एक ऐसी एक्ट्रेस को कास्ट करना चाहते थे जो 80 के दशक की मुस्लिम लड़की का किरदार निभा सके। 30 की उम्र में अच्छी हिंदी बोलती हो और थोड़ी उर्दू भी जानती हो। इस रोल के लिए हमने दीपिका पादुकोण, करीना कपूर और अनुष्का शर्मा जैसी एक्ट्रेसेस को अप्रोच किया था लेकिन उनकी फीस बहुत ज्यादा थी। 'सोनम और कटरीना के नाम पर भी विचार किया गया' राहुल ने आगे कहा, 'हमने सोनम कपूर और कैटरीना कैफ के नाम पर भी विचार किया पर वो इस किरदार के लिए फिट नहीं थीं। हमें शाहरुख की एज से मैच करती एक्ट्रेस को भी कास्ट करना था। ऐसे में हम एक मासूम चेहरे वाली लेकिन मैच्योर एक्ट्रेस ढूंढ रहे थे। पता चला उस दिन माहिरा मुंबई में ही थीं इसी बीच शाहरुख की वाइफ गौरी की मां और मेरी मां, दोनों ने अलग-अलग मुझे माहिरा का नाम सजेस्ट किया। दोनों ने माहिरा के पाकिस्तानी शोज देखे हुए थे।

# धर्मा प्रोडक्शंस में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेंगे अदार पूनावाला : करण जौहर



**मुंबई।** इस डील के बाद करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शन्स में करीब 50% हिस्सेदारी बचेगी। अदार पूनावाला की सेरेन प्रोडक्शंस करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस और धर्माटिक एंटरटेनमेंट में 50% हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। ये डील 1,000 करोड़ रुपए में होगी। आज यानी, सोमवार (21 अक्टूबर) को कंपनी ने इसकी जानकारी दी।

इस डील के बाद करण जौहर की धर्मा में करीब 50% हिस्सेदारी बचेगी। अभी जौहर के पास धर्मा की 90.7% और उनकी मां हीरू के पास 9.24% हिस्सेदारी है। डील के बाद भी करण जौहर कंपनी के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन बने रहेंगे। अपूर्व मेहता भी उएड बने रहेंगे। इस कोलेबोरेशन का मकसद भारत की तेजी से बदलती एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में एडवांस्ड टेक्नोलॉजीज और प्रोडक्शन मेथड को इंटीग्रेट करके कंटेंट क्रिएशन, डिस्ट्रीब्यूशन और ऑडियंस एंगेजमेंट को ट्रांसफॉर्म करना है। पूनावाला का निवेश धर्मा को फाइनेंशियली मजबूत करेगा।

इस पार्टनरशिप पर करण जौहर ने कहा- 'धर्मा हमेशा दिल को छू लेने वाली स्टोरी-टेलिंग के लिए जाना जाता है।

# रेमो व उनकी पत्नी समेत पांच लोगों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज



मुंबई। फेमस डायरेक्टर-कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा और उनकी पत्नी लिजेल डिसूजा समेत पांच अन्य लोगों के खिलाफ मुंबई पुलिस ने चीटिंग का मामला दर्ज किया है।

अब इस मामले में सोमवार को रेमो डिसूजा एंटरटेनमेंट (आरडीइपीएल) की ओर से प्रेस नोट जारी किया गया, जिसमें कहा है कि ये सभी खबरें झूठी हैं। आरडीइपीएल का इससे लेना देना नहीं है। हम जांच एजेंसी के साथ सहयोग करेंगे और जरूरत पड़ने पर सभी दस्तावेज पेश करेंगे। कंपनी की ओर से कहा गया है कि हमें पता चला है कि मीरा रोड पुलिस स्टेशन में वीर गोविंदम नवरोत्तम की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई है, जिसमें आरडीइपीएल समेत सात लोगों के नाम शामिल हैं। इसके अलावा शिकायतकर्ता ने उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की है, जिसमें उन्होंने कहा है कि पुलिस उनकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं कर रही है।

# एकता कपूर व उनकी मां पर लगा पॉक्सो



मुंबई। बॉलीवुड और टीवी सीरियल की प्रोड्यूसर एकता कपूर और उनकी मां शोभा कपूर के खिलाफ मुंबई में पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज हुआ है। यह केस ओटीटी प्लेटफॉर्म 'ऑल्ट बालाजी' की वेब सीरीज 'गंदी बात' के सीजन 6 से जुड़ा है।

एकता और उनकी मां पर आरोप है कि उन्होंने इस वेब सीरीज में नाबालिग लड़कियों के आपत्तिजनक सीन्स फिल्माए थे। हालांकि ये विवादित एपिसोड इस एप पर फिलहाल स्ट्रीम नहीं हो रहा है। एकता ने साल 2017 में ओटीटी एप ऑल्ट बालाजी की शुरूआत की थी। मुंबई के एक शख्स ने एफआईआर कराई, महापुरुषों और संतों के अपमान का भी आरोप मुंबई के बोरिवली स्थित एमएचबी पुलिस थाने में एक स्थानीय नागरिक ने ऑल्ट बालाजी की पूर्व निमार्ता एकता और उनकी मां शोभा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाए हैं कि सीरीज के एक एपिसोड में पॉक्सो एक्ट के नियमों का उल्लंघन करने वाले कुछ सीन दिखाए गए थे।

इसके साथ ही वेब सीरीज में सिगरेट के विज्ञापन का इस्तेमाल करते हुए महापुरुषों और संतों का अपमान किया गया। इसकी वजह से शिकायतकर्ता की भावनाओं को ठेस भी पहुंची। इस तरह सीरीज में पॉक्सो एक्ट के अलावा एक्ट 2000, वुमन प्रोहिबिशन एक्ट 1986 और सिगरेट्स-अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 जैसे कानूनों का उल्लंघन किया गया है। एकता और शोभा ने नहीं दिया रिएक्शन हालांकि अभी तक इस मामले में एकता कपूर या शोभा कपूर की ओर से कोई बयान नहीं आया है। हाल ही में बच्चों पर बनने वाली अश्लील फिल्मों पर अदालत की हुई टिप्पणी के बाद इन दोनों के खिलाफ ये मामला दर्ज किया गया है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com